डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

पेज 12

ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 08, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), शुक्रवार, 14 जून 2024, वर्ष-30, अंक-236, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नः आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com



राजनाथ सिंह ने दूसरी बार संभाला रक्षा मंत्री का...

**संसेक्स**
76,810.90 ↑ +204.33

**डॉलर**
83.543 ↑ +0.053

**पलामू सर्राफा**
10 ग्राम 71,480
01 किलो 88,720

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर 72094 53444 पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 72094 03444 संपर्क करें।

### झारखंड मंत्रालय में सीएम चम्पाई सोरेन ने तीसरे दिन भी की उच्चस्तरीय बैठक

# राज्य में 35 हजार पदों पर जल्द होगी बहाली : चंपाई

- झारखंड और उत्पाद विभाग में पांच हजार से अधिक जवानों की होगी नियुक्ति
- जेएसएससी को पूरी प्रक्रिया सितंबर महीने तक पूरी करने का निर्देश
- प्रतियोगिता परीक्षाओं के आयोजन में पूरी गोपनीयता और पारदर्शिता बरतने का निर्देश

### पेपर लीक का मामला सामने आने पर होगी कड़ी कार्रवाई

ब्यूरो रिपोर्ट

**रांची।** साल के अंत में नवबंर-दिसबंर में राज्य विधानसभा का चुनाव होना तय है। इसको लेकर अकटूबर के मध्य या अंतिम सप्ताह तक आचार संहिता लग सकता है। उसके पहले राज्य की चंपाई सरकार अधिक से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी देने की योजना बना रही है। झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) इस कार्य में जुटा है और सितंबर माह तक 35 हजार युवाओं को नौकरी देने का लक्ष्य रखा गया है। इस के आलावे झारखंड पुलिस और उत्पाद विभाग में पांच हजार के अधिक कांस्टेबल की नियुक्ति की जाएगी।

**25 हजार से अधिक शिक्षकों की बहाली :** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने गुरूवार को तीसरे दिन कई सरकारी विभागों में रिक्त पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया तेज करने को लेकर वरीय अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक की। मुख्यमंत्री ने इस दौरान चयन प्रक्रिया को समय सीमा के अंदर पूरी करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने बैठक में झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) द्वारा आयोजित होने वाली विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षाओं की जानकारी ली। जेएसएससी अध्यक्ष प्रशांत कुमार ने मुख्यमंत्री को बताया कि आयोग की ओर से लगभग 35 हजार पदों के लिए नियुक्ति प्रक्रिया चल रही है। इसमें स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षक प्रतियोगिता परीक्षा के 1868 पद, झारखंड डिप्लोमा स्तर संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा के 153 पद, झारखंड नगर पालिका सेवा संवर्ग संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा के 921 पद, झारखंड औद्योगिक प्रशिक्षण सेवा के विभिन्न व्यवसायों में प्रशिक्षण अधिकारी प्रतियोगिता परीक्षा के 904 पद, झारखंड प्रारंभिक विद्यालय प्रशिक्षित सहायक आचार्य संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा इंटरमीडिएट स्तर के 11 हजार पद, झारखंड प्रारंभिक विद्यालय प्रशिक्षित सहायक आचार्य संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा स्नातक स्तर के 15001 पद, महिला पर्यवेक्षिका प्रतियोगिता परीक्षा के 488 पद, झारखंड सामान्य स्नातक योग्यता धारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा के 2025 पद और झारखंड पारा मेडिकल संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा के 2532 पदों के लिए नियुक्ति प्रक्रिया चल रही है । मुख्यमंत्री ने इन सभी प्रतियोगिता परीक्षाओं की चयन प्रक्रिया सितंबर महीने तक पूरी कर लेने का निर्देश दिया।

**नियुक्तियों को लेकर कोई भी अनियमितता बर्दाश्त नहीं :** मुख्यमंत्री ने कहा कि जेएसएससी द्वारा जो भी प्रतियोगिता परीक्षाओं का आयोजन हो, उसमें पूरी गोपनीयता और पारदर्शिता बरती जानी चाहिए। इसमें किसी भी तरह की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अगर पेपर लीक जैसी घटनाएं होती है तो जो भी दोषी पाए जाएंगे दोषी उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस उच्च स्तरीय बैठक में मुख्य सचिव एल०खियांग्ते, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, प्रधान सचिव वंदना दादेल, पुलिस महानिदेशक अजय कुमार सिंह, झारखंड कर्मचारी चयन आयोग के अध्यक्ष प्रशांत कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव अरवा राजकमल, एडीजी आरके मलिक, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव उमाशंकर सिंह और कार्मिक विभाग के पदाधिकारी उपस्थित रहे।



### 4919 झारखंड पुलिस और 580 उत्पाद पुलिस की होगी नियुक्ति

मुख्यमंत्री ने पुलिस महानिदेशक और जेएसएससी के अध्यक्ष से कहा कि झारखंड उत्पाद आरक्षी प्रतियोगिता परीक्षा के जरिए 580 पद और झारखंड आरक्षी प्रतियोगिता परीक्षा के 4919 पदों पर प्रक्रिया अविलंब शुरू की जाय। पुलिस महानिदेशक ने बताया कि झारखंड उत्पाद आरक्षी प्रतियोगिता परीक्षा के अभ्यर्थियों का शारीरिक दक्षता परीक्षण इसी माह शुरू हो जाएगा। इसकी प्रक्रिया पूरी होने पर सफल अभ्यर्थियों की सूची जेएसएससी को उपलब्ध करा दी जाएगी।

### अन्य विभागों में खाली पड़े पद जल्द से जल्द भरें

मुख्यमंत्री ने कहा कि युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। ऐसे में सरकारी विभागों में जो भी रिक्तियां हैं और जिन पदों पर नियुक्ति की जानी है, उसकी चयन प्रक्रिया जल्द से जल्द शुरू की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी नियुक्तियों में सरकार की नियुक्ति नियमावली और रोस्टर का पालन होना चाहिए।

## राज्य में पेसा कानून जल्द करेंगे लागू : सीएम

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** राज्य में पेसा नियमावली लागू किए जाने की कवायद तेज हो चुकी है। झारखंड मंत्रालय में मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने पंचायती राज विभाग के अधिकारियों के साथ इसकी समीक्षा की । पंचायती विभाग ने ‟पेसा- एक परिचय एवं रोड मैप" विषय पर पॉवर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रस्तुतिकरण दी । मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को कई महत्त्वपूर्ण दिशा-निर्देश भी दिए। समीक्षा के क्रम में मुख्यमंत्री एवं अधिकारियों के बीच राज्य में शीघ्र पेसा कानून लागू करने को लेकर कई अहम बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। मौके पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि झारखंड में एक बेहतर पेसा नियमावली बने यह हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है। मौके पर मंत्री दीपक बिरुवा, मुख्य सचिव एल० खियांग्ते, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव अविनाश कुमार, पंचायती राज विभाग के प्रधान सचिव विनय कुमार चौबे, मुख्यमंत्री के सचिव अरवा राजकमल, अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के सचिव कृपानंद झा, निदेशक पंचायती राज निशा उरांव सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## पेट्रोल पंप में रिसाव से हैंडपंप में लगी आग, 4 झुलसे

नवीन मेल संवाददाता



**छतरपुर।** जिले के छतरपुर थाना क्षेत्र में एनएच 98 से सटे महिन्द्रा एग्रो पेट्रोल पंप में रिसाव होने से गुरुवार दोपहर वहां एक हैंडपंप की मरम्मत के दौरान आग लग जाने से चार लोग झुलस गए। छतरपुर अनुमंडलीय अस्पताल में शुरूआती इलाज के बाद सभी को एमआरएमसीएच रेफर कर दिया गया है। पेट्रोल पंप में दो माह से लिकेज की स्थिति बनी हुई थी। जिस जगह घटना हुई, वह सघन आबादी एवं एनएच 98 फोरलेन से सटा हुआ है। पेट्रोल पंप से सटे संजय साहू के घर में हैंडपंप की मरम्मत की जा रही थी। मोटर डाला गया था। जैसे ही मोटर स्टार्ट किया गया। आग लग गयी। इस क्रम में मकान मालिक पिता पुत्र समेत चार लोग जख्मी हो गए। जख्मी लोगों में पड़ोस के गैराज मिस्त्री मंसुर अंसारी (30 वर्ष), घर मालिक संजय साव (40 वर्ष) उसका पुत्र प्रिंस कुमार (18 वर्ष), पड़ोसी कुंदन यादव (25 वर्ष) शामिल हैं। संजय का कहना है कि पंप पर लिकेज होने के कारण दो महीने पहले से गंध आ रहा था। उस वक्त बोरिंग करा कर छोड़ दिया गया था। उसे लगा कि अब ठीक हो गया होगा। इस वजह से बोर में मोटर डाला था। उसे थोड़ा भी अंदाजा नहीं था कि ऐसी स्थिति बन जायेगी। कई बार पेट्रोल पंप मालिक को लिकेज ठीक करने का आग्रह किया था, बावजूद ध्यान नहीं दिया गया। घटना से आसपास के घरों के लोगों में दहशत का माहौल है। बताया जाता है कि पेट्रोल पंप मालिक उमाकांत जायसवाल उर्फ मुन्ना द्वारा आसपास के लोगों को इसकी सूचना पूर्व में दे दी गई थी कि पेट्रोल पंप का पेट्रोल का टैंक लिक हो गया है। इससे रिसाव हो रहा है। आसपास के हैंडपंप का पानी पीने व अन्य उपयोग लायक नहीं रह गया है। इसके बावजूद हैंडपंप में मोटर डाला जा रहा था। इस बीच अचानक हैंडपंप से आग निकली व चार युवकों का पैर झुलस गया।

## सुप्रीम कोर्ट ने नीट की काउंसलिंग पर रोक लगाने से किया इनकार

### 563 छात्रों के ग्रेस मार्क्स रद्द, 23 जून को परीक्षा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** नीट-यूजी 2024 परीक्षा के रिजल्ट पर विवाद में गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में धांधली को लेकर दायर तीन याचिकाओं पर सुनवाई हुई। इसमें नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने नीट में ग्रेस मार्क्स वाले उम्मीदवारों को दोबारा परीक्षा देने का विकल्प दिया है। इस फैसले के बाद अब 1563 छात्रों को दोबारा परीक्षा देनी होगी। उनका स्कोर कार्ड रद्द कर दिया गया है। उनको फिर से 23 जून को परीक्षा देनी होगी और रिजल्ट 30 जून को आएगा। वहीं, सुप्रीम कोर्ट ने नीट काउंसलिंग पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। परीक्षा में उम्मीदवारों को दिए गए ग्रेस मार्क्स पर अदालत में गुरुवार को दलीलें पेश की गईं। जिन उम्मीदवारों को ग्रेस मार्क्स दिए गए, उनको अब ओरिजिनल मार्क ही दिया जाएगा। उनके पास ओरिजिनल मार्क्स रखने या फिर से परीक्षा देने का ऑप्शन है। अदालत ने याचिकाकर्ताओं से कहा कि एनटीए ने आपकी बात मान ली है और वह ग्रेस शेष पृष्ठ 11 पर

## एक नजर

### हेमंत सोरेन के जमानत पर आदेश सुरक्षित



**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में गुरुवार को न्यायमूर्ति रंगन मुखोपाध्याय की अदालत में बरियातू के बड़गाई में 8.86 एकड़ जमीन घोटाला मामले में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। कोर्ट ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया।

### डोभाल तीसरी बार बने एनएसए, मिश्रा बने रहेंगे पीएम के प्रधान सचिव



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल में भी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) के पद पर अजीत डोभाल ही बने रहेंगे। कैबिनेट की नियुक्ति मामलों की समिति ने उनकी नियुक्ति को मंजूरी प्रदान की। वे प्रधानमंत्री मोदी के पहले और दूसरे कार्यकाल में भी एनएसए थे। प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव पीके मिश्रा (आईएएस सेवानिवृत्त) और एनएसए अजीत डोभाल (आईपीएस सेवानिवृत्त) दोनों के नामों को गुरुवार को मंजूरी मिली है। दोनों को कैबिनेट मंत्री का दर्जा प्राप्त होगा। दोनों की नियुक्ति 10 जून से प्रधानमंत्री के कार्यकाल के साथ-साथ या अगले आदेश तक के लिए होगी। अमित खरे (आईएएस सेवानिवृत्त) प्रधानमंत्री मोदी के सलाहकार बने रहेंगे। वहीं, तरुण कपूर (आईएएस सेवानिवृत्त) को दो साल की अवधि के लिए केंद्र सरकार के सचिव पद और प्रधानमंत्री कार्यालय में सलाहकार के रूप में नियुक्त किया गया है।

## आज कल




## भागवत का गोरखपुर में पांच दिनी प्रवास, योगी भी पहुंचेंगे

-ब्यूरो

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक मोहन भागवत ने 10 जून को नागपुर में संघ प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए जो भी कहा, उस पर भाजपा की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। जबकि, इसकी चर्चा देश से लेकर विदेश तक में हो रही है। संघ प्रमुख ने पहली बार भाजपा के नेताओं के कुछ बयानों पर जो भी कुछ कहा, उसको लेकर भाजपा के अंदर चिंता और चिंतन होना स्वाभाविक है। मई में लोकसभा चुनाव का पांचवां चरण खत्म हो जाने के बाद जिस तरह से भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने इंडियन एक्सप्रेस को दिए साक्षात्कार में संघ के बारे में कहा कि भाजपा को अब संघ के सहारे की जरूरत नहीं है। अब भाजपा सक्षम हो गई है। उसी के बाद 10 जून को मोहन भागवत ने नागपुर में संघ के एक कार्यक्रम में कई बातें कही। इसके बाद 12 जून को पांच दिवसीय प्रवास पर गोरखपुर पहुंचे। इसके बाद वे सरस्वती विद्या मंदिर, चिउटहा गए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी गोरखपुर पहुंचेंगे। सीएम योगी 14 या 15 जून को मोहन भागवत से मुलाकात कर सकते हैं। जिला प्रशासन की तरफ से 4 जून को भी मोहन भागवत का गोरखपुर आने का कार्यक्रम तय था, लेकिन वे नहीं जा सके थे। अब कार्यकर्ता विकास वर्ग कार्यक्रम में भाग लेने आए हैं। संघ के पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र में कानपुर, गोरक्ष, अवध व काशी प्रांत शामिल हैं। इस शेष पृष्ठ 11 पर

### पेमा खांडू तीसरी बार बने अरुणाचल के सीएम



**इटानगर।** राज्यपाल केटी परनाइक ने अरुणाचल प्रदेश के 11वें मुख्यमंत्री के रूप में भाजपा नेता पेमा खांडू को गुरुवार को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। इसके साथ ही राज्यपाल परनायक ने 11 विधायकों को भी मंत्री पद की शपथ दिलाई। पेमा खांडू तीसरी बार राज्य के मुख्यमंत्री और चोना मीन को फिर से उपमुख्यमंत्री बनाया गया है।

## बिहार व झारखंड में विस चुनाव लड़ सकती है आप

### - सीट बंटवारे का फॉमूर्ला तय होने के बाद ही अपनी सीटों का खुलासा करेगी

-आरपी सिंह

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) बिहार व झारखंड में भी विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए सर्वे करा रही है। 'आप' का मानना है कि दिल्ली में लोकसभा सीटें तभी जीती जा सकती हैं, जब हिंदी पट्टी के कुछ राज्यों में पकड़ बने। लोकसभा चुनाव के दौरान स्कूलों में गर्मी की छुट्टी में बच्चों को लेकर या शादी वगैरह होने के कारण बहुत से पूरबीहा लोग दिल्ली से अपने गांव चले जाते हैं। लौटते हैं एक माह बाद। तब तक लोकसभा चुनाव खत्म हो जाता है। यदि दिल्ली और बिहार, झारखंड में भी लोकसभा चुनाव की तिथि एक ही हो, तब तो अपने गांव गए दिल्ली वाले वापस आ ही नहीं पाते। इसको देखते हुए आम आदमी पार्टी अपनी पार्टी का फैलाव बिहार व झारखंड में भी करने की योजना तैयार करने लगी है। आम आदमी पार्टी बिहार में प्रशांत किशोर से ज्यादा व जल्दी पकड़ बना सकती है। झारखंड में भी धीरे- धीरे असर बढ़ा सकती है। इस बारे में आम आदमी पार्टी के नेता व राज्यसभा सदस्य संजय कुमार सिंह का कहना है- बिहार में हमारी पार्टी अगला विधानसभा चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही है। आम आदमी पार्टी बिहार में चुनाव लड़ेगी यह तय है। लेकिन, कितने सीटों पर लड़ेगी, यह हम लोग बाद में तय करके बताएंगे। अब तक यह स्पष्ट है कि हम लोग बिहार में चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे हैं। संजय सिंह का कहना है कि बिहार में इंडी गठबंधन में सीट बंटवारे का फॉमूर्ला तय होने के बाद ही 'आप' अपनी सीटों का खुलासा करेगी। यदि बात बनी तो झारखंड में भी आगामी विस चुनाव में कुछ सीट पर लड़ सकती है।

## इंडिया



सुनील बादल

*आम लोग जो उतना घूस नहीं दे सकते अपने जनप्रनिधियों से पैरवी कराते हैं पर यह कोटा भी सीमित होता है जिस कारण चुनावी वायदा बन जाता है।*

## सरकार सख्त है पर म्यूटेशन करने वाले भ्रष्ट और निडर हैं

भारखंड के आम लोगों की सबसे बड़ी समस्याओं में से एक संपत्ति का म्यूटेशन यानी दाखिल खारिज कराने की है जिसके बिना संपत्ति पर नाजायज कब्जे का डर बना रहता है। जमीन की खरीद बिक्री यहां एक बड़े उद्योग का रूप ले चुका है और सबसे अधिक हत्याएं इसी के विवाद के कारण होती हैं। राज्य में कहावत प्रसिद्ध है कि म्यूटेशन दो ही तरीके से संभव है बड़ी पैरवी या मुंह मांगे पैसे से तीसरा कोई रास्ता नहीं । जमीन की हेराफेरी और व्यवसाय करने वाले लोगों ने तुरंत और आदिवासी जमीन तक का म्यूटेशन बिना बाधा काम कराने के लिए अनाप शनाप रेट देना शुरू किया जिससे चढ़ावे का रेट हाई होता चला गया। आम लोग जो उतना घूस नहीं दे सकते अपने जनप्रनिधियों से पैरवी कराते हैं पर यह कोटा भी सीमित होता है जिस कारण चुनावी वायदा बन जाता है । सदियों पुरानी इस मायाजाल को तोड़ने के लिए मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने परसों समीक्षा बैठक के पहले दिन अधिकारियों को सख्त निर्देश दिया कि 90 दिनों के अंदर दाखिल खारिज नहीं करने वाले अंचलाधिकारियों पर कठोर कार्रवाई करें ।जमीन के ऑनलाइन रिकॉर्ड में शून्य दिखाने और म्यूटेशन के मामले मीडिया की चर्चा के अलावा विधानसभा तक में उठता रहा है पर अंचल स्तर का भ्रष्ट तंत्र अभी तक इसकी परवाह नहीं करता रहा है।

राज्य में जमीन की खरीद बिक्री में पारदर्शिता लाने की पहल के तौर पर पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 2 दिसंबर 22 को कहा था कि जमीन की खरीद-बिक्री में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकार ने कई कदम उठाए हैं। सुओ-मोटो आनलाइन म्युटेशन प्रक्रिया का शुभारंभ भी उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है ।जमीन खरीद-बिक्री हेतु रजिस्?ट्रेशन, दाखिल-खारिज, रसीद कटने से लेकर रजिस्टर पंजी-2 तक की प्रक्रिया से गुजरना पड़ता है। कई बार ये प्रक्रियाएं आम जनता के लिए काफी जटिल हो जाती हैं। राज्य सरकार का प्रयास आम जनता को सरल और सुलभ व्यवस्था उपलब्ध कराना है ।तीन साल पहले जमशेदपुर में घोषणा हुई थी जमीन का म्यूटेशन (दाखिल-खारिज) से संबंधित आवेदन को एक माह (30 दिन) से ज्यादा समय तक रोकने पर अंचलाधिकारी (सीओ) से जुमार्ना की वसूली की जाएगी। साथ ही अपील पदाधिकारी मसलन डीसीएलआर व एडीसी भी अगर आवेदन के निपटारे में विलंब करते हैं तो उन्हें भी जुमार्ना का भुगतान करना पड़ेगा ।निबंधन, राजस्व व भूमि सुधार विभाग ने रैयतदारों को राहत देने के लिए झारखंड सेवा गारंटी अधिनियम -2011 को सख्ती से लागू करने का फैसला किया है। इस संबंध में विभाग के तत्कालीन अपर सचिव सुमन कैथरिन किस्पोट्टा ने राज्य के सभी उपायुक्त को पत्र लिखकर विभागीय फैसले का पालन कराने का आग्रह किया था ।झारखंड सेवा गारंटी अधिनियम के तहत म्यूटेशन के आवेदन का निपटारा 30 दिन के अंदर करना था । म्यूटेशन के आवेदन के आधार पर जारी होने वाले नोटिस के बाद अगर किसी व्यक्ति द्वारा आपत्ति दर्ज की जाती है तो वैसी स्थिति में सीओ अधिकतम 90 दिन तक आवेदन को लंबित रख सकते थे । इस अवधि में जमीन का म्यूटेशन किया जाएगा अथवा आवेदन को निरस्त कर दिया जाएगा। म्यूटेशन से संबंधित आदेश जारी किए जाने के तीन दिनों के अंदर ही आवेदक को पर्ची उपलब्ध कराने का भी प्रावधान लागू किया गया था।



यदि डीसीएलआर आवेदन को खारिज कर देते हैं तो संबंधित व्यक्ति द्वितीय अपील पदाधिकारी एडीसी के पास आवेदन कर सकते हैं। एडीसी को भी 30 दिन के भीतर हर हाल में आवेदन का निष्पादन करना था।अंचलाधिकारी कार्यालय द्वारा आवेदन को निरस्त किए जाने के बाद आवेदक भूमि सुधार उप समाहर्ता (डीसीएलआर) के यहां अपील कर सकते थे। डीसीएलआर को 30 दिन के अंदर आवेदन का निपटारा करना था। डीसी करेंगे जुमार्ना की राशि का निर्धारण सीओ, डीसीएलआर व एडीसी निर्धारित समय पर म्यूटेशन से संबंधित मामलों का निपटारा नहीं करते हैं तो इनके वेतन से जुमार्ना की वसूली की जाएगी। जुमार्ना राशि सरकारी खजाने में जमा की जाएगी। जुमार्ना राशि के संबंध में अंतिम फैसला डीसी करेंगे। हालांकि विभाग की ओर से अलग- अलग स्तर पर भी जुमार्ना राशि निर्धारण का प्रावधान किया गया है। अगर सीओ ऑफिस निर्धारित अवधि में जमीन का म्यूटेशन नहीं करता है तो प्रथम अपीलीय पदाधिकारी डीसीएलआर 250 रुपए प्रतिदिन अथवा 500 से 5000 रुपए तक जुमार्ना लगा सकते थे। डीसीएलआर स्तर से विलंब होता है तो एडीसी और एडीसी स्तर पर विलंब होने की स्थिति में डीसी स्तर से जुमार्ना किया जाएगा ।उल्लेखनीय है कि तब राज्य में 62 हजार से ज्यादा मामले लंबित थे और अब झारखंड में म्यूटेशन के लाख से ऊपर मामले लंबित हैं। पूर्वी सिंहभूम जिले के 12 अंचलों में करीब 3500 मामले लंबित थे। अब संभावना कि मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन की पहल पर निबंधन, भूमि सुधार व राजस्व विभाग की ओर जारी आदेश के बाद लंबित मामलों की संख्या में कमी आएगी। पर देखना है आवेदन ऑनलाइन जमा करने के बाद उस पर आपत्ति दर्ज कर लटकाने की प्रवृति में सुधार होता है या नहीं?





## एक नजर

### बाराती वाहन पलटी कई घायल



**हुसैनाबाद।** जपला खड़ार पर से वापस नवीनगर के खीरी गांव की ओर जा रही बाराती गाड़ी पिकअप गुरुवार को अनियंत्रित होकर मलवारिया स्कूल के पास उत्तरी कोयल मुख्य नहर में पलट गई। पिकअप में सवार कई बाराती गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर आसपास के लोगों द्वारा सभी घायलों को नहर से निकाला गया। गाड़ी पर बक्सा पेटी सहित कई सामान लदा था व कई लोग उसमें बैठे थे। घटना का कारण हाई स्पीड व गाड़ी ओवर टेक करना बताया जा रहा है। सभी घायलों को बस से नवीनगर अस्पताल भेजा गया है।

### फांसी लगाकर युवक ने की आत्महत्या

**पाटन।** थाना क्षेत्र के बरसैता गांव निवासी गंगेश्वर सिंह का 29 वर्षीय पुत्र प्रमोद कुमार प्रेम प्रसंग में गुरुवार को अपने घर में फांसी लगा कर आत्महत्या कर लिया। घटना की जानकारी मिलने पर स्थानीय ग्रामीणों की भीड़ उसके घर पर उमड़ पड़ी। इसके बाद ग्रामीणों द्वारा इस घटना की जानकारी पाटन थाना की पुलिस को दी गई। जानकारी मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एमएमसीएच भेज दिया। घटना के बाद से पुलिस घटना से संबंधित मामले की छानबीन में जुट गई है।

### जमीनी विवाद में मारपीट, प्राथमिकी दर्ज

**मोहम्मदगंज।** थाना क्षेत्र के बिचलाडीह गांव में जमीन विवाद को लेकर हुई मारपीट को लेकर बुधवार की शाम प्राथमिकी दर्ज की गई है। थाना प्रभारी पंकज कुमार तिवारी ने बताया की तीन जून को बिचलाडीह गांव निवासी प्रवेश मेहता को दो सगे भाई अनिल मेहता व ललन मेहता ने जमीन विवाद में मारपीट कर घायल कर दिया था। घायल अवस्था में प्रवेश मेहता को सिंचाई नहर में फेंक दिया था। घायल प्रवेश मेहता का पुत्र विनोद मेहता के लिखित आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस आरोपी अनिल व ललन की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। जल्द ही दोनो को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जाएगा।

# नल जल योजना में भारी अनियमितता मुखिया संघ ने जताया विरोध

**नवीन मेल संवाददाता**

**उंटारी रोड।** सरकार की महत्वकांक्षी योजनाओं में एक नल-जल योजना के माध्यम से हर घर स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना है। पेयजल व स्वच्छता विभाग द्वारा जिले के उंटारी रोड प्रखंड क्षेत्र में योजना तो एक वर्ष पूर्व पहुंची है, लेकिन जल नहीं पहुंचा है। प्रखंड क्षेत्र में नल-जल योजना में भारी अनियमितता बरती गई है। योजना में मानक के अनुसार कार्य नहीं किया जा रह है। प्रखंड मुखिया संघ ने विरोध जताया है। गुरुवार को प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष अशोक सिंह, मुखिया संघ के अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह, मुखिया सकुंतला देवी, कमला देवी, समाज सेवी कृष्णा पाल ने संयुक्त रूप से बैठक कर संवेदक के खिलाफ विरोध प्रकट किया। मुखिया संघ ने कहा कि योजना में पानी के लिए बिछाया गया पाइप जमीन में मात्र आधा फीट नीचे है। कई जगह पाइप जमीन से ऊपर आ गया है। मुखिया के कहने पर भी बातों को अनसुना कर कार्य किया जा रहा है। कई जगह पीसीसी सड़क को तोड़कर छोड़ दिया है। इससे लोगों में भी काफी आक्रोश है। मुखिया संघ ने कहा की कार्य में सुधार नहीं किया गया तो जनांदोलन के लिए बाध्य होंगे।







### ईद उल अजहा को लेकर ईदगाह कमेटी की बैठक, नमाज का समय मुकर्रर

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद ईदगाह कमेटी की बैठक गुलाम मोहम्मद अमीन अली खान के आवास पर हुई। अध्यक्षता शोएब अहमद खलीफा ने की। संचालन सुहैल आलम ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि ईद उल अजहा की नमाज 17 जून को होगी। हुसैनाबाद ईदगाह में सुबह 7 बजे अदा की जायेगी। इसी तरह नूरी मस्जिद में सुबह 5:45 बजे, इमामुन्नबी मस्जिद, इस्लामगंज व जमा मस्जिद राजटोली में 7:15 बजे अदा की जायेगी। मौके पर गुलाम नेजामुद्दीन, डा. अब्दुल मन्नान खान, ग्यासुद्दीन सिद्दीकी, शमीम कुरैशी, सद्दाम हुसैन कादरी, अलीमुद्दीन, एसएम अकरम, कयामुद्दीन अंसारी के अलावा कई मौजूद थे।

## न्यूज बॉक्स

### ट्रक के धक्के से गिरा बिजली का पोल बिजली आपूर्ति बाधित

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद प्रखण्ड क्षेत्र के जपला-नवीनगर मुख्य सड़क के मलवरिया नहर के पास गुरुवार की सुबह में अनियंत्रित ट्रक ने बिजली के खंभे में टक्कर मार देने से बिजली का पोल गिर गया। घटना में ट्रक चालक ट्रक लेकर भागने में सफल हो रहा। मुख्य लाइन 11 हजार वोल्ट बिजली के खंभे को क्षतिग्रस्त होने से एकौनी, नावाडीह गांव का बिजली आपूर्ति बाधित हो गई है। बाद में ग्रामीणों ने बिजली विभाग पोल गिरने की सूचना दी।

### चतरा सांसद का किया गया स्वागत



**सतबरवा।** चतरा लोकसभा के नवनिर्वाचित सांसद कालीचरण सिंह दिल्ली से लौटने के क्रम में गुरुवार को शर्किट हाउस मेदिनीनगर में सामाजिक कार्यकर्ता आशीष कुमार सिंहा के नेतृत्व में बुके, अंगवस्त्र व मिठाई खिलाकर सम्मानित किया गया। मौके पर सांसद कालीचरण सिह ने चतरा लोकसभा क्षेत्र की जनता का आभार प्रकट किया। सांसद ने कहा कि विकसित भारत के तहत पूरे भारत देश में विकास कार्य हो रहा है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बने हैं। उनके नेतृत्व मे 2047 तक हर सुख सुविधा से परिपूर्ण भारत देश बनाया जाएगा। मौके पर विधायक प्रतिनिधि राणा प्रताप कुशवाहा, महेश यादव, राजेंद्र सिंह, अखिलेश यादव, अजय मेहता, राजेश साव समेत अन्य मौजूद थे।

### घर में घुसकर विधवा महिला को मारपीट कर घायल किया



**हरिहरगंज।** क्षेत्र के अकौनी गांव निवासी 37 वर्षीय माया कुंवर को बुधवार की रात गांव के ही अशोक यादव ने घर में घुसकर मारपीट कर घायल कर दिया। घटना के वक्त महिला घर में अकेली थी। इस संबंध में पीड़ित महिला ने अशोक यादव के खिलाफ थाने में लिखित आवेदन दी है। घायल महिला का इलाज पहले सीएचसी में कराया गया। वहां पर डाक्टरों ने उसे बेहतर इलाज के रेफर कर दिया। पीड़ित महिला के दिए गए आवेदन के अनुसार उसका पति स्व. मंदीष यादव के जीवित रहते समय से ही अशोक यादव से दुश्मनी चलती है। घटना की रात माया कुंवर का पुत्र अपनी ननिहाल गया था। बुधवार की रात्रि करीब 11 बजे अशोक यादव घर में घुसकर पत्थर से चेहरा व सर पर वार कर घायल कर दिया। साथ ही अचेता अवस्था में ही कान से सोने का टॉप्स व दो हजार रुपया छीन कर भाग गया। सुबह महिला का पुत्र जब घर आया तो अपने मां को अचेता अवस्था में देख। इसके बाद आसपास के लोगों की सहायता से उसे थाना ले आया। प्रभारी थाना प्रभारी सतीश कुमार गुप्ता ने बताया कि पीड़िता द्वारा आवेदन दिया गया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## पत्रिका समाज का आईना : संजीव रंजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू से निकलने वाली साहित्य, कला एवं संस्कृति की मासिक पत्रिका 'अरण्य वाणी' के जून अंक का विमोचन छत्तीसगढ़ के रायपुर स्थित 211, बटालियन, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के कैंपस में कमांडेंट संजीव रंजन द्वारा संपन्न हुआ। विमोचन कार्यक्रम में पत्रिका के संपादक विनोद सागर, उप कमांडेंट नीरज जायसवाल, संस्था मौसम के सचिव मनोज कुमार प्रजापति, सहायक कमांडेंट सर्वेश तोमर, चिकित्सा पदाधिकारी देवनेनी तपस्विनी, निरीक्षक संजीव भोई, निशांत चौधरी, एसएन मिश्रा समेत 211 बटालियन, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के जवान उपस्थित थे। मौके पर समाज में अलख जगाने को लेकर कमांडेंट संजीव रंजन ने विनोद सागर, मनोज कुमार प्रजापति को शॉल ओढ़ाकर व बुके व स्मृति-चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। संजीव रंजन ने कहा कि सीआरपीएफ कैम्पस में 'अरण्य वाणी' पत्रिका का विमोचन करना एक सुखद एहसास है, क्योंकि 'अरण्य वाणी, पत्रिका समाज का आईना है। इस आईने को चमकदार बनाने में सागर का सराहनीय योगदान है। इसलिए इन्हें छत्तीसगढ़ बुलाकर सम्मानित करने का कार्य किया है। मौके पर पत्रिका में छपे संजीव रंजन जी के आलेख 'इन्द्रावती नदी, चित्रकोट, जलप्रपात, बस्तर की संस्कृति' पर विस्तृत चर्चा की गई गई। सम्मानित होने पर विनोद सागर, मनोज कुमार प्रजापति ने कमांडेंट संजीव रंजन, उप कमांडेंट नीरज जायसवाल समेत समस्त 211 बटालियन, सीआरपीएफ के जवानों का आभार व्यक्त किया।

# बिजली चोरी के खिलाफ छापेमारी, 8 पर मामला दर्ज

### 70 हजार रुपए का फाईन लगा

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के अभियंताओं ने गुरुवार को विशेष छापामारी अभियान छापामारी अभियान में 8 लोगों को बिजली का अवैध उपयोग करते पाया गया। बिना बिजली कनेक्शन बिजली का उपयोग करने वाले 8 लोगों के खिलाफ हुसैनाबाद थाना में बिजली अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। सभी 8 लोगों पर 70 हजार रुपये का फाईन लगाया गया है। जिन लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी गई है उनमें बृजदेव पासवान, सत्यप्रकाश पाठक, देव चौधरी, पूरन राम, रामराज चौधरी, जगदीश राम, महेंद्र उरांव, ओमप्रकाश कुमार के नाम शामिल है। सभी हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के निवासी हैं। यह जानकारी अवर विद्युत प्रमंडल जपला के कनीय अभियंता प्रदीप कुमार सिंह ने दी। अभियान में कनीय अभियंता प्रदीप कुमार सिंह, सहायक अभियंता राम प्रसाद महतो, मानव दिवसकर्मी जितेंद्र ठाकुर, संतोष कुमार सिंह, बबन कुमार, राजकुमार शामिल थे। कनीय अभियंता प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि जेबीवीएनएल के आदेश पर आगे भी छापेमारी का कार्य जारी रहेगा। पांच हजार रुपए से अधिक बकाएदारों के खिलाफ भी कार्रवाई की जायेगी। बकाएदारों को बिल का भुगतान करने की हिदायत दी है। उन्होंने वैध कनेक्शन के बगैर बिजली का उपयोग करने वाले लोगों को किसी भी कार्य दिवस में विद्युत कार्यालय जपला में कनेक्शन के लिए आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन आवेदन की भी सुविधा है। प्रज्ञा केंद्र या किसी ऑनलाइन सेंटर से आवेदन किया जा सकता है। सभी कनेक्शनधारियों को घर या दुकान के बाहर मीटर लगाना अनिवार्य कर दिया गया है। मीटर नहीं लगवाने व पांच हजार से अधिक बकाया रखने वाले उपभोक्ताओं पर कार्रवाई की जायेगी।

## सोन नगर से छतरपुर पानी लाने की योजना शुरू करने की समाजसेवी ने की मांग

**नवीन मेल संवाददाता**

**छतरपुर।** छतरपुर नगर पंचायत के लोग इन दिनों बून्द बून्द पानी के लिए तरस रहे हैं। स्थिति यह है कि नगर पंचायत प्रशासन भी लोगों की प्यास बुझाने में विफल है। सरकार द्वारा नगर निकाय केअ धिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि वह जल संकट का क्षेत्र में समाधान करें। बता दें कि सात साल पूर्व सोन नदी से छतरपुर के इलाके तक पानी लाने की योजना का शुभारम्भ हुआ था। लेकिन योजना आज भी अधूरी है। प्रखंड के विभिन्न इलाकों में पानी टंकी तो सालों पूर्व बना दिया गया, लेकिन टंकी में आज तक पानी नहीं पंहुचा। स्थानीय समाजसेवी अरविंद गुप्ता चुनमून के आग्रह के बाद कार्यपालक अभियंता के निर्देश के आलोक में पीएचईडी के जेई ने योजना का छतरपुर में निरीक्षण किया व संवेदक को फटकार लगाई। साथ ही शहरी इलाके में अविलंब पाइपलाइन बिछाने का निर्देश दिया। समाजसेवी अरविंद ने कहा कि जलसंकट से लोग त्राहिमाम कर रहे हैं। इलाके के लोग बून्द बून्द पानी को तरस रहे हैं। सोन नदी से पानी लानेअ की योजना हाथी का दांत साबित हो रहा है। ऐसे में लोगों का सब्र भी जवाब दे रहा है। जल्द ही अगर सोन से पानी लाने की योजना शुरू नहीं किया गया तो आंदोलन करने को विवश हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि अफसोस इस बात का है कि इस मसले को लेकर स्थानीय जनप्रतिनिधि भी उदासीन हैं। भैरवाडीह, लोहराही गांव को इस योजना से वंचित कर दिया गया है। उन गांव में भी भीषण जलसंकट है।

## चोरी कर भाग रहे अपराधी को ग्रामीणों ने सामान के साथ पकड़ा

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** थाना क्षेत्र के स्टेशन रोड में बाइक से पहुंचे दो अपराधियों ने दिनदहाड़े मुन्ना स्टेशनरी दुकान से जिरोक्स मशीन उठाकर भाग रहे एक अपराधी को दुकानदारों ने पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। मौके से एक अपराधी भागने में सफल रहा। घटना गुरुवार की दोपहर करीब 11 बजे बताई जाती है। एक अपराधी गाड़ी स्टार्ट रखा था, जबकि दूसरा जिरोक्स मशीन को उठाकर बाइक पर बैठ रहा था। इतने में दुकानदार राकेश कुमार की नजर अपराधियों पर पड़ी। राकेश कुमार ने दौड़कर पीछे बैठे आरोपी को जिरोक्स मशीन के साथ पकड़ लिया। पकड़ा गया अपराधी ने पुलिस को अपना नाम कल्लू पासवान पिता रामरेखी पासवान जपला अलीनगर बताया है। साथ ही बाइक से भागे अपराधी का नाम श्रीराम पासवान पिता शांति पासवान जपला तकियापर का रहने वाला बताया है। बताया जाता है कि दोनों पेशेवर अपराधी है। घटना को अंजाम देने के पूर्व चिन्हित स्थल का रेकी करते है। उसके बाद घटना का अंजाम देते है। थाना प्रभारी पंकज कुमार तिवारी ने बताया कि दुकान मालिक राकेश कुमार के लिखित आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज कर अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है।

## आस्था

### झरना बाबा शिव मंदिर का सूखा जलस्रोत

# मंदिर में आनेवाले श्रद्धालुओं को परेशानी

**नवीन मेल संवाददाता**

**नावाबाजार।** प्रखंड के राजहारा गांव स्थित झरना बाबा शिव मंदिर ख्याति प्राप्त हैं। वहां श्रद्धालुओं का जमावड़ा पूरे वर्ष लगा रहता है। जिले हीं नहीं बाहर के भी लोग एतिहासिक झरना मंदिर की सुंदरता देखने व शिवलिंग की पूजा अर्चना करने आते हैं। झरना मंदिर का निर्माण किसने कराया इस बात की जानकारी किसी को नहीं है। लोगों के अनुसार यहां एक साधु रहा करते थे। जो झरना बाबा मंदिर स्थित शिव मंदिर में पूजा करते थे। साथ हीं इस मंदिर का स्वरुप भी उक्त साधू के द्वारा हीं दिया गया था। स्थानीय लोगों ने मंदिर का जीर्णोद्धार कराते हुए इसे और भी आकर्षक बना दिया। मंदिर की खूबसूरती बेमिसाल है। यहां वर्ष भर शिवलिंग के बगल से पानी का झरना बहता रहता है। जिसमें स्नान कर पूजा करने मात्र से हीं सारी बीमारी दूर हो जाती है। लोगों ने बताया कि यहां नियमित स्नान करने से कुष्ठ नामक रोग ठीक हो जाता है। गांव के लोग इस बहते पानी से नित्य स्नान कर मंदिर में पूजा अर्चना करते हैं।





राजहारा झरना बाबा मंदिर परिसर के जल स्रोत का सूख जाना अनहोनी का संकेत है। यहां कभी पानी सुखती नहीं थी। पूजा-अर्चना में परेशानी हो रही है। मंदिर परिसर में एक चापाकल है, यहां और भी लगाने के जरूरत है। ताकि यहां आने वाले किसी भी श्रद्धालुओं को परेशानी ना हो।

**विकेश पांडेय, राजहारा।**



झरना बाबा शिव मंदिर में सालों भर पूजा अर्चना व जलाभिषेक किया जाता है। जहां दूर दूर के लोग अपनी मनोकामना को आकर झरना बाबा से मन्नत मांगते है। मंदिर की देखभाल व साफ सफाई स्थानीय लोग स्वयं करते हैं। इस वर्ष झरना बाबा शिव मंदिर में स्थापित शिवलिंग से निकलने वाला जलस्रोत सूख गये। जिसके कारण पूजा अर्चना व जलाभिषेक में परेशानी हो रही है।

**सुमंत पांडेय, राजहारा**

### पांच साल में पहली बार सूखा मंदिर का झरना

सालों भर झरना बाबा शिव मंदिर बहने वाली पानी इस वर्ष सूख गई है। लोगों के बीच किसी अनहोनी को ले भय का माहौल बना है। झरना कभी नहीं सूखती थी। सालो भर लोग यहां आकर बहते पानी में स्नान कर पूजा अर्चना करते थे। इस वर्ष पानी का सूख जाना संकट सा बन गया है। मंदिर जलाभिषेक व स्नान को ले चापाकल पर निर्भर हैं। इस वर्ष पानी सूख जाना लोगों के पूजा अर्चना में एक विघ्न भी बन गई है। राजहारा गांव इन दिनों ड्राई जोन के रूप में जाना जाता है। पिछले पांच वर्षों से गांव के सभी चापाकल सूख जाता हैं। झरना बाबा का जलस्रोत कभी नहीं सूखता था। गर्मी के दिनों में यहां लोग आकर पेयजल को पानी भी ले जाते थे।

# जन आकांक्षाओं पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे : कालीचरण सिंह

**नवीन मेल संवाददाता**



**नीलांबर पितांबरपुर।** चतरा सांसद कालीचरण सिंह के नीलांबर पितांबरपुर प्रखंड में आगमन पर गुरुवार को हाई स्कूल रोड स्थित बाजार शेड में अभिनंदन सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने उन्हें फूल माला देकर गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। इसके पूर्व कोटखास ठाकुरबाड़ी व महावीर मंदिर में पूजा अर्चना कर चतरा लोकसभा क्षेत्र में अमन-चैन कायम करने के लिए आशीर्वाद लिया। पांकी विधायक कुशवाहा डॉ शशिभूषण मेहता ने ठाकुरबाड़ी परिसर में पगड़ी व तलवार देकर सम्मानित किया। चतरा सांसद ने कहा कि वह अपने चुनावी अभियान की शुरूआत इसी ठाकुरबारी मंदिर से की थी। अब जनता ने मुझे अपना आशीर्वाद दिया है तो चुनाव जीतने के बाद दिल्ली से सीधे इस राम दरबार में हाजिरी लगाने पहुंचा हूं। जनता ने मुझ पर जिस उम्मीद व विश्वास के साथ अपना आशीर्वाद दिया है, उसपर खरा उतरते हुए गांव-गांव में घूम घूमकर जन समस्याओं को दूर कर विकास की गति तेज की जाएगी। इससे चतरा क्षेत्र का चहुंमुखी विकास कराया जा सके। उन्होंने कहा कि चार महीने बाद यहां फिर से विधानसभा का चुनाव होगा। आप लोग यहां के विधायक को पुनः जिताकर भेजें। विश्वास दिलाते हैं कि उन्हें मंत्री बनवाने में कोई कसर नहीं छोडेंगे। पांकी विधायक ने कहा कि उम्मीद के अनुसार उम्मीदवार मिले तभी जनता ने अपार मतों से विजय दिलाई है। इसके लिए पांकी विधानसभा क्षेत्र के सभी कार्यकर्ता व मतदाताओं के प्रति आभार व्यक्त करता हूं। 140 दिनों के बाद फिर से यहां चुनाव होगा जिसमें डबल इंजन की सरकार बनाने के लिए सभी को लग जाना है। कार्यक्रम का संचालन भाजपा मंडल अध्यक्ष जितेंद्र तिवारी ने किया। कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष अमित तिवारी, अजय तिवारी, साधु मांझी, चतुर्गुण राम, बसंत वर्मा, चंदन सोनी, बिनोद राम, धनंजय सिंह, गोपाल सिंह, मनोज मिश्रा, संदीप सौंडीक, राजन सिंह, जगत नारायण सिंह, अशोक सिंह सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।




## एक नजर

### एनपीयू अपने ही बनाये सिलेबस को नहीं मानती : मिश्र

**मेदिनीनगर।** अखिल पलामू छात्र संघ (आपसू) के अध्यक्ष अभिषेक मिश्र ने कहा कि एनपीयू अपने ही बनाये सिलेबस को नहीं मानती है। उन्होंने एनपीयू के परीक्षा नियंत्रक से पूछा है कि आखिर क्या वजह है कि एनपीयू अपने ही बनाये सिलेबस को भूल जा रही है। उन्होंने कहा कि सत्र 2022-24 के बीएड की द्वितीय सेमेस्टर का परीक्षा ली जा रही है। उसमें ऑब्जेक्टिव के जगह पर सब्जेक्टिव प्रश्न पूछे गए है। जिस प्रश्न की तैयारी ही छात्र अपने कॉलेज में नही किए हो वैसे प्रश्न जो सिलेबस का हिस्सा ही नही हो वैसे प्रश्न पूछ कर छात्रों को परीक्षा को ले कर मन में भय पैदा करने की कोशिश विश्वविद्यालय द्वारा की जा रही है। परीक्षा नियंत्रक छात्रों में भय का माहौल बनाकर छात्रों का शोषण करना चाहते है। आपसू कतई बर्दाश्त नही करेगा।

पांकी, लोहरसी, बगड़ा चतरा को जोड़ने वाली सड़क को एनएच से जोड़ा जाएगा

# किसानों को पानी उपलब्ध कराना प्राथमिकताः कालीचरण सिंह

■ **जनजागण से पोस्ते की खेती पर रोक संभव**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** चतरा लोकसभा अंतर्गत पड़ने वाले पलामू के पांकी विधानसभा सहित सभी क्षेत्र में जल संकट व पेयजल की भारी संकट को देखते हुए कोयल नदी स्थित मंडल डैम को बांध कर किसानों को पानी उपलब्ध कराया जाएगा। ये बातें चतरा के नवनिर्वाचित सांसद कालीचरण ने कही। वह गुरुवार को स्थानीय परिसदन में पत्रकारों के साथ बातचीत कर रहे थे। उन्होंने दो लाख से भी अधिक मत से जीताकर संसद भेजने के लिए क्षेत्र की जनता का आभार व्यक्त किया। साथ ही लोकसभा क्षेत्र में नल जल योजना सफल हो चुकी है। इसका क्रियान्वयन कर लोगों को पेयजल की समुचित व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने कहा कि स्थानीय होने के कारण चतरा लोकसभा क्षेत्र की समस्याओं की पूरी जानकारी है। इसके निराकरण के लिए वह हमेशा प्रयासरत रहेंगे। पूर्व सांसद द्वारा 10 वर्षों में क्षेत्र के लोगों के बीच उपलब्ध नहीं होने के सवाल पर उन्होंने कहा कि वह किसी के ऊपर कोई टिप्पणी नहीं करना चाहते। उनके कार्यकाल में सर्वसुलभता के साथ जनता के लिए 24 घंटा सातों दिन उपस्थित रहेंगे। उन्होंने कहा कि जनता ने जो विश्वास उनके ऊपर जताया है उस पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे। चतरा में बड़ी मात्रा में हो रहे अफीम की खेती के सवाल पर कहा कि प्रशासनिक सुस्ती के कारण चतरा अफीम की उपज बढ़ी है। जन जागरण के माध्यम से पोस्ते की खेती पर रोक संभव है। मौके पर भाजपा पलामू जिला अध्यक्ष अमित तिवारी, वरिष्ठ भाजपा नेता श्याम नारायण दुबे, पलामू लोकसभा के संयोजक विपिन बिहारी सिंह, प्रदेश कार्य समिति सदस्य नरेंद्र पांडेय, अजय तिवारी, जिला सोशल मीडिया प्रभारी सोमेश सिंह, अभिमन्यु तिवारी, विजय ठाकुर, विजय पाठक, चंचल कुमार, दिनेश गोस्वामी, अरुण सिंह सहित अन्य मौजूद थे।



**डिग्री कॉलेज अलग-अलग स्थानों पर स्थापना करायी जाएगी : कालीचरण सिंह**

कालीचरण सिंह ने कहा कि उनका प्रयास होगा कि दूर दराज के बच्चों को पढ़ाई की कठिनाई नहीं हो। इसके लिए डिग्री कॉलेज अलग-अलग स्थानों पर स्थापना करायी जाएगी। पांकी, लोहरसी, बगड़ा होते चतरा को जोड़ने वाली सड़क को सीधे एनएच से जोड़ा जाएगा। इससे चतरा जाने के लिए दूरी भी कम हो जाएगा।

**मंडल डैम को बांध कर किसानों को पानी उपलब्ध कराया जाएगा**

## न्यूज बॉक्स

### कॉलेज कैंपस के पिछले हिस्से में लगी आग, फर्नीचर हुए राख

**मेदिनीनगर।** एनपीयू के प्रीमियर संस्थान जीएलए कॉलेज कैंपस के पिछले हिस्से में आग लग गई। आगजनी में करीब छह-सात पुराना बेंच-डेस्क और लकड़ी जल गई। वहीं कैंपस में लगे पेड़-पौधे भी आग के लपेट में आने से झुलस गया है। पिछले साल भी इसी समय गर्मी के दिनों में इसी स्थान पर आग लगी थी। हालांकि उस समय भी लकड़ी जल गई थी और पेड़ आदि आग के कारण झुलस गए थे। प्राचार्य डॉ आईजे खलखो ने कहा कि आग कैसे लगी यह स्पष्ट नहीं हो सका है। उन्होंने आशंका व्यक्त किया है कि किसी शरारती तत्वों का यह काम है। उन्होंने कहा कि आग करीब साढ़े 10-11 बजे के बीच लगी है। उस समय वे अपने चेंबर में मौजूद थे। आगजनी की उन्हें सूचना मिली तो वह तुरंत दमकल विभाग को सूचना देकर दमकल को बुलाया। दमकल पहुंचने के पहले तक आगे की लपट काफी फैल गई थी। इससे वहां पर रखे पुराना बेंच-डेस्क में आग पकड़ ली थी और कुछ लकड़ी रखा हुआ था वह जलकर राख हो गया। प्राचार्य ने कहा कि आगजनी में ज्यादा कुछ नुकसान नहीं हुआ है। प्राचार्य ने कहा कि पिछले साल भी गर्मी के दिनों में भी इसी स्थान पर आग लगी थी। उन्होंने कहा कि कॉलेज के पीछे ग्रामीणों की बस्ती है। संभावना है कि शरारती ग्रामीण ही सिगरेट आदि पीकर फेंक दिया होगा,उससे सुखी पेड़ के पतियों में आग पकड़ ली होगी और आग फैल गई होगी। प्राचार्य ने कहा कि आग पर काबू पा लिया गया है।

### 47 डिग्री तापमान में आंगनबाड़ी केंद्रों में जाने को विवश हैं मासूम बच्चे

**मेदिनीनगरा।** सरकार के दौहरा रवैया से आंनगबाड़ी केंद्रों के सेविका-सहायिकाओं के बीच आक्रोश व्याप्त है। पलामू में इन दिनों 46 से डिग्री तापमान है। सुबह आठ बजे से ही तेज धूप और गर्म हवा से सड़कों पर चलना मुश्किल हो गया है। ऐसे स्थिति में मासूस बच्चे आंगनबाड़ी केंद्रों में जाने को विवश है। राज्य सरकार ने सरकारी और गैर सरकारी स्कूलों में एलकेजी से लेकर 12वीं क्लास तक के बच्चों को अधिक गर्मी के कारण छुट्टी दे दी है। वहीं आंगनबाड़ी केंद्रों के केवल समय में परिवर्तन किया गया है। आंगनबाड़ी केंद्र के मासूम तपती छत के नीचे परेशान होने को मजबूर है। इस और ना सरकार का ध्यान जा रहा है ना ही जिला प्रशासन का। मासूस बच्चे आंगनबाड़ी केंद्रों के सेविका/सहायिकाओं से पुछते हैं कि मैडम छुट्टी कब होगी। मासूमों के इस सवाल पर सेविका/सहायिकाओं जवाब नहीं दे पा रही है। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सेवाराम साहू ने कहा कि निदेशालय से गर्मी छुट्टी संबंधित कोई पत्र नहीं आया है। केवल समय में परिवर्तन किया गया है। उन्होंने कहा कि अत्यधिक गर्मी को देखते हुए आंगनबाड़ी केंद्र सुबह साढ़े छह बजे से साढ़े नौ बजे तक संचालित की जा रही है। पलामू में 14 परियोजना अंतर्गत 2595 आंगनबाड़ी केंद्र संचालित किये जा रहे हैं। जिसमें 1151 आंगनबाड़ी केंद्र है जिसका अपना भवन अथवा शिक्षा विभाग के द्वारा खाली किये गए स्कूलों में संचालित किया जा रहा है।

### झारखंड आंदोलकारियों को 50 हजार पेंशन दे राज्य सरकार : विकेश शुक्ला



**मेदिनीनगर।** झारखण्ड को विशेष राज्य के दर्जा के लिये व आन्दोलनकारियो के मान सम्मान व जेल जाने के बाध्यता को समाप्त करने व 50-50 हजार पेन्शन, आश्रित को स्वतंत्रता सेनानियों के जैसा सभी सुविधाएं मुहैया कराया जाए। ये बातें झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के प्रमंडलीय अध्यक्ष विकेश शुक्ला ने कही। यह निर्णय विधायक क्लब की राचीं में आयोजित बैठक में लिया गया है। पलामू प्रमंडल व जिला अध्यक्ष के लिए चंद लोग स्वयं स्वघोषित कर रहे हैं जो निन्दनिय है। लगातार राज्य सरकार व केन्द्र सरकार पर दबाव बनाने के लिए स्थानीय स्तर पर धरना, प्रदर्शन, नुक्कड सभा दीवार लेखन व ग्राम चौपाल मे विशेष राज्य के दर्जा के लिये अभी से तैयारी शुरू कर सरकार को बाध्य किया जाएगा। झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के संयोजक सतीश कुमार ने कहा कि झारखण्ड में जल, जंगल, जमीन पर जनता का अधिकार कायम करने के लिए संवैधानिक व गैर संवैधानिक आन्दोलन को तेज करने के लिए तैयारी करने की जरूरत है।

## वाहन चेकिंग अभियान चला, 11 वाहन जब्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** छह मुहान पर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। वाहन चेकिंग अभियान के दौरान बिना हेलमेट बाईक चलाते व ट्रिपल लोडिंग बाइक सवारों का ऑन द स्पोर्ट चालान काटा गया। वाहन जांच के क्रम में बिना हेलमेट और ट्रिपल लोड 11 मोटरसाइकिल को जब्त कर सुरक्षार्थ शहर थाना में रखा गया। ट्रैफिक प्रभारी ने जब्त दो पहिया वाहन को चालान के लिए सीजीएम कोर्ट भेजा गया। पकड़े गए सभी वाहनों का 65 हजार 300 रुपया चालान काटा गया। वही मौके पर ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद ने युवाओं से बिना हेलमेट मोटरसाईकिल नहीं चलाने की हिदायत दी गई। साथ ही ट्रिपल लोड नहीं चलाने की बात कही। ट्रैफिक प्रभारी ने वाहन चालकों को जागरूक जीवन की सुरक्षा के लिए हेलमेट पहन कर व सीट बेल्ट बांध कर वाहन चलाने की सलाह दिया।

**65 हजार 300 फाईन की वसूली**



### आईएसओ प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड के चियांकी ग्राम पंचायत भवन में आईएसओ जीपी अंतर्गत आईएसओ प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आइएसओ मानक के बारे में जानकारी दी गई। । बताया गया कि पंचायत सचिवालय से ही मृत्यु प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र, आय, जाति प्रमाण पत्र निर्गत किये जायेंगे। साथ ही ग्रामीणों के हर तरह के कार्य किये जायेंगे। चियांकी पंचायत की मुखिया ने कहा कि पंचायतवासियों को कार्य के लिए सदर प्रखंड कार्यालय का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। केरल राज्य के तर्ज पर झारखंड के पलामू जिला अंतर्गत चियांकी पंचायत सचिवालय को मॉडल व डिजिटल बनाया जायेगा जहां ग्रामीणों के हर समस्या का समाधान होगा।

## भीषण गर्मी में समर कैंप हो रहा तो पढ़ाई क्यों नहींः अविनाश वर्मा

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन झारखंड के संरक्षक अविनाश कुमार वर्मा ने कहा की राज्य के साथ पलामू जिले में पड़ रही भीषण गर्मी के कारण राज्य सरकार के आदेश पर सभी कोटि के विद्यालय 15 जून तक छात्रों, शिक्षकों, कर्मियों के लिए बंद हैं। मगर पलामू समेत कई जिलों में समर कैंप के नाम पर छोटे-छोटे बच्चों के साथ शिक्षक व कर्मियों को बुलाया जा रहा है। जबकि इससे बच्चों में एकरूपता की भावना भी आहत होती है, क्योंकि आर्थिक रूप से सक्षम बच्चे हीं इसमें शामिल हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि जब 40 डिग्री सेल्सियस में ऊंची कक्षाएं चलने पर सप्ताह दो गैर मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों को पीड़क कार्रवाई का सामना करना पड़ा व यहां 45 से 47 डिग्री सेल्सियस में छोटे बच्चों का समर कैंप होता है। यह सब अमूमन सीबीएसई व राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त विद्यालयों द्वारा होता है। उन्होंने कहा कि आम जनमानस में मान्यता प्राप्त निजी विद्यालय, गैर मान्यता प्राप्त निजी विद्यालय के संदर्भ में स्पष्ट सोच नहीं है। जिसका खामियाजा प्रत्येक वर्ष कॉपी, किताब, फीस आदि को लेकर गैर मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों पर जौ के साथ घून पिसाने वाली कहावत चरितार्थ होती है। उन्होंने कहा कि इतनी भीषण गर्मी में भी कई मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों के बच्चे समर कैंप आयोजित करने वाले विद्यालय में अतिरिक्त भुगतान कर जा रहे हैं। इसमें अभिभावक बच्चों को भेज कर गौरवांवित महसूस कर रहे है। उन्होंने कहा की अगर इतनी गर्मी में भी प्रातः 6 से 10 समर कैंप का आयोजन छोटे बच्चों के लिए हो सकता है तो इसी अवधि में सभी कोटि के बच्चों की पढ़ाई सभी कोटि के विद्यालयों में क्यों नहीं?



## पूर्व भाजपा अध्यक्ष ने बिजली आपूर्ति दुरूस्त करने की मांग की

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष परशुराम ओझा ने विद्युत विभाग के कार्यपालक अधीक्षण अभियंता से शहरी क्षेत्र के गणेश लाल अग्रवाल विद्यालय के पास स्थित ट्रांसफार्मर से बिजली का तार टूट जाने से बाधित बिजली आपूर्ति को ठीक करने की मांग की है। उन्होंने अधीक्षण अभियंता को लिखे पत्र में कहा कि उक्त क्षेत्र में एक हफ्ता से बिजली का तार बराबर टूट कर गिर रहा है। शहरवासियों को बिजली नहीं मिलने से काफी परेशानी उठाना पड़ रहा है। विशेष रूप से जैन मंदिर रोड, घड़ा पट्टी रोड, पंचमुहान से इंजीनियरिंग रोड, पंचमुहान से महावीर मंदिर जाने वाले रोड में पोल पर मकड़ी की जाल की तरह तार लगा है। ये सभी क्षेत्र शहर का व्यस्त इलाका है। काफी भीड़ रहता है। सरकार द्वारा केबल तार लगाने का व्यवस्था किया गया था, लेकिन क्या वजह है कि यह तमाम जगह केबल के तार नहीं खींचा गया है। जैन मंदिर रोड में जुगल किशोर जैन दुकानदार के शरीर पर नंगा तार गिरने के कारण शरीर पर जो शर्ट थ वो जल गया। इस कारण एक बड़ी घटना होते होते बची। पहले भी शहरी क्षे। में बिजली के चपेट में कई लोग जान गवां चुके है। उन्होंने कहा कि आम नागरिकों में भय का वातावरण है। दुकानदारों को बिजली के अभाव में गर्मी में बहुत ही दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। इससे लोगों में बिजली विभाग के प्रति काफी आक्रोश है। उन्होंने कहा कि किसी तरह की घटना शहरी क्षेत्र में नहीं हो इसके लिए केबल का तार शीघ्र ही लगवाने का विभाग आदेश दे। साथ ही ट्रांसफार्मर पर काफी लोड होने के कारण भी बराबर ट्रांसफार्मर खराब हो रहा है। इसलिए 500 केवीए का ट्रांसफार्मर लगाने की आवश्यकता है।



### प्रखण्ड स्तरीय बैकर्स समिति की बैठक संपन्न

**पाटन।** प्रखण्ड स्तरीय बैंकर्स समिति की त्रैमासिक बैठक गुरुवार को प्रखण्ड सभागार में बीडीओ अमित कुमार झा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैको द्वारा जरूरतमंदों के लिये चलाई जा रही योजनाओ की समीक्षा किया गया। बैंकर्स समिति बैठक में कृषि पदाधिकारी ने बताया की बैंकों के उदासीन व कुछ त्रुटि निकालकर 1400 से अधिक किसानों को केसीसी आवेदनों को निष्पादन नही किया गया। सभी आवेदन सरकार आपके द्वार के तहत प्राप्त कर प्रखण्ड कार्यालय से विभिन्न बैंकों में भेजा गया था। लोन स्वीकृत नही किया। बैंक के प्रतिनिधियों ने बताया कि केसीसी ऋण अदायगी व केसीसी राशि का किसान रोटेशन नही करते हैं। बैंक हेड आफिस के गाइड लाइन से चलता है। बैठक में ग्रामीण आजीवका मिशन, पीएम स्वराज रोजगार, महिला समूह सहायता समूह, पीएम जनधन मुद्रा लोन आदि के तहत जरूरतमंद लोगों को योजना की रेशियो में ऋण देने में बैंक की रवैया उदासीन रहा रहा। बीडीओ ने बैंक प्रतिनिधि को जरूरतमंदों को ऋण देने में रुचि लेने, 18 वर्ष से अधिक आयु वालो को कैंप लगाकर खाता खोलने, स्कूली बच्चों को शत प्रतिशत खाता को त्रुटिरहित अपटूडेट करने, किसानों को ज्यादा से ज्यादा केसीसी लोन देने का निर्देश दिया।

**लापरवाही**

हीट वेब के कारण मरीजों की संख्या बढ़ी है

# एमएमसीएच में मरीजों से अधिक व्यवस्था बीमार

**मरीजों को डाक्टर के चैबर के बाहर घंटो लाईन में खड़ा रहना पड़ता है**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** एमएमसीएच में मरीजों का बेहतर इलाज नहीं हो पा रहा है। ओपीडी के निर्धारित समय में डाक्टर अपने चैंबर में नहीं बैठते हैं। इस कारण मरीजों को डाक्टर के चैंबर के बाहर लाईन में लगकर घंटों इंतजार करना पड़ता है। उपर से गर्मी व उमस के कारण इलाज कराने आए मरीज और अधिक बीमार हो जाते हैं। गुरुवार को एमएमसीएच में इलाज कराने वाले मरीजों की काफी भीड़ थी। सुबह 9:30 बजे तक एमएमसीएच में मरीज डाक्टर के इंतजार में खड़ा थे। 9:00 बजे से शुरू होने वाले ओपीडी में डॉक्टर अपने चैंबर में नहीं बैठे थे। मेडिसिन वार्ड भी नहीं खुला था। बता दे कि ओपीडी सुबह 9:00 से 1:00 तक खुलने का समय निर्धारित है। ओपीडी का समय समाप्त होने के बाद इमरजेंसी सेवा शुरू हो जाता। जिले में हीट वेब के कारण लोग लगातार बीमार हो रह हैं। ऐसे स्थिति में एमएमसीएच की व्यवस्था पोल स्वयं खुल रही है। एमएमसीएच में आपातकालीन कोई ऐसी सुविधा उपलब्ध नहीं है जिससे गंभीर रूप से बीमार व्यक्ति का समुचित इलाज संभव। स्थिति यह है कि अगर कोई गंभीर रूप से घायल व्यक्ति या बीतारी से पीड़ित व्यक्ति एमएमसीएच पहुंचेगा तो उसे मजबूरी मेंआपातकालीन ओपीडी में ही किसी डॉक्टर से दिखाना पड़ेगा। बता दे कि सुबह 7:00 से ही रोगी इलाज कराने की वजह से पर्ची कटा कर लाइन में लग जाते हैं। इलाज कराने आए बुजुर्ग रामराज तिवारी ने बताया कि दो घंटा से वह लाइन में खड़ा हैं। पहले से ओपीडी भी नहीं खुला था। 9:40 में ओपीडी का ताला खुला लेकिन चिकित्सक 10:00 बजे के बाद ही पहुंचे। बैरिया के रहने वाले जयप्रकाश विश्वकर्मा ने बताया कि वह तीन दिनों से लगातार बुखार से पीड़ित है, लेकिन मेडिसिन ओपीडी में डॉक्टर नहीं होने के कारण गुरुवार को भी मजबूरी में जमीन पर बैठकर इंतजार कर रहे हैं। इस संबंध में अस्पताल के सुपरिंटेंडेंट से संपर्क कर उनका पक्ष लेने का प्रयास किया लेकिन संपर्क नहीं हो पाया।



**समय पर नहीं खुलता है ओपीडी**

## मारपीट में तीन घायल, एक रिम्स रेफर

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पाटन थाना क्षेत्र के सतहे पंचायत के सतौआ गांव निवासी दिलीप राम, राजू कुमार रवि, सचिन कुमार को गांव के ही लल्लू साव के बेटे अजीत प्रसाद, पंकज प्रसाद, अखिलेश प्रसाद ने लाठी, डंडे, गड़ासा से मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। तीनों घायलों को इलाज के लिए एमएमसीएच में भर्ती कराया गया है। घायल तीनों के सिर में गंभीर चोट लगी है। दिलीप राम की गंभीर स्थिति देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया है। उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। घायल सचिन कुमार ने बताया कि वह राजू व सचिव के साथ खाने के लिए बुधवार की रात करीब 7:30 बजे गांव के ही एक दुकान पर गए थे। वहां पहले से ही मौजूद अजीत, पंकज, अखिलेश के साथ किसी बात को लेकर बहस हो गई। इसके बाद तीनों मिलकर मारपीट कर गंभीर रूप से घयाल कर दिया। घटना के बाद घायलों के परिजन घटना स्थल पर पहुंच कर इलाज के लिए पहले प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। वहां पुलिस ने तीनों का बयान लिया। पूर्व मुखिया प्रतिनिधि बाबूलाल राम ने बताया कि घटना के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। आशंका है कि चुनाव के दौरान रविदास समाज अलग दल को समर्थन दे रहा था, जबकि मारपीट करने वाले लोग दूसरे दल का समर्थन कर रहे थे। इस बात को लेकर उन लोगों में नाराजगी थी। इस कारण ही घटना को अंजाम दिया गया।

**लाठी, डंडा, गड़ासा से हमला किया**

घटना के बाद घायलों के परिजन घटना स्थल पर पहुंच कर इलाज के लिए पहले प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया

### रक्तदान महादान : धीरज मिश्रा

**मेदिनीनगर।** सामाजिक कार्यकर्ता सह सहायक अध्यापक धीरज मिश्रा ने 14 जून को विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर सभी राजनीतिक दलों, सामाजिक, धार्मिक व्यवसायिक, संगठनों ,स्वयंसेवी संस्थाओं से रक्तदान शिविर आयोजित कर रक्तदान करने का अपील की है। उन्होंने कहा कि पलामू ब्लड बैंक में खास करके रेयर बल्ड ग्रुप ए निगेटिव, बी निगेटिव, एबी निगेटिव, ओ निगेटिव ब्लड समूहों के स्टॉक की कमी रहने के कारण रक्त के जरूरतमन्द मरीजों दिक्कत हो रही है। पिछले 10 वर्षों से पेशे से सहायक अध्यापक सह सामाजिक कार्यकर्ता धीरज मिश्रा ने रक्तदान जागरूकता अभियान के माध्यम से पलामू, गढ़वा, लातेहार, सहित अन्य जगहों से अब तक रक्त के जरूरतमन्दों को अपने सहयोगियों के माध्यम से रक्त उपलब्ध कराने का कार्य कर चुके हैं।

## एक नजर

### कीटनाशक खाकर दो महिलाओं ने किया आत्महत्या का प्रयास



**श्री बंशीधर नगर।** अनुमंडल के अलग अलग थाना क्षेत्र में दो महिलाओं ने कीटनाशक दवा खाकर आत्महत्या का प्रयास किया। दोनों के परिजनों ने स्थिति बिगड़ने पर इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया जहा एक की स्थिति गंभीर देखते हुए चिकित्सक ने बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया। पहला मामला विशुनपुरा थाना क्षेत्र के चितरी गांव निवासी कमलेश पासवान की 16 वर्षीय पुत्री कांति कुमारी ने सलफास की दवा खाकर आत्महत्या का प्रयास किया। परिजनों ने इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया जहा चिकित्सक ने स्थिति गंभीर देखते हुए सदर अस्पताल रेफर कर दिया। परिजनों ने बताया की जिस समय कांति ने सलफास का दवा खाई उस समय घर में कोई नहीं था। दूसरा घटना थाना क्षेत्र के चचेरिया गांव में घटा जहा यासीन अंसारी की 31 वर्षीय पत्नी साजदा बीबी ने कीटनाशक दवा खाकर आत्महत्या का प्रयास किया। इलाज के बाद चिकित्सक ने स्थिति खतरे से बाहर बताया। बताया जाता है की पति पत्नी में आपस में किसी बात को लेकर कहा सुनी हुई जिसके बाद साजदा ने घर में रखे कीटनाशक दवा खाकर आत्महत्या का प्रयास किया।

# लाभुकों ने एक माह का राशन लेने से किया इंकार

## बिना राशन वितरण कराए लौटे प्रखंडकर्मी

**नवीन मेल संवाददाता। केतार**
केतार प्रखंड के बांसडीह कला गांव के ग्रामीणों ने पर्ची निकाल कर तीन माह का राशन नहीं देने का आरोप लगाकर बीडीओ को आवेदन सौंपा था। ग्रामीणों द्वारा प्राप्त आवेदन के आलोक में प्रखंड विकास पदाधिकारी सावित्री कुमारी ने तत्काल एक्शन लेते हुए पंचायत सचिव राम सुरेश राम, जनसेवक राजीव कुमार और प्रखंड समन्वयक राकेश कुमार को अपनी उपस्थिति में डीलर रवि राम से राशन वितरण कराने के लिए भेजा था। प्रखंड कर्मी बांसडीह कला गांव जाकर जनवितरण प्रणाली के दुकानदार रवि राम से जून माह का राशन वितरण शुरू कराया। लेकिन लाभुक अप्रैल, मई माह का बकाया राशन मिलने पर ही जून माह का राशन लेने की बात कहकर राशन लेने से इंकार कर दिया। जिस कारण प्रखंड कर्मियों को बीना राशन वितरण कराये ही वापस लौटना पड़ा। प्रखंड कर्मियों ने बताया की डीलर के दुकान में सिर्फ जून माह का राशन स्टांक है। वहीं ग्रामीणों ने बताया की प्रखंड स्तर से बीडीओ द्वारा डीलर पर कार्रवाई नहीं हुई तो हमलोग उपायुक्त के पास जाकर डीलर की शिकायत करेंगें। उल्लेखनीय है की बांसडीह कला गांव के ग्रामीणों ने डीलर रवि राम पर वर्ष 2023 का चार माह और वर्ष 2024 का तीन माह का राशन नही देने का आरोप लगाकर बुधवार को बीडीओ को आवेदन सौंपा था।



### आंगनबाड़ी केंद्रों में सहायिका पद पर किया जाएगा चयन

**केतार।** केतार पंचायत के केतार उतरी आंगनबाड़ी केंद्र में सहायिका पद का चयन किया जाएगा। इसकी जानकारी मुखिया प्रमोद कुमार ने दी। मुखिया प्रमोद कुमार ने कहा कि 24 जून को सुबह 9 बजे केतार उतरी आंगनबाड़ी केंद्र में ग्राम सभा आयोजित की जाएगी। जिसमे केतार उतरी पोषक क्षेत्र के योग्य अभ्यर्थी भाग ले सकेंगे। ग्राम सभा के माध्यम से सहायिका पद का चयन किया जाएगा।

# सोन नदी से बालू उठाव कर परिवहन करते ट्रैक्टर जब्त

**नवीन मेल संवाददाता। केतार**
केतार थाना क्षेत्र के कधवन - बांसडीह सड़क से पुलिस ने बुधवार की रात्रि में अवैध बालू लदे एक ट्रैक्टर को जब्त किया है। उक्त ट्रैक्टर कधवन गांव का है।जानकारी देते हुए रौशन कुमार वर्णवाल ने बताया की गुप्त सूचना मिली थी की रात्रि में कधवन गांव के सोन नदी से बालू का उठाव कर बांसडीह गांव में परिवहन किया जा रहा है।

इसके पश्चात पुलिस के रात्रि गश्ती दल ने उक्त ट्रैक्टर को कोसडीहरा गांव के पहाड़ी के पास से जब्त किया। थाना प्रभारी ने बताया की उक्त ट्रैक्टर पर कार्रवाई के लिए तैयारी की जा रही है।

एनजीटी के रोक के वावजूद बालू माफिया सोन नदी से अवैध बालू खनन करने से बाज नही आ रहे हैं। इधर सीओ द्वारा कारवाई के लिए खनन विभाग में भेजकर खानापूर्ति किया जा रहा है। इससे बालू माफियाओं का हौसला बुलंद हैं। बालू माफिया एक सप्ताह में ट्रैक्टर का रांयल्टी भरने के बाद ट्रैक्टर छुड़वा लेते हैं और पुनः बालू खनन कार्य में लग जाते हैं।इधर इस सम्बन्ध में पुछे जाने पर जिला खनन पदाधिकारी नंद देव बैठा ने कहा की मेरा स्वास्थ्य खराब है इस सम्बन्ध में अभी बात नहीं करेंगें।



# सहायक अभियोजन अधिकारी नें बीआरसी का किया निरीक्षण

**नवीन मेल संवाददाता। रमना**
गुरुवार को शिक्षा विभाग के सहायक अभियोजन अधिकारी शंभू दत्त मिश्रा ने बीआरसी रमना स्थित दिव्यांग बच्चों के लिए स्थापित रिसोर्स सेंटर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने रिसोर्स शिक्षक उपेंद्र कुमार से विभिन्न पंजी के संधारण व सेंटर में उपलब्ध सामग्री की जानकारी ली। रिसोर्स शिक्षक उपेंद्र कुमार बताये कि सुदूरवर्ती क्षेत्रों में दिव्यांग बच्चें हैं। जिनका टर्न अप नहीं हो पाता है। जिस पर मिश्रा ने कहा कि रिसोर्स सेंटर में दिव्यांग बच्चों को पढ़ने लिखने, एक्सरसाइज एवं मनोरंजन के लिए काफी सामग्री उपलब्ध है। उन्होंने शिक्षक, सीआरपी व अभिभावकों से बच्चों द्वारा इसका लाभ उठाने के लिए प्रेरित करने की बात कही गई, दिव्यांग बच्चों का प्रमाण पत्र बनाने के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में कैंप लगाया जा रहा है। साथ ही सभी वर्ग के बच्चों के लिए पुस्तक बीआरसी में आ गया है। विद्यालय खुलते ही वितरण कर दिया जाएगा। कई कर्मी द्वारा समय से बीआरसी नहीं पहुंचने पर उन्होंने सभी को समय पर बीआरसी आने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि विद्यालय में संचालित प्रोजेक्ट इंपैक्ट एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। जिसे बिना लापरवाही के शत प्रतिशत रूप से विद्यालय में अनुपालन करने की बात कही। साथ ही विद्यालय में ईको क्लब का गठन करने, नोटिस बोर्ड का निर्माण, विद्यालय एक नजर का दिवार लेखन करने, वर्ग कक्ष में डिस्पले बोर्ड लगाने, सभी बच्चों के कॉपी व पुस्तक में जिल्द लगवाने, बाहर जाने के लिए आउट पास बनाने, विद्यालय में खोया पाया बॉक्स, सुझाव - शिकायत पेटी एवं उपचार बॉक्स की व्यवस्था करने आदि निर्देश एपीओ द्वारा दिया गया। साथ ही उन्होंने कहा कि आदर्श विद्यालय के अवधारणा को प्राप्त करने के लिए समय पर विद्यालय पहुंचना एवं सभी गतिविधियों को शत प्रतिशत विद्यालय में लागू करना आवश्यक है। इस मौके पर प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी विजय पांडेय, बीपीओ सुनीता कुजूर, लेखापाल प्रेम समद नीलम, एमडीएम प्रभारी विरेंद्र पाल एवं एमआईएस विजय कुमार सहित अन्य बीआरसी कर्मी उपस्थित थे।



# आग लगने से तीन एकड़ की फसल जल कर हुई राख



**नवीन मेल संवाददाता। कांडी**
कांडी थाना क्षेत्र के चोका गांव निवासी बासुकीनाथ दुबे के निजी खर्च पर तीन एकड़ खेत में लगे बागवानी में आग लगने से पूरा बागवानी जल कर राख हो गया। उक्त घटना बुधवार को दोपहर 12 बजे की है। लगभग 5 सौ की संख्या में पेड़ जल गए।आस पास के कई मोटर को चालू कर बड़ी मुश्किल से आग को बुझाया जा सका। पीड़ित ने बताया कि किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा उक्त घटना को अंजाम दिया गया है। उन्होंने बताया कि मैं 2019 में रांची से पौधा लाकर लगभग तीन एकड़ खेत में 500 की संख्या में फलदार व इमारती पौधा लगाए थे। जिसमें आम, अमरूद ,कटहल, जामुन, गमहार, महोगनी का वृक्ष लगाए थे,जो इस आगजनी में सभी जल गया। सिंचाई के लिए रखा गया पाइप भी जलकर राख हो गया। इस आगजनी में लगभग 10 से 12 लाख की संपत्ति जलने का अनुमान है। उन्होंने बताया कि पिछले दो वर्षों से आम व अमरूद में फल भी मिलना शुरू हो गया था। पीड़ित ने बताया कि इस चिलचिलाती धूप व गर्मी में पेड़ो की सिंचाई करना मुश्किल हो रहा था फिर भी बहुत मेहनत कर सभी पेड़ो को जिंदा रखे हुए थे। लेकिन किसी को उक्त सैकड़ो पेड़ो की प्रगति रास नही आया और पेड़ो को आग के हवाले कर दिया। सरकार पेड़ लगाने पर जोर दे रही है लेकिन यहां पेड़ को काटने और जलाने पर लोग उतर आए हैं।

## पेंशन राशि पाने वाले प्रतिदिन लगा रहे हैं बैंक चक्कर

# सरकार हम लोगों के प्रति गंभीर नहीं : पेंशनधारी

**नवीन मेल संवाददाता। सगमा**
सागमा प्रखंड के बुजुर्गो को वर्ष 2024 से अभी तक पेंशन की राशी नहीं मिली है। वृद्धजनों ने कहा सरकार हम लोगो के प्रति गंभीर नहीं नहीं है । विदित हो की सरकार के द्वारा वृद्ध लोगो के बाकी बचे जीवन में कुछ आसान बनाने के उदेस्य से प्रति माह एक हजार रुपया पेंशन के रूप में सीधे खाते में दिया जाता है वृद्धजन पेंशन राशि की प्रतीक्षा बेसब्री के साथ करते है इस एक हजार रुपए से अपने मन मुताबिक खाने-पीने की सामग्री खरीदने के साथ दावा तथा सर्फ साबुन के लिए पेंशन पीआर निर्भर रहते हैं मगर सगमा प्रखंड के पेंशन धारियों ने लोक लाज के डर से अपने नाम एन छपने की सर्त पर बताया कि हम लोगो को दो हजार बाईस दिसंबर में पेंशन की राशि मिला है।

इसके बाद दो हजार चौबीस के छह महीना बीतने के बाद भी पेंशन राशि की भुगतान नाही हो सका है इस कारण दुकानदार भी कोई सामान देने से मना कर दिया है स्थिति यह है की पेंशन राशी पाने वाले प्रतिदिन बैंक से लेकर गांव में संचालित सीएसपी का चक्कर लगा रहे हैं की शायद इस माह पेंशन आ गया होगा मगर छह माह से निरसा ही मिल रहा है । बुजुर्गो का कहना है की हम लोग कही धरना प्रदशन करने की स्थिति में भी नहीं है हमलोग अपने फरियाद को लेकर किसके पास जाए ।




**बुजुर्गो का कहना है कि हम लोग कहीं धरना प्रदशन करने की स्थिति में भी नहीं हैं, अपनी फरियाद को लेकर किसके पास जाएं**

### उम्मीद है कि नव पदस्थापित सीओ के कार्यकाल में अंचल का चहुमुखी विकास होगा : शशिरंजन दुबे



**नवीन मेल संवाददाता। कांडी**
कांडी-प्रखंड में नव पदास्थापित अंचलाधिकारी राकेश सहाय ने गुरुवार को योगदान दिया। नव पदस्थापित अंचलाधिकारी को भाजपा नेताओं ने अंग वस्त्र देकर सम्मानित किए।
सीओ को सम्मानित करते हुए भाजपा किसान मोर्चा अध्यक्ष राम लाला दुबे,महामंत्री शशिरंजन दुबे व अन्य ने कहा कि नव पदस्थापित सीओ के कार्यकाल में अंचल का चहुमुखी विकास होगा ऐसा उम्मीद है। अंचल में व्याप्त भ्ष्टार्चार पर अंकुश लगेगा। साथ ही बालू का अवैध खनन व परिवहन पर अंकुश लगेगा। सभी ने कहा कि आपके कांडी आने की सूचना पाकर पूरे अंचल की जनता खुश हैं साथ ही सबों के बीच यह उम्मीद जगी है कि अब किसी काम के लिए अंचल का चक्कर लगाना नही पड़ेगा। लंबित पड़े म्यूटेशन व जमीन से जुड़े कार्य अब त्वरित गति से होगा ऐसी उम्मीद है। साथ ही जाति, निवास व आय के लिए लोगों को कई दिनों तक भटकना नही पड़ेगा। इस अवसर पर सभी का धन्यवाद करते हुए सीओ राकेश सहाय ने कहा कि अंचल की जनता का सहयोग की अपील करते हुए यह आश्वस्त करता हूँ कि जनता का कोई भी काम समय पर होगा । साथ ही भ्रष्टाचार पर भी अंकुश लगेगा।

# अवैध बालू का धंधा जोरों पर, खनन विभाग है बेखबर

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**
प्रखंड मे इन दिनों अवैध बालू का धंधा जोरों पर है वही खनन विभाग बेखबर है जबकि सरकार द्वारा 10 जून से बालू खनन को एनजीटी को लेकर रोक लगी है उसके बावजूद भी बालू माफियाओं द्वारा रात-रात में जगकर ट्रैक्टर द्वारा दूसरे प्रखंड क्षेत्र में बेचा जा रहा है।

बताते चलें कि प्रखंड क्षेत्र के छत्तीसगढ़ सीमा स्थित खुरी गायघाट कनहर नदी तथा सड़की कनहर नदी से इन दिनों लगभग 60 से 70 ट्रैक्टर प्रतिदिन अवैध बालू का ढुलाई चिनिया प्रखंड से दूसरे प्रखंड क्षेत्र में ले जाया जाता है। जिसमें रंका मेराल डंडई प्रखंड क्षेत्र के गांव में खुलेआम ट्रैक्टर में बालू लोड कर तिरपाल बांधकर ले जाया जाता है जिसमें शाम 4:00 से लेकर रात भर सड़की, कनहर नदी से गुरु सिंधु जलप्रपात कि सड़क से होते हुए अवैध बालू की ढुलाई डंडई क्षेत्र के पचौर गांव में ले जाया जाता है वही लगभग रात्रि 8:00 बजे से खुरी कनहर नदी से बालू लोड कर चिनिया थाना चौक होते हुए दूसरे प्रखंड क्षेत्र में बालू माफियाओं द्वारा ले जाया जाता है।

तथा चिनिया के आईटीआई के मैदान से होते हुए रंका का क्षेत्र में ले जाया जाता है तथा लगातार सभी ट्रैक्टर आगे पीछे काफी तेज गति में चलते हैं, तथा उसकी धक्का से 1 साल के अंदर में आधा दर्जन से ज्यादा लोगों की जान चली गई है बालू का धंधा रोकथाम के लिए अधिकारी बेखबर है।

वही खनन विभाग व प्रशासन बालु के अवैध धंधे मे संलिप्ता से ईनकार नही किया जा सकता है। वही सरकारी योजना अबूआ आवास नाली सड़क पुल पुलिया आदि में बालू माफियाओं द्वारा भारी भरकम राशि लेकर तो बालू दिए जा रहे हैं खासकर अबुआ आवास के लाभुकों को काफी परेशानी हो रही है । उधर बालु माफियाओं की पैनी नजर प्रशासन पर रहती है कई स्थानो पर रात पर जगकर पुलिस की गतिविधियों की सूचना अन्य अवैध कारोबारी को देते हैं जिससे पुलिस तंत्र फेल हो जाता है। वहीं पुलिस तंत्र को फेल होने से अपराध का भी बढ़ावा मिलेगा, उधर अवैध बालू धुलाई के कारण सरकार के लाखों रुपए का राजस्व का नुकसान हो रहा है तथा नदियों के अस्तित्व भी खतरे में है साथ ही साथ वन क्षेत्र से बालू के धुलाई करने सैकड़ों छोटे पौधों का भी नुकसान हो रहा है ।



## न्यूज बॉक्स

### आपसी विवाद को लेकर मारपीट में दो लोग घायल



**गढ़वा।** घायल लतीफ अंसारी का गढ़वा थाना क्षेत्र के सोनपुरवा लाइन पर मोहल्ला में आपसी विवाद को लेकर महिला सहित दो लोग घायल हो गए। घायलों में स्वर्गीय गुलजार अंसारी का पुत्र लतीफ अंसारी उसकी पत्नी कैमूर बीवी के नाम शामिल है। इसमें लतीफ अंसारी को इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है । घटना के संबंध में लतीफ अंसारी ने आरोप लगाया है कि वह शादी समारोह आदि फंक्शन में खाना बनाने का काम करता है। इसमें मौसम खान के घर के लोगों को भी वह मजदूरी करने के लिए अपने साथ ले जाया करता था। लेकिन कुछ दिनों से उसके परिवार के लोगों को वह अपने साथ मजदूरी करने नहीं ले जा रहा था। इसी बात से आक्रोशित होकर मौसम खान उसकी पत्नी सोनी बीवी उसकी पुत्री लाली खातून गुड्डू खान फातमा खातून आदि ने मिलकर उसके साथ मारपीट कर दिया। घटना के बाद उसके परिजनों ने उसे गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती कराया।

### अधूरा पड़ा निर्माणाधीन अबुआ आवास



**कांडी।** प्रखंड में अबुआ आवास निर्माण के लिए बालू का कोई किल्लत नही है। हाँ एक बात जरूर है कि अबुआ आवास के लाभुकों को बालू के लिए अधिक कीमत चुकानी पड़ रही है।प्रखण्ड में बेधड़क बिना रोकटोक के बालू का अवैध खनन व परिवहन हो रहा है।यहां पर किसी भी योजना में बालू की कोई कमी नही है।किसी भी योजना में बालू की कोई कमी नही है लेकिन मजदूरों की अवश्य कमी है।पहले लोगों को एक ट्रेलर बालू की कीमत 200 से 400 तक मिलता था लेकिन वर्तमान में लाभुकों को एक ट्रैक्टर बालू के लिए 1300 से 4000 तक कीमत देना पड़ रहा है।

### समाजसेवी अमरेंद्र कुमार लोगों को कर रहे जागरूक



**रंका।** शिक्षा विभाग के द्वारा समावेशी शिक्षा के अन्तर्गत दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनवाने के लिए लगने वाले शिविर के बारे में क्षेत्र का भ्रमण कर समाजसेवी अमरेंद्र कुमार के द्वारा दिव्यांग जनों एवं अन्य लोगों को सरकारी लाभ प्राप्त करने हेतु लोगों को जागरूक करने में लगे हुए हैं। इसी कड़ी में उनके द्वारा प्रखंड के शिव नाला टोला में स्थित बेहद गरीब एवं अभाव ग्रस्त परिवार से ताल्लुक रखने वाले सकेन्द्र राम के 13 वर्षीय दिव्यांग पुत्र एस कुमार के बारे में दिव्यांग प्रमाण के लिए प्रेरित किया। एस कुमार दोनों पैर से दिव्यांग है जो चलने फिरने में बिल्कुल असमर्थ है। अमरेंद्र कुमार ने आगामी 21 जून 2024 को गढ़वा में दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाने हेतु आयोजित शिविर के बारे में जानकारी दिया ताकि लोग इसका लाभ उठा सकें।

### मोटरसाइकिल दुर्घटना में तीन बच्चों सहित चार लोग गंभीर रूप से घायल

**गढ़वा।** चिनिया रंका मार्ग पर बघटवा के पास बुधवार की शाम मोटरसाइकिल दुर्घटना में तीन बच्चा सहित चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में रंग का थाना क्षेत्र के सेमर खाड़ गांव निवासी नंदकुमार कोरबा उसका पुत्र अनोज कुमार कोरबा रामगढ़ थाना क्षेत्र के ढूलुआ गांव निवासी तेज कुमार कोरबा का पुत्र रोहित कुमार कोरबा एवं कुंदन कुमार कोरबा के नाम शामिल है। सभी को इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना के संबंध में नंदकुमार कोरबा नें बताया कि चिनिया थाना क्षेत्र के जमुनियाटांड़ स्कूल से सभी बच्चों को मोटरसाइकिल पर बिठाकर अपने घर सेमर खाड़ ले जा रहे थे। इसी दौरान बरवाडीह स्थित वघटवा के पास उसकी मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। घटना के बाद आसपास के लोगों ने तीनों बच्चा सहित सभी घायलों को गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती कराया।

### सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं से लोगों को किया जा रहा वंचित

**भवनाथपुर।** जिला परिषद सदस्य रंजनी शर्मा ने अनुमंडल पदाधिकारी को पत्र लिखकर भवनाथपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा पंचायत प्रतिनिधियों को अपमान करने एवं भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए जांच करने की मांग की है। दिए पत्र में उल्लेख किया है कि प्रखण्ड विकास पदाधिकारी के द्वारा प्रखण्ड में सभी विभागों में सरेयाम भ्रष्टाचार का बढ़ावा दिया जा रहा है तथा योग्य लोगो को सरकार के महत्त्वकाक्षी योजना से वंचित रखा जा रहा है जांच का एक तिथि निर्धारित कर प्रतिनिधियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओ की उपाथिति में जांच करना जनहित के लिए आवश्यक है। प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा उक्त विषय के साथ-साथ सरकार एवं जिला प्रशासन के पत्रों का भी अनुपालन भी किया जा रहा है। जिसको लेकर कई बार धरना प्रदर्शन भी किया गया। इसके बाद पंचायत प्रतिनिधि आंदोल करने को बाध्य होंगे।

### सड़क दुर्घटना में दो लोग गंभीर रूप से घायल

**भवनाथपुर।** टाउनशिप मुख्य पथ के देवी धाम के पास तीखे मोड़ पर एक स्कूटी और गाय बीच हुए टकराव में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हे सिंदुरिया निवासी सुबोध पाठक के द्वारा अपने निजी बाईक से भवनाथपुर सी एच सी में ईलाज के लिए भर्ती कार्य गया है।घायलों में अरसली उतरी निवासी संजय चौरसिया पुत्र अमन चौरसिया और संजय चौरसिया के यूपी निवासी रिश्तेदार शाला का पुत्र पुस्कर चौरसिया का नाम शामिल है। घटना के बारे में बताया जाता है की उक्त दोनों युवक शाम को अरसली अपने गांव से स्कूटी पर सवार होकर भवनाथपुर आ रहे थे।

### उपायुक्त की अध्यक्षता में राजस्व संग्रहण की बैठक हुई संपन्न

# राजस्व संग्रह के शेष लक्ष्य को पूरा करने का दिया निर्देश




**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**
लातेहार उपायुक्त गरिमा सिंह की अध्यक्षता बृहस्पतिवार को समाहरणालय सभागार में राजस्व संग्रहण की बैठक का अयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त ने जिले में राजस्व संग्रहण की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की। बैठक में वित्तीय वर्ष 2024-25 के तहत निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध अब तक किए गए राजस्व संग्रहण की विभागवार समीक्षा कर सभी पदाधिकारियों को वित्तीय वर्ष के लिए निर्धारित लक्ष्य को शत प्रतिशत पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। बैठक में उपायुक्त के द्वारा, भु-लगान, दाखिल-खारीज, भूमि-सीमांकन की समीक्षा की गई। इस दौरान उपायुक्त ने जमीनों के दाखिल-खारिज से संबंधित कार्यो की समीक्षा कर सभी अंचलाधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी आवेदनों का उचित कारणों के साथ ससमय समाधान कराएं। साथ ही वैसे आवेदन जिसमें कोई त्रुटि हो तो उनको भी उचित कारणों के साथ अस्वीकृत करें। बैठक में उपायुक्त ने सभी विभागीय पदाधिकारियों से राजस्व संग्रहण में आ रही समस्याओं पर विस्तार पूर्वक जानकारी ली। उन्होंने आपसी समन्वय स्थापित कर राजस्व संग्रह के शेष लक्ष्य को पूरा करने का निर्देश दिए। साथ ही राजस्व संग्रहण की धीमी गति वाले विभागों को सुधारात्मक प्रगति लाने व शेष लक्ष्य को ससमय पूरा करने का निर्देश दिया गया। राजस्व संग्रहण में लक्ष्य के विरुद्ध शतप्रतिशत उपलब्धि हासिल करने को कहा। बैठक में अपर समाहर्ता रामा रविदास, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार कौशल कुमार, भूमि सुधार उप समाहर्ता उदय कुमार, निदेशक डीआरडीए प्रभात रंजन चौधरी, जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेन्द्र कुमार, कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत राजीव रंजन, विशेष कार्य पदाधिकारी गोपनीय शाखा श्रेयांश एवं सभी अंचल अधिकारी उपस्थित थे।

## बाइक दुर्घटना में तीन घायल, एक की स्थिति गंभीर, रेफर

**गिद्धौर(चतरा)।** गिद्धौर थाना क्षेत्र के बघमरी बुध बाजार के समीप गुरुवार को बाइक दुर्घटना में तीन लोग घायल हो गए। वहीं बाइक पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। घायलों में एक युवक की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार चतरा सदर थाना क्षेत्र के लोवागड्डा गांव निवासी पच्चु रविदास के पुत्र विनोद दास, पुत्री शीला देवी व दोस्त अनिल भुइयां के साथ हजारीबाग पेलावल से घर लौट रहा था। इसी क्रम में बघमरी बुध बाजार के समीप बाइक अनियंत्रित होकर सखुआ के पेड़ में जा टकराई। जिसमें तीनो घायल हो गए। तीनों घायलों को गिद्धौर के पिंटू कुमार ने अपने वाहन से प्राथमिक इलाज को ले स्वास्थ्य केंद्र गिद्धौर पहुंचाया। गंभीर रूप से घायल विनोद दास को बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना पुलिस को मिली तो पुलिस अवर निरीक्षक सुनील कुमार सिंह घटना स्थल पर पहुंचे और दुर्घटनाग्रस्त बाइक को कब्जे में लिया।

## अमगांवा में शिव चर्चा का आयोजन

**सिमरिया (चतरा)।** सिमरिया प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत अमगांवा में गुरुवार को शिव हनुमान मंदिर प्रांगण में महिला ग्रुप द्वारा शिव चर्चा का आयोजन किया गया। ग्रुप की सुचिता देवी ने बताया कि यह आयोजन प्रधानमंत्री मोदी जी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बने की खुशी में किया गया। महिलाएं भजन कीर्तन किया एवं समापन के बाद प्रसाद का वितरण किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विनीता देवी, गीता देवी, गणिता देवी सहित अन्य महिलाओं महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## डीएसपी ने अवैध बालू लदे ट्रैक्टर को किया जब्त

**मयूरहंड(चतरा)।** एनजीटी एक्ट लागू होने से मयूरहंड प्रखंड क्षेत्र में बालू के अभाव में अबुआ आवास पर ग्रहण लग गया है। एक तरफ झारखंड सरकार सुलभ व किफायती दर पर अबुआ आवास लाभुकों को बालू मुहैया कराने का निर्देश जारी कर आवास निर्माण में तेजी लाने का निर्देश जारी करा रही है। वहीं दुसरी ओर थाना क्षेत्र में गुरुवार को पुलिस उपाधीक्षक रोहित कुमार रजवार ने बराकर नदी बालू घाट पर छापामारी अभियान चलाया। इस दौरान अवैध बालू की ढुलाई में जुटे एक बालू लदे ट्रैक्टर को जब्त कर मयूरहंड थाना को सौंपा और इसकी जानकारी अंचल अधिकारी को दी।

## बीएसएनल ऑफिस के पास हुई बाइक दुर्घटना में एक युवक घायल

**बालूमाथ।** सेरेंगड़ा मार्ग पर बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय का बीएसएनल एक्सचेंज ऑफिस के पास बाइक दुर्घटना में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक की पहचान बालूमाथ थाना क्षेत्र के नगड़ा ग्राम निवासी स्वर्गीय धनेश्वर मांझी के पुत्र राजेश पासवान के रूप में हुई है। जिसे बेहोशी कि हालत मे स्थानीय लोगों की सहायता से बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां पर डॉक्टर ध्रुव कुमार ने राजेश पासवान की स्थिति को गंभीर और चिंताजनक देखते हुए प्राथमिक उपचार की पश्चात बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार राजेश पासवान आपने जरूरी कार्यों का निपटारा कर बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय से बाइक द्वारा अपने घर जा रहा था कि ईसी दौरान वह बालिका उच्च विद्यालय के आगे बीएसएनएल एक्सचेंज ऑफिस के पास अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

## छत से गिरकर 6 वर्षीय बच्चा गंभीर रूप से हुआ घायल

**बालूमाथ।** प्रखंड मुख्यालय के दुर्गा मंडप के समीप छत से गिरकर एक 6 वर्षीय बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल बच्चे की पहचान दुर्गा मंडप मोहल्ला निवासी टुनु भुईया के पुत्र सत्यम कुमार के रूप में हुई है। जिसे परिजनों द्वारा बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाया गया। जहां पर डॉक्टर सुरेंद्र कुमार एवं डॉक्टर अलीशा टोप्पो ने संयुक्त रूप से प्राथमिक उपचार के पश्चात उसकी स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार उक्त बच्चा अपने अन्य दोस्तों के साथ पक्के घर के छत पर खेल रहा था की इसी दौरान वह अनियंत्रित होकर मुंह के बाल छत से नीचे गिर पड़ा ' जिससे उसके दांत और चेहरा मे काफी चोट लगी है।

## ऑन द स्पॉट बीडीओ ने दी पेंशन स्वीकृति, लाभुकों में हर्ष

**मयूरहंड(चतरा)।** मयूरहंड प्रखंड विकास पदाधिकारी मनिष कुमार ने अपने कार्यालय कक्ष में गुरुवार को आठ वृद्धा पेंशन आवेदनों को ऑन द स्पॉट दस्तावेजों के अवलोकन उपरांत स्विकृति दी। बीडीओ ने बताया कि जनहित योजनाओं का लाभ लाभुकों को पहुंचाना पहली प्राथमिकता है। पेंशन जैसे लाभ के लिए लाभुकों को कार्यालय का चक्कर ना काटना पडे। इसके लिए सभी मुखिया व पंचायत सचिव को निर्देश दिया गया है कि पंचायत स्तर पर हीं पेंशन संबंधी जरुरी कागजात दुरुसत करें। ताकि लाभुकों को प्रखंड कार्यालय का चक्कर न काटना पडे। मौके पर रुकमनी देवी, मेवा देवी, शांति देवी, सुदामा देवी,सबिया देवी, बरीफन खातुन, अमना खातुन आदि को पेंशन स्विकृति दी गई। उक्त लाभुकों ने बीडीओ का अभार व्यक्त करते हुए इस कार्य के लिए हर्ष किया।

## एक बार फिर नागमणि ने रक्तदान कर महिला की बचाई जान




**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**
आज की भाग दौड़ कि जिंदगी में जहां एक और युवा वर्ग अपना कैरियर बनाने में लगे हैं तो वहीं दूसरी ओर कुछ ऐसे युवा भी हैं जो कैरियर बनाने के साथ समाज के प्रति भी अपना दायित्व बेखुबी निभा रहे हैं।उन्हीं में से एक हैं लातेहार के युवा नेता नागमणि कुमार।जो अपने कार्य करने के साथ साथ समाज के लिए भी कुछ करते रहते हैं। उनसे आज के युवाओं को प्रेरणा लेनी चाहिए।आगे आकर अधिक से अधिक रक्तदान करना चाहिए ऐसा इसलिए कहां जा रहा है ।जहां लातेहार सदर अस्पताल में भर्ती सेरनदाग, हेरहंज की रहने वाली लीलावती देवी को डॉक्टरों द्वारा तत्काल रक्त चढ़ाने की बात कही, जिसके बाद उनके परिजन चिंतित हो गये ।जैसे ही इसकी जानकारी नागमणि को मिली तो उन्होंने एक बार फिर आगे बढ़कर महिला के लिए रक्तदान करने की बात कही । उन्होंने रक्तदान कर महिला का जीवन बचाने का अतुलनीय कार्य किया। इससे पहले भी नागमणि ने 16 से अधिक बार रक्तदान किया है ।रक्तदान करने के बाद युवा नेता नागमणि ने कहा की रक्त हमें एक दूसरे से मिलाता है। मेरा तात्पर्य यह है कि जब आप किसी अंजान व्यक्ति को अपना रक्त दान करते हैं तो वह आपके प्रति एक अलग ही नजरिया रखता है और हमेशा आपका सम्मान करता है। इसलिए लातेहार के युवाओं को भी आगे बढ़कर रक्तदान करना चाहिए।,

## बीडीओ ने बीएलओ, पर्यवेक्षक के साथ की बैठक, वॉलेंटियरों को दिया गया प्रशस्ति पत्र



**नवीन मेल संवाददाता। गिद्धौर(चतरा)**
गिद्धौर प्रखंड कार्यालय सभागार में गुरुवार को बीडीओ राहुल देव ने बीएलओ, पर्यवेक्षक, सुपरवाइजर के साथ बैठक किया। बैठक में मतदाता सूची की समीक्षा करने के साथ प्रखंड में शांतिपूर्ण लोकसभा चुनाव संपन्न होने पर सभी कर्मियों के प्रति आभार प्रकट किया।
साथ ही लोकसभा चुनाव संपन्न होने के साथ ही झारखंड विधानसभा चुनाव की तैयारी प्रारंभ करने की बात कही। सभी बीएलओ को प्रपत्र 6, 7 व 8 सहित अन्य प्रपत्रों के बारे में विस्तृत जानकारी दिया। दूसरी ओर लोकसभा चुनाव में बेहतर कार्य करने पर वॉलिंटियरों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। बैठक में बीपीओ रामकुमार सिंह, दिगंबर पांडेय, कांति देवी, उषा देवी, सुनैना देवी आदि शामिल थे।

## कैरो में नेहान फैशन वस्त्रालय का हुआ उद्घाटन

**कैरो/लोहरदगा।** प्रखंड के कैरो चट्टी मुख्य पथ पर शहादत मोड़ नगजुआ चरीमा के सामने मुख्य पथ के बगल में नेहान फैशन वस्त्रालय का उद्घाटन कैरो प्रखण्ड अंजुमन इस्लामिया कैरो के सदर जमील अख्तर सेक्रेटरी समीद अंसारी,हाफिज जसिमुदिन,जे एम एम के प्रखण्ड अध्यक्ष मो सजाद,रेयाज अंसारी आदि के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। मौके पर प्रखण्ड अंजुमन इस्लामिया कैरो के सदर व सेक्रेटरी ने कहा कि क्षेत्र में इस तरह के कपड़े की दुकान की कमी थी जो आज पूरी हो गई,चरीमा में नए फैशन की कपड़े की दुकान खुलने से क्षेत्र के लोगो को काफी राहत मिलेगी।वस्त्रालय के संचालक मकसूद अंसारी ने कहा हमारा मकसद क्षेत्र के लोगो को सुविधा मुहैया कराना है,आने वाले समय मे और भी एक से बढ़कर एक फैशनेबुल कपड़े उपलब्ध होंगे।

## लोहरदगा में खुल रहा पहला स्विमिंग क्लास



**लोहरदगा।** शहरी क्षेत्र के टाइनी टास्क स्कूल के प्रांगण में दिनांक 17/6/24 दिन सोमवार से बच्चों के लिए स्विमिंग क्लास शुरू होने जा रहा है। यह स्विमिंग क्लास 15 साल तक के बच्चों के लिए शुरू किया जा रहा है, जो कि सप्ताह में पांच दिनों (सोमवार से शुक्रवार) तक चलेगा। इसमें लड़कियों के लिए समय शाम 4:00 से 5:00 बजे तक और लड़कों के लिए शाम 5:00 बजे से 6:00 बजे तक है। यहां कुशल प्रशिक्षक के द्वारा बच्चों को प्रशिक्षण दिया जाएगा।

## शांतिपूर्ण एवं सौहार्द पूर्ण वातावरण में बकरीद मनाने का लिया गया निर्णय

**प्रतापपुर (चतरा)।** प्रतापपुर प्रखंड मुख्यालय स्थित थाना परिसर में गुरुवार को आगामी बकरीद पर्व को शांति पूर्वक मनाने को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गयी। जिसकी अध्यक्षता अंचलाधिकारी नित्यानंद दास और संचालन थाना प्रभारी मो. कासिम अंसारी ने किया। बैठक में बकरीद पर्व को सामाजिक भाईचारे एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने का निर्णय लेते हुए पंचायतवार समीक्षा की गयी। बैठक को संबोधित करते हुए अंचलाधिकारी ने कहा कि धार्मिक भावना को भड़काने वाले संगीत पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा। इसके अलावे धार्मिक उन्माद को भड़काने तथा सामाजिक समरसता तथा आपसी भाइचारे को बिगाड़ने वाले हुड़दंगियों एवं असमाजिक तत्वों पर कडी कार्रवाई करने।

## ग्रामीणों ने की पीएमजीएसवाई सड़क निर्माण में अनियमितता की शिकायत



**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**
प्रखंड में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना निर्माण कार्य में व्यापक पैमाने पर अनियमितता बरते जाने की शिकायत मिल रही है। पूर्व में इस योजना मद से आदर्श नगर से संत क्लारेट स्कूल होते हुई लेदगाई तक बन रहे पीसीसी सड़क निर्माण में निम्न स्तर के पीसीसी ढलाई का ग्रामीणों ने जमकर विरोध किया था। इसके बावजूद भी निर्माण कार्य में कोई सुधार होता नहीं दिख रहा है।गुरुवार को प्रखंड के उक्कामाड़ पंचायत के मुरु ग्राम में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से हो रहे पुलिया निर्माण बरती जा रही अनियमितता के विरुद्ध संबंधित संवेदक के विरुद्ध जिप सदस्य कन्हाई सिंह के नेतृत्व मेंग्रामीणों ने जमकर विरोध किया। जिसमे जिप सदस्य के साथ साथ भाजपा एससी मोर्चा अध्यक्ष दिलीप पासवान समेत काफी संख्या मेंग्रामीण शामिल थे। जिप सदस्य ने बताया की सड़क एवम पुलिया निर्माण कार्य करवा रहे संवेदक संबंधित विभाग के जूनियर इंजीनियर व सहायक अभियंता की अनुपस्थिति ग्रामीण मुंशी द्वारा निम्न स्तर का कार्य करवाया जा रहा। जिससे निर्माण कार्य का गुणवत्ता से खिलवाड़ किया जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क में बन रही पुलिया में लगने वाले निम्न स्तर के सरिया का उपयोग किया जा रहा साथ ही पुराने पुलिया निर्माण कार्य के अगल-बगल ही पुराने मृत पत्थर को उखाड़ कर ही नए पुलिया में लगाया जा रहा है। इसके साथ ही कम गुणवत्ता वाले कम मात्रा में सीमेंट देकर ढलाई किया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना था कि निर्माण स्थल में कहीं भी योजना बोर्ड नहीं लगाया गयाजिससे योजना में किसी भी तरह पारदर्शिता नही बरती जा रही है। ग्रामीणों ने करोड़ों रुपए की लागत से बन रहे है पीएम एजीएस वाई सड़क एवं पुल पुलिया निर्माण की गुणवत्ता में सुधार लाने की मांग लातेहार उपायुक्त एवं संबंधित निर्माण कर एजेंसी से किया है।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गढ़वा।**
सहिजना मोड़, गढ़वा (झारखण्ड) पिन नं0 822114 Email :- eedwsd.garhwa1@gmail.com

**ई–प्रोक्योरमेन्ट सूचना**
**(3rd Call)**
अति अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या - DWSD/GAR-01/2024-25 दिनांक – 12.06.2024

1. Name of Work :- Construction of Gravel Packed tube well of 300x125 mm dia and 60 mtr. (av.) depth complete (by Mechanical Rotary Rig Machine with mud pump mounted on Truck) and D.T.H. Rig machine with installation of india Mark-II Hand pump, Construction of platform & drain etc. on "Turnkey basis" under D.W.&S. Division, Garhwa for the Year 2024-25.

| ग्रुप संख्या | ड्रिल्ड नलकूपों की संख्या | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (लाख में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| GAR/GPT/60mtr-02 | 40 Nos | 58.91206 | 1.18 | 10,000.00 | 90 Days |
| GAR/GPT/60mtr-03 | 40 Nos | 58.91206 | 1.18 | 10,000.00 | 90 Days |
| GAR/GPT/60mtr-04 | 26 Nos | 38.29284 | 0.77 | 5,000.00 | 90 Days |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2 | वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | | 14.06.2024 समय 12:30 बजे अपराहन् तक |
| 3 | निविदा प्राप्ति (ऑनलाईन बिडींग) की अन्तिम तिथि एवं समय | | 21.06.2024 समय 05:00 बजे अपराहन् तक |
| 4 | सरकार के सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई0 गवर्नेस,झारखण्ड मंत्रालय, के ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.23 के आलोक में विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि Online जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | – | 21.06.2024 समय 05:00 बजे अपराहन् तक |
| 5 | तकनीकी बिड खोलने की तिथि एवं समय | – | 22.06.2024 समय 05.00 बजे अपराहन् |
| 6 | तकनीकी बिड खोलने का स्थान | – | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल, गढ़वा। |
| 7 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम/पदनाम | - | ई0 प्रदीप कुमार सिंह, कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल, गढ़वा। |
| 8 | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का टेलिफोन नं0 – 9973003856 | | |
| 9 | ई– प्रोक्यूरमेन्ट सेल का हेल्पलाईन सं0 0651–2490920 | | |

नोट – केवल ई निविदा ही स्वीकार किये जायेंगे।
अधिक जानकारी के लिए वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल, गढ़वा।
PR 326255 (Drinking Water and Sanitation) 24-25 (D)



**कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग**
(भूमि संरक्षण निदेशालय, झारखण्ड)
कार्यालय–भूमि संरक्षण पदाधिकारी, लातेहार।

**आवश्यक सूचना**
आम सूचना के माध्यम से लातेहार जिला अंतर्गत सभी कृषक/पानी पंचायत /जलछाजन समिति/ महिला स्वयं सहायता समूह/महिला सखी मंडल/कृषक समूह/लैम्पस–पैक्स एवं अन्य कृषक संगठन को सूचित किया जाता है कि **Cyber Fraud** के माध्यम से कृषकों से ट्रैक्टर वितरण के नाम पर राशि की मांग की जा रही है। इस संबंध में कृषकों को यह सूचित किया जाता है कि ट्रैक्टर उपलब्ध कराने हेतु विभाग से किसी भी कृाक/लाभुक को फोन नहीं किया जाता है। यदि ट्रैक्टर वितरण के नाम पर राशि की मांग हेतु कोई फोन आता है, तो तुरन्त अपने नजदीकी थाना मे शिकायत दर्ज करें।

भूमि संरक्षण पदाधिकारी,
लातेहार।
PR 326231 Agriculture(24-25)D



**झारखण्ड सरकार**
**कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (कृषि प्रभाग)**
**कार्यालय, जिला कृषि पदाधिकारी, लातेहार**

**किसान भाईयों के लिए आवश्यक सूचना**
किसान भाईयों, जलवायु परिवर्तन के कारण जिले में अल्प, असामान्य एवं असमय वर्षा हो रही है। जिसमें 2–3 वर्षो से सुखाड़ की स्थिति उत्पन्न हो रही है। प्रमुख फसल धान एवं मक्का फसल की काफी छति हो रही है एवं उत्पादन भी कम हो रहा है। वैज्ञानिकगण द्वारा विभिन्न फसलों की प्रजातियाँ विकसित की है, जो कम पानी एवं कम समय में अधिक उत्पादन दे रही है। कम पानी को देखते हुए किसान भाइयों को दलहन, तेलहन एवं मोटे अनाज की खेती को बढावा देने की आवश्यकता है, इन फसलों की खेती कम पानी, कम समय, कम खर्च में आसानी से की जा सकती है। इसके साथ ही मोटे अनाजों में काफी पोशक तत्व मौजूद होता है जो स्वास्थ्य के लिए लाभदायक होता है। वर्तमान में मोटे अनाजों से कई प्रकार का व्यंजन एवं अन्य चीजें बनाई जा रही है, जिसमें देश के किसानों को अत्यधिक लाभ भी मिल रहा है ज्ञातव्य हो कि संयुक्त राश्ट्र संघ द्वारा वर्श 2023 को अतंर्राष्ट्रीय मोटा अनाज वर्श घोषित किया गया है।
वर्ष 2024–25 में राज्य सरकार द्वारा झारखण्ड मिलेट मिशन योजना प्रारम्भ की गई है। इस योजना में मोटे अनाज मडुआ, ज्वार, बाजरा, साँवा, कोदो आदि की खेती करने पर विभाग द्वारा रू. 3000– रू. 15000 रूपये प्रोत्साहन राशि देने का कार्यक्रम है एक किसान को न्यूनतम 10 डिसमील से 5 एकड तक के लिए प्रति किसान रू. 3000 से 15000रू. तक प्रति किसान को DBT के माध्यम से उनके खाते में राशि हस्तांतरित कर लाभ प्रदान किया जाना है। किसान भाई प्रोत्साहन राशि का लाभ निम्न प्रकार ले सकते है। जिले के किसान भाई निम्न प्रक्रियाओं को अपनाकर इस योजना का लाभ प्राप्त कर सकते है।

**झारखण्ड राज्य मिलेट मिशन योजना की प्रमुख विशेषताऐं:–**
1. रैयत एवं बटाईदार किसान पात्र हैं।
2. किसानों को 5 एकड़ क्षेत्र तक के लिए 15000 रूपये प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी।
3. डेमोंस्ट्रेशन (Demonstration) क्लस्टर 5–10 हेक्टेयर प्रति वर्श प्रति प्रखण्ड में किया जायेगा।
4. मिलेट बीज बैंक की स्थापना के लिए SHG, FPO, Cooperative Societies, KVKs इत्यादि को समर्थन देना।
5. मिलेट उत्पादन में सर्वश्रेश्ठ मिलेट किसानों एवं मिलेट बीज बैंक को नकद पुरस्कार का प्रावधान।

**किसानो के लिए पात्रता मापदन्ड :–**
- वैसे किसान जो झारखण्ड के स्थाई निवासी हैं।
- अनुदान रैयत एवं बटाईदार दोनों तरह के कृषको के लिए देय होगा।
- न्यूनतम 10 डिसमिल से अधिकतम 5 एकड़ भूमि में मिलेट की खेती करने वाले किसान।
- मिलेट फसलों यथा रागी/मडुवा, ज्वार एवं बाजरा की खेती की निर्धारित की गयी कुल लागत का 30 प्रतिशत अनुदान या 3000 रु० (तीन हजार) प्रति एकड़ देय होगा।
- कृषको को लाभ लेने के लिए प्रज्ञा केन्द्रों के सहयोग से ऑनलाइन पंजीकरण करना होगा. पूर्व से योजनाओं में लाभ प्राप्त करने हेतु पंजीकृत कृषको को दोबारा पंजीकरण की आवश्यकता नहीं है, परन्तु मिलेट योजना में आवेदन करना आवश्यक होगा ।
- कृषकों को प्रति वर्ष 30 अगस्त से पूर्व आवेदन करना अनिवार्य होगा।
- किसानो के पास वैध आधार नंबर एवं मोबाइल नंबर तथा बैंक पासबुक होना अनिवार्य है।

अधिक जानकारी के लिए अपने प्रखण्ड के प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी एवं प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक, सहायक तकनीकी प्रबंधक से सम्पर्क कर सकते है।

जिला कृषि पदाधिकारी,
लातेहार।
PR.NO.326305 Agriculture(24-25):D



**कार्यालय, प्रभारी न्यायाधीश, व्यवहार न्यायालय, गुमला**
**(नजारत शाखा)**

**नीलामी सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जिला स्तरीय नीलामी समिति के द्वारा व्यवहार न्यायालय, गुमला की कुल 08 (आठ) निश्प्रायोजित वाहनों की नीलामी का निर्णय लिया गया है। नीलामी योग्य वाहनों की विवरणी निम्नप्रकार है–

| क्र0 | वाहन संख्या | वाहन का प्रकार | वाहन का न्यूनतम आरक्षित मूल्य |
|---|---|---|---|
| 1. | BR41 2584 | AMBASSDOR CAR | 30,000.00 |
| 2 | BR41 3397 | AMBASSDOR CAR | 30,000.00 |
| 3 | BR41 2941 | AMBASSDOR CAR | 33,000.00 |
| 4 | BEN 7144 | AMBASSDOR CAR | 30,000.00 |
| 5 | JH07C 6341 | AMBASSDOR CAR | 33,000.00 |
| 6 | JH07D 5381 | AMBASSDOR CAR | 50,000.00 |
| 7 | JH07C 5127 | AMBASSDOR CAR | 43,000.00 |
| 8 | JH07D 4221 | INDIGO CS CAR | 70,000.00 |

व्यवहार न्यायालय, गुमला की उक्त वाहन को भौतिक रुप से देखे जाने हेतु व्यवहार न्यायालय, कार्यालय नाजीर से कार्यालय कार्य अवधि के बीच सम्पर्क कर देखा जा सकता है।
वाहन के संबंध में किसी भी प्रकार की सूचना व्यवहार न्यायालय के नजारत शाखा से प्राप्त की जा सकती है। उक्त **वाहन की नीलामी जिला स्तरीय नीलामी समिति द्वारा दिनांक 02.07.2024 को समय–03.00 बजे अपराह्न में स्थानीय नगर भवन, गुमला** में किया जायेगा। नीलामी में भाग लेने वाले आम जनों को निम्नलिखित शर्त्तो का पालन किया जाना अनिवार्य होगा।
1. नीलामी से पूर्व डाकवक्ता को जिस भी वाहन के लिये डाक में भाग लेना हो वैसे वाहनो का निबंधन संख्या अंकित करते हुये एक आवेदन करना होगा, जिसके साथ उनका पहचान पत्र, आधार कार्ड की प्रति एवं प्रत्येक वाहन के लिये 5000.00 (पांच हजार) रुपये मात्र का बैंक ड्राफ्ट जिला एवं सत्र न्यायाधीश के नाम से प्रतिभूति राशि के रुप में जमा करना अनिवार्य होगा अन्यथा वे नीलामी में भाग नही ले सकेगें। नीलामी के बाद असफल डाकवक्ता को प्रतिभूति राशि वापस की जायेगी तथा सफल डाकवक्ता के डाक राशि को समायोजित कर ली जायेगी। सफल डाकवक्ता को छोड़कर अन्य व्यक्तियों का अग्रधन/डाक राशि वापस कर दी जायेगी। नीलामी उपरांत नीलाम हुये वाहन को डाकवक्ता के द्वारा स्वयं के खर्च पर वाहन को ले जाना होगा एवं किसी भी प्रकार का परिवहन व्यय इसके निमित्त देय नही होगा।
2. नीलामी की तिथि को समिति के अध्यक्ष द्वारा रद्द किया जा सकता है। इसके लिये किसी भी प्रकार की कोई अपील नही की जा सकती है या मुआवजा की मांग नही की जा सकती है।
3. नीलामी का आधार **जो वाहन जहां है जैसा है**, भौतिक रुप से उपलब्ध वाहन की स्थिति या वाहन का कागजात जिस भी स्थिति में होगा, उसी रुप में देय होगा। इसके विरुद्ध किसी प्रकार का कोई दावा नही किया जा सकेगा।
4. प्रभारी न्यायाधीश, व्यवहार न्यायालय, गुमला के द्वारा सफल क्रेता/निविदाकर्त्ता के नाम से वाहन का निबंधन कराने के निमित्त मात्र नीलाम कर दिये जाने का अधिकार पत्र निर्गत किया जायेगा एवं वाहनों को सभी अधिभार से मुक्त (free from any encumbrances) मानते हुये नीलामी की जायेगी।
5. उच्चतम डाकवक्ता अगर एक सप्ताह के अंदर सम्पूर्ण नीलामी डाक राशि को जमा नही करते हैं, तो प्रतिभूति राशि के रुप में जमा राशि को जप्त कर ली जायेगी।
6. वाहन नीलामी के लिये दिनांक 31.06..2024 तक व्यवहार न्यायालय, गुमला मे कार्यालय नाजीर के पास आवेदन समर्पित किया जा सकता है जिसमें भाग लेने वाले व्यक्ति को सादे पन्ने में आवेदन सहित अपना आधार कार्ड अथवा अन्य पहचान पत्र जमा कराते हुये वाहन का अग्रधन राशि का डी0डी0/नाजीर रसीद प्राप्त कर आवेदन करेगें, अन्यथा बिना नाजीर रसीद एवं उचित पहचान पत्र के आभाव में वे नीलामी में भाग नही ले सकेगे।
7. अध्यक्ष एवं नीलामी समिति का निर्णय अंतिम होगा तथा नीलामी रद्द करने या नीलामी की तिथि में फेरबदल करने के निर्णय लेने हेतु पूर्ण रुप से सक्षम होगें, उनके द्वारा लिये गये निर्णय को किसी भी स्थिति में चुनौती नही दी जा सकेगी।

प्रभारी न्यायाधीश,
व्यवहार न्यायालय, गुमला
PR 326268 Law(24-25)#D

## एक नजर

### ग्रामीणों ने वनों में पाए जाने वाले बीज को इकट्ठा कर बीज गोला बनाया



**लोहरदगा।** सेन्हा प्रखंड अन्तर्गत अलौदी पंचायत के ग्राम चुरकु में वन प्रबंधन समिति व ग्रामीणों के सहयोग से गांव क्षेत्र में पाए जाने वाले बीज को इकठ्ठा कर बीज गोला बनाया गया। ग्रामीणों का कहना है कि हमारे गांव का जंगल पेड़ के कटाई से पूरा उजड़ कर साफ हो गया है। जिसको हमलोग बढ़ाने का काम कर रहे हैं क्योंकि जंगल हमलोग का अमूल्य धन है। जंगल से हमलोगो के लिए शुद्ध हवा एवं अनेक प्रकार का वन उपज प्राप्त होता है। साथ ही ग्रामीणों ने जंगल का सुरक्षा व देख रेख करते हुए इसे बढ़ाने का कार्य कर रहे हैं। वही आदिवासी सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। सब लोग झूमते हुए बीज का गोला बना कर तैयार किए। जिसमें बदलाव फाउनडेशन और प्रदान संस्था से जगतरणी कुमारी, दिलीप नायक, गोपाल उरांव, एम ग्रामीण गीता उरांव, दल्लू, सोमा, बिरिया, नेमा, जिरमइन, दुलारी, बिंदु एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

### युवती को भगा ले जानेवाले आरोपी के विरुद्ध प्राथमिकी

**गुमला।** गुमला जिला अंतर्गत स्थित सिसई थाना क्षेत्र के कुदरा बगीचा टोली गांव निवासी हरिनाथ लोहरा ने गलत नियत से बेटी को भगा ले जाने के वाले अपने ही गांव के आरोपी सूर्यदेव उरांव पर गुरुवार को केस दर्ज कराया है। आवेदन में कहा गया है कि 30 मई को उसकी बेटी सीमा कुमारी (19) दो बजे घर से निकली थी जो घर वापस नहीं लौटी, खोजबीन करने पर पता चला कि सीमा गांव के ही सूर्यदेव से बातचीत करती थी। जिस दिन से सीमा गायब है उस दिन से सूर्यदेव भी गांव से गायब है। पहले भी सूर्यदेव दो बार सीमा को भगा ले गया था। जिसे खोज कर घर वापस लाने पर सूर्यदेव ने जान से मारने की धमकी देता था।

### सड़क दुर्घटना में युवक घायल, भेजा गया अस्पताल

**सेन्हा-लोहरदगा।** सुदूरवर्ती ग्रामीण पठारी क्षेत्र के पथ पर मवेशी को बचाने के दौरान मोटरसाइकिल चालक हुआ घायल ग्रामीणों के सहयोग से अस्पताल में कराया गया भर्ती। सेन्हा थाना क्षेत्र के सुद्रवर्ती ग्रामीण पठारी पथ पर मन्हे गांव स्थित मोड़ के पास जानवर से टकराने पर मोटरसाइकिल सवार घायल होकर अचेत हो गया। ग्रामीणों ने घायल अवस्था में अचेत युवक को स्थानीय ऑटो से सदर अस्पताल लोहरदगा भेजा। घायल यूवक की पहचान सुदूर पहाड़ गांव गड़ातू निवासी दशरू उरांव के रुप में किया गया।

# शहरी क्षेत्र में नहीं हो रही पेयजलापूर्ति वार्ड नंबर 8 में गंभीर पेयजल संकट

- *पेयजल समस्या से नाराज महिलाओं ने कहा, जल्द निवारण नहीं तो राजभवन तक जाएंगे*
- *महिलाओं ने कहा, नगर परिषद सिर्फ पेयजल पर टैक्स लेना जानती है, पानी देना नहीं*



**राहुल कौशल**

**लोहरदगा।** लोहरदगा में बढ़ती गर्मी के साथ साथ शहर मे पेयजल की भी समस्या बढ़ गयी है। ऐसे में लोगों के घरों तक ना तो नल का पानी पहुँच रहा है और ना ही टैंकर की सुविधा दी जा रहीं है। नगर परिषद सिर्फ पेयजल पर टैक्स लेना जानती हैं। टैक्स के बदले पेयजलापूर्ति नही कर पा रही है। जब लोग हो हंगामा करते हैं तब जाकर टैंकर के माध्यम से पेयजलापूर्ति करा दी जाती है। ऐसा ही एक मामला गुरुवार को वार्ड नं 08 में देखने को मिला। यहाँ पिछले पांच दिनों से पेयजलापूर्ति नही हो रही है। जब यहाँ की निवर्तमान वार्ड पार्षद ने सोशल मीडिया और अन्य माध्यमो से आवाज उठाई तब जाकर दोपहर में एक टैंकर पानी भेजा गया जो इस वार्ड में रहनेवाले लोगो के लिए पर्याप्त नहीं था। इस मामले से नाराज महिलाओं ने कहा कि अगर नगर परिषद उनकी समस्याओं का समाधान नहीं करेगा तो वो सभी एकजुट होकर राजभवन के बाहर धरना प्रदर्शन करेंगी। उन्होंने बताया कि नगर परिषद में इसकी शिकायत दर्ज करने के बावजूद भी इसका कोई समाधान नहीं किया जाता है। हालांकि बार बार शिकायत करने के बाद आज एक हफ्ते के बाद उनके मोहल्ले में टैंकर की सुविधा दी गयी है। महिलाओ ने कहा कि पहले जब तक पेयजल व स्वच्छता विभाग के अंतर्गत यह देख रेख का जिम्मा था तब तक समस्या इतनी नहीं थी पर अब तो स्थिति एकदम बद से बदतर हो चुकी है। टैंकर में भी जो पानी आता है वो पीने योग्य नहीं है। महिलाओं के ये भी शिकायत है कि उनसे जो टैक्स लिया जाता है उसका क्या होता है।

**लोग जल टैक्स देते हैं तो उन्हें पानी देना नगर परिषद का जिम्मा है : अविनाश कौर**

इस संदर्भ में निवर्तमान वार्ड पार्षद अविनाश कौर ने बताया कि पिछले दस साल से हम वार्ड पार्षद थे लेकिन बड़ी मुश्किल से यहां तक पेयजलापूर्ति पाइप लाइन बिछाने का कार्य करा पाई। इस क्षेत्र में बोरिंग सक्सेसफुल नही है जिस कारण सप्लाई वाटर पर ही सभी निर्भर रहते है। लोग जल टैक्स देते हैं तो उन्हें पानी देना नगर परिषद का जिम्मा है। पानी का संवेदक कुमार संदीप सिर्फ पैसे लेने का कार्य करता है। शहरी जलापूर्ति एकदम से ठप है। एक ओर नल जल योजना के तहत घर घर मे नल लगानी है वही दूसरी ओर नल कनेक्शन में पानी नहीं आता है।

### कीटनाशक खाने से दो नाबालिग बहनें गंभीर, सदर अस्पताल में इलाज जारी

**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा थाना क्षेत्र में कीटनाशक दवा खाने से दो नाबालिग बच्चियों की हालात गंभीर आनन-फानन में परिजनों ने दोनो बच्चियों को इलाज के लिए सदर अस्पताल लोहरदगा में कराया भर्ती जहां दोनों नाबालिग बच्चियों का इलाज चल रहा है। इलाज करने वाले चिकित्सकों ने बताया कि बच्चियों की स्थिति में सुधार हो रही है।जबकि बच्चियों के परिजनों में बताया कि दोनों बच्चियां अपस में चचेरी बहने हैं। साथ ही बताया कि कुछ दिन पूर्व आम व इमली का जेली घर लाया गया था।जो खत्म हो गया और लोकल जेली होने के कारण डब्बा पर रैपर लगा हुआ नही था। जो बच्चियों के ध्यान में बना हुआ था। लेकिन गलती से कीटनाशक दवा का सेवन कर लिया जिसपर भी रैपर उखड़ा हुआ था। बताते हुए कहा कि खेल-खेल में भूल बस खेत में डाला जाने वाला कीटनाशक का सेवन कर लिया जिससे दोनों की स्थिति खराब होने लगी। बच्चियों की बिगड़ती स्थिति को देखकर परिजनों ने बिना समय गंवाए बच्चियों को इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया जहां दोनों बच्चियों का इलाज चल रहा है।

## जारी प्रखंड में फल फूल रहा है अवैध बंगला भट्ठा का कारोबार

**प्रशासन है मौन**



**नीवन मेल संवाददाता**

**चैनपुर।** राज्य सरकार अवैध खनन को रोकने के लिए टास्क फोर्स बनाई है आए दिन खनन विभाग के द्वारा अवैध खनन की छापामारी की जा रही है वहीं जारी थाना क्षेत्र के श्रीनगर, गोविंदपुर, भिखमपुर बंडोटोली सहित विभिन्न गांवों में अवैध उत्खनन कर बांग्ला ईंट भट्ठा लगाया जा रहा है। बांग्ला ईंट भट्ठा के नाम पर सरकार के राजस्व को चूना लगाया जा रहा है। अधिकारियों की मिलीभगत से विभिन्न जगहों पर अवैध रूप से बांग्ला ईंट भट्ठों का संचालन किया जा रहा है। बिना किसी रोक टोक के धड़ल्ले से चलाए जा रहे हैं। जानकार बताते हैं कि बांग्ला ईंट भट्ठा लगाने की अनुमति निजी काम की शर्त पर दिया जाता है। लेकिन इसका व्यवसायिक उपयोग किया जा रहा है। इससे सरकार को राजस्व की हानि के साथ साथ इसे पकाने के दौरान निकल रहे धुआं से प्रदूषण भी बढ़ रहा है। वहीं नदियों का दोहन भी हो रहा है अवैध बंग्ला भट्ठा लगाने के लिए आसपास की नदियों से बालू का अवैध उठाव भी हो रहा है वहीं ईंट पकाने के लिए जंगलों से पेड़ो की भी अवैध कटाई हो रही है लेकिन इसे रोकने के लिए प्रशासन गंभीर नहीं है। ये ईंट भट्ठे वाले पर्यावरण एवं श्रम कानून को भी धत्ता बता रहे हैं। इन बांग्ला ईंट भट्ठा संचालकों के पास न तो पर्यावरण विभाग की एनओसी है और ना ही ईंट भट्ठा का लाइसेंस। ये ईंट भट्ठे पर काम करने वाले मजदूरों के लिए भी जानलेवा साबित हो रहे हैं।

## मासिक अपराध गोष्टी हुई संपन्न, अच्छे कार्य करने वाले पुलिस पदाधिकारी को प्रोत्साहन

**नीवन मेल संवाददाता**

**गुमला।** गुमला जिला मुख्यालय स्थित जिला पुलिस केंद्र गुमला में मासिक अपराध गोष्टी बैठक का आयोजन किया गया। जिला पुलिस प्रशासन के पुलिस कप्तान शंभू कुमार सिंह की अध्यक्षता में मासिक अपराध गोष्टी संपन्न हुआ। जिसमें गुमला एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव, सहित बसिया, चैनपुर अंचल निरीक्षक सहित, गुमला जिला के समस्त थाना प्रभारी तथा शाखा प्रभारी उपस्थित रहे। अपराध गोष्टी प्रारंभ करने के पूर्व गुमला जिला पुलिस प्रशासन के गुमला पुलिस कप्तान शंभू कुमार सिंह ने लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर सुरक्षा विधि व्यवस्था साधारण एवं स्वच्छ, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण माहौल में लोकसभा चुनाव 2024 संपन्न करने में अहम भूमिका निभाने के लिए समस्त पुलिस पदाधिकारियों को प्रोत्साहित किया गया और जिला पुलिस प्रशासन के गुमला जिला के पुलिस कप्तान शंभू कुमार सिंह ने समस्त पुलिसकर्मियों को विशेष दिशा निर्देश देते हुए, अपने अपने थाना क्षेत्रों में लंबित कांड, वारंट, गृहभेदन, कुर्की का निष्पादन करने तथा नक्सल अभियान तेज करने और समस्त पुलिसकर्मियों को 24 घंटे अलर्ट रहते हुए। अपने अपने क्षेत्रों में हो रहे विशेष विभिन्न आकार प्रकार के गतिविधियों पर नजर रखने पर विशेष बल देते हुए। उक्त संबंध में विस्तृत रूप से चर्चा की। साथ ही साथ समस्त संबंधित पुलिस पदाधिकारी को अपने-अपने थाना क्षेत्र में सप्ताह में दो बार सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने, अंधविश्वास, भूत प्रेत, जादू टोना, टोटका, गंडा ताबीज, तंत्र मंत्र, झाड़ फूंक, ओझा, डायन बिसाही, महिला उत्पीड़न, नशापान, प्रतिबंधित अवैध नशीली और मादक पदार्थों, का सेवन के विरुद्ध जागरूकता अभियान चलाने का विशेष दिशा निर्देश दी गई। हत्या, बलात्कार, आप्राकृतिक मृत्यु के मामले में अभिलंब प्राथमिक दर्ज करते हुए त्वरित गति से अनुसंधान करने के संबंध में भी विशेष दिशा निर्देश दी गई।



## अपनी ही पत्नी की हत्या करने के आरोपी पति संजय को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**नीवन मेल संवाददाता**

**गुमला।** गुमला जिला अंतर्गत स्थित पालकोट थाना क्षेत्र के अंतर्गत तापकारा गांव के 28 वर्षीय महिला होलिका देवु का हत्या बिते कल बुधवार को दोपहर के आस पास दतली डैम के समीप बालकू पहाड़ के पास गले पर नुकीली हथियार से मार कर हत्या किया गया था। इस संदर्भ में कांड के त्वारित उदभेदन हेतू पुलिस अधीक्षक महोदय गुमला के निदेर्शानुसार अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बसिया क्षी नाजिर अख्तर के नेतृत्व में एक विशेष अनुसंधान टीम का गठन किया गया। जो गुप्त सुचना के आधार पर मृतिका के पति संजय साहू उम्र 30वर्ष पिता स्व जगरनाथ साहू ग्राम तापकारा को गिरफ्तार करने के बाद अपराध स्वीकार करते हुए बतलाया कि पत्नी होलिका देवी का किसी अन्य लड़के के साथ अवैध संबंध था जिसको लेकर संजय साहू अपने पत्नी का हत्या लोहे का एक रड व मृतक का पर्स को तापकारा के पुल के नीचे फेंक दिया था। जिसे पालकोट पुलिस बरामद कर लिया है। इसके अलावा कांड में शामिल एक मोटरसाइकिल को भी बरामद कर लिया गया है। प्रेस कान्फ्रेंस कर अभियुक्त को गुमला जेल भेज दिया गया। छापामारी दल में बसिया अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नाजिर अख्तर, पालकोट थाना प्रभारी मो० जंहागीर, एस आई गौतम वर्मा, एस आई रामचंद्र यादव, एएसआई परथो खलखो के आलावे पुलिस जवान शामिल थे।



## पुलिस ने एक युवक का शव किया बरामद पोस्टमार्टम के लिए भेजा सदर अस्पताल

**नीवन मेल संवाददाता**

**गुमला।** गुमला जिला मुख्यालय स्थित चाहा चेटर ग्राम के एक घर के कमरे से एक युवक का शव बरामद कर पोस्टमार्टम हाउस के शीतगृह में रखवाया हैं। बताया जाता हैं की बेगूसराय निवासी अरविंद कुमार नामक एक युवक गुमला सदर थाना स्थित चाहा-चेटर ग्राम में एक किराये के घर में रहकर, गुमला में टाइल्स मिस्त्री का कार्य करता था। मंगलवार को वह अपने मुहल्ले में तीन चार लोगों के साथ देखा गया था, फिर वह एकाएक रहस्यमय ढंग से गायब हो गया था। मंगलवार के रात्रि में कुछ लोग उसके साथ मारपीट किया था। फलस्वरूप उसके शरीर के विभिन्न हिस्सों में गंभीर चोट के निशान पाए गए हैं। संभावना व्यक्त की जा रही है की , उक्त मारपीट के दरमियान ही उसकी मौत हो गई थी। बाद में गुमला सदर थाना पुलिस को एक सूचना मिली की। चाहा - चेटर ग्राम के एक मकान में , एक युवक का शव पड़ा हुआ हैं। उक्त सूचना मिलते ही गुमला सदर थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गुमला सदर थाना के एसआई रमाकांत शर्मा अपने दलबल के साथ उक्त घटनास्थल पर पहुंचकर छानबीन एवं पुछताछ करते हुए शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु गुमला सदर अस्पताल स्थित पोस्टमार्टम हाउस में भेजवाया। शव को पोस्टमार्टम हाउस के शीतगृह में रखवाया हैं और मृतक अरविंद कुमार के बेगूसराय में उसके परिजनों को उक्त सूचना दे दी गई हैं और बेगूसराय से गुमला आते ही उक्त शव का पोस्टमार्टम कराकर उनके परिजनों को सौंप दिया जाएगा, गुमला सदर थाना पुलिस उक्त घटना को काफी गंभीरता और गहराई से लेते हुए छानबीन एवं पुछताछ शुरू कर दी हैं।



## उपायुक्त ने विभिन्न पंचायतों में निर्मित पुस्तकालय का किया दौरा

**नीवन मेल संवाददाता**

**गुमला।** जिले के पंचायत स्तरीय पुस्तकालयों को सकारात्मक रूप से संचालित करने के उद्देश्य से उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के द्वारा लगातार जिले के विभिन्न पंचायतों में निर्मित पुस्तकालय का दौरा किया जा रहा है एवं वहां के व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने का कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में आज उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के क्षेत्र भ्रमण के क्रम में उन्होंने सिलाफारी स्थित पंचायत कार्यालय में बने पुस्तलय एवं पुग्गू स्थित पंचायत स्तरीय पुस्तकालय का निरीक्षण किया। सिलाफारी पंचायत स्तरीय पुस्तकालय संचालन हेतु तैयार है एवं हैंडओवर किया जाना है जिससे पूर्व की तैयारियों को देखने उपायुक्त पहुंचे, उन्होंने वहां के बैठने की व्यवस्था सहित अच्छी पुस्तकों को रखने सहित अन्य महत्वपूर्ण व्यवस्थाओं को बेहतर करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा की जिले के सभी पंचायत स्तरीय पुस्तकालय केवल पुस्तकालय नहीं बल्कि एल्डर्स क्लब भी है जहां जिले के बड़े बुजुर्ग भी अपने खाली समय में वहां आकर किताबों एवं अखबारों का अध्ययन कर सकते हैं। उपायुक्त ने पुस्तकालय संचालन समिति को एक्टिव करते हुए नियमित रूप से बैठक करने का निर्देश दिया एवं पुस्तकालय में अध्यन करने आने वालों को किसी प्रकार की समस्या न हो उसका खासा ध्यान रखने का निर्देश दिया। इस दौरान उन्होंने सिलाफारी पंचायत कार्यालय में बने सीएससी सेंटर का भी अवलोकन किया एवं वहां से दी जा रही सेवाओं के विषय में भी जानकारी ली।



**शहरी क्षेत्र में जलापूर्ति की व्यवस्था का डीसी ने किया अवलोकन**

# सुविधाओं को दुरुस्त करने के लिए प्राक्कलन तैयार करने का दिया निर्देश

**नीवन मेल संवाददाता**

**गुमला।** जिले के शहरी क्षेत्र अंतर्गत पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था को देखने आज आज उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने नागफेनी स्थित जल उठाव प्रणाली से लेकर जल निस्पंदन प्रक्रिया एवं अंतिम में जल मीनार का भी अवलोकन किया। जिले के शहरी क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था को दुरुस्त करने एवं जलापूर्ति से जुड़े समस्याओं के निस्पदान करने के उद्देश्य से उपायुक्त ने जलापूर्ति की पूरी प्रक्रिया का अवलोकन किया एवं समस्याओं को भी जाना। सबसे पूर्व उपायुक्त ने नागफेनि में हो रहे जल उठाव की प्रक्रिया को देखा एवं जल उठाव में मशीन के उपयोग आदि से संबंधित बिंदुवार प्रक्रियाओं एवं जल उठाव के दौरान होने वाली समस्याओं को जाना। इसके पश्चात उन्होंने पुग्गु में में हो रहे जल निस्पंदन की प्रणाली को भी समझा। इस दौरान उपायुक्त ने नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी को वाटर टेस्ट करवाने का भी निर्देश दिया। पुग्गू में हो रहे जल निस्पंदन की प्रक्रिया में किस प्रकार से पाइप लाइन के जरिए आए पानी का निस्पंदन किया जाता है एवं साफ पानी को कैसे जल मीनारों तक पहुंचाया जाता है से जुड़े महत्वपूर्ण तथ्यों का उपायुक्त ने अवलोकन किया। इसके पश्चात उन्होंने बाजार टांड़ में बने जल मीनार का भी अवलोकन किया एवं जल मीनार में पानी उठाव एवं कैपेसिटी आदि से संबंधित जानकारी ली। उपायुक्त ने पीएचईडी विभाग के जे.ई. को जलापूर्ति के दौरान होने वाले समस्याओं से जुड़े विस्तृत रिपोर्ट तैयार करने का निर्देश दिया साथ ही अन्य सुविधाओं को दुरुस्त करने हेतु प्रक्लन भी तैयार करने का निर्देश दिया। ज्ञात हो की गुमला जिले के शहरी क्षेत्र में कुल 10183 घरों के लिए नागफेनी नदी से पानी का उठाव किया जाता है एवं प्रतिदिन 135 आईपीसीडी (litre per capacity per day) के अनुसार कुल जलापूर्ति की आवश्यकता 10.538 एमएलडी होती है। गुमला नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत चार स्थलों पीएचईडी कैंपस, कर्मटोली, दुनदुरिया पहाड़, एवं बाजार टांड़ में पूर्व में निर्मित जलमीनार अवस्थित है।



## न्यूज बॉक्स

### बाईस पड़हा के विस्तार के लिए पड़हा पदाधिकारी की हुई बैठक



**गुमला।** गुमला जिला अंतर्गत स्थित सिसई प्रखंड के कुदरा पंचायत में बाईस पड़हा के बिस्तार के लिए पड़हा पदाधिकारियों ने एक बिशेष बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में झारखंड सरकार के द्वारा भाषा शिक्षा पद के लिए पद सृजन को लेकर हर सरकारी स्कूल में जा कर अभियान चलाने के लिए लोगों को जागरूक किया गया। साथ ही आदिवासी लड़की को लव जिहाद के तहत फसा कर आज के दौर में आज आदिवासी जमीन को कबजा कर खरीद फरोख्त किया जा रहा है। जीससे बचने एवं सरकार से पड़हा पदाधिकारी ने आज आदिवासी लड़की जब शादी कर के ससुराल चली जाती है। लेकिन जब मायके से जाति प्रमाण पत्र लेने का नियम बनाया गया है। इस पर रोक लगाने की मांग पड़हा के द्वारा उठाया जा रहा है। साथ ही लोगों को नशा पान से मुक्त होने पर विशेष बात कही गई एवं आज हर कोयल नदी से अवैध रुप से बालु का तस्करी हो रही है। इस पर प्रशासन से रोक लगाते हुए बालु उठा करने के लिए ग्राम सभा को जिम्मा दिया जाए। मांग सरकार से भी जोरदार से किया जाएगा साथ ही बालु उठा होने से नदी का जल स्तर काफी नीचे चला जा रहा है। बाईस पड़हा के निम्न पदाधिकारी मंगरा उरांव, सुकरु उरांव, बिरसा उरांव, जुब्बी उरांव, सोमा उरांव, बिजय दर्शन मिंज,अमर टोप्पो, विशाल उरांव, बुधेश्वर उरांव,जयराम उरांव, सुकरा उरांव, सुखराम उरांव एवं ग्रामीण महिला पुरुष बैठक में उपस्थित हुए।

### चंगाई प्रार्थना महासभा का हुआ आयोजन हजारों की संख्या में जुटे लोग



**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड क्षेत्र के छिछवानी गांव में एक दिवसीय चंगाई प्रार्थना महासभा का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में प्रोफेट अनमोल मलिक उपस्थित रहे चंगाई प्रार्थना महासभा की तैयारियां कई दिनों से की जा रही थी वहीं लोगों के आने जाने एवं पार्किंग की व्यवस्था आयोजन समिति के लोगों के द्वारा दुरूस्त की गई थी। इस चंगाई प्रार्थना महासभा में झारखंड के अलावे छत्तीसगढ़ सहित अन्य जगहों से भारी संख्या में लोग अपनी शारीरिक चंगाई के लिए पंहुचे थे। कार्यक्रम की शुरूआत शाम 6 बजे से की गई। जहां दुर दराज से आए लोगों ने अपना अपना दुख तकलीफ प्रोफेट अनमोल मलिक के सामने रखा जिसपर अनमोल मलिक के द्वारा उनके लिए विशेष प्रार्थना कर उन्हें चंगाई दिलाया कार्यक्रम में भारी भीड़ को देखते हुए चैनपुर पुलिस के द्वारा सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। वहीं कार्यक्रम को सफल बनाने में संचालक दीप्ति रोश लकड़ा,बोनीफास कुजूर, फ्रांसिस्का खलखो, पिंकी कुजूर, जीविता बड़ा, अनुग्रह खलखो, प्रेम पवन तिग्गा, माधुरी एक्का,मकदिना टोप्पो, दिलीप एक्का, सद्दाम हुसैन, आशा विमल एक्का सहित हजारों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

### मुस्लिम समुदाय के दो पक्षों में तकरार

**भंडरा।** प्रखंड के तेतरपोका गांव में मुस्लिम समुदाय में गांव के इमाम को लेकर दो गुटों में पिछले कई महीनों से चले आ रहे आपसी मनमुटाव व तकरार को लेकर गुरुवार को थाना प्रभारी अरविंद कुमार सिंह की अध्यक्षता में गांव के दोनो समुदाय में आपसी तालमेल व शांति वार्ता को लेकर भंडरा थाने में बैठक आयोजित की गई। बता दे की पूर्व में गांव की आपसी तकरार लोहरदगा अंजुमन इस्लामिया तक पहुंच गई थी। इसके बाद गांव के प्रबुद्ध व्यक्ति के पहल के बाद गुरुवार को बैठक ली गई। जिसमे निर्णय हुआ की गांव के इमाम हिफकुर रहमान फैजी आगामी बकरीद तक नमाज पढ़ेंगे। जिसके बाद उन्हें विदा कर दिया जाएगा। साथ ही बैठक में निर्णय लिया गया कि जिस तरह ईद की नमाज दो जगहों पर पढ़ी गई थी उसी तरह बकरीद की नमाज भी दो जगहों पर पढ़ी जाएगी। बकरीद के बाद के लोहरदगा अंजुमन इस्लामिया द्वारा नया इमाम दिया जाएगा। उस इमाम पर दोनो पक्ष को समर्थन करना होगा। बैठक में हुए इस निर्णय को दोनो पक्षों को सहयोग करने की बात कही गई। साथ ही गांव के माहोल को खराब करने वाले और निर्णय को नही मानने वाले पर कानूनी कार्रवाई करने की बात कही गई। इस मौके पर प्रखंड अंजुमन इस्लामिया सदर आफताब आलम, अब्दुल रउफ खान, सुहैल अमीन, तस्लीम, तस्लीम आलम, मोजीबुल मिरदाहा सहित गांव के सभी लोग मौजूद थे।

### लोहरदगा में प्रीमियर लीग टी 20 क्रिकेट मैच का होगा आयोजन

**लोहरदगा।** लोहरदगा जिला क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में 14 6.2024 से लोहरदगा प्रीमियर लीग टी 20 क्रिकेट मैच का आयोजन बीएस कॉलेज क्रिकेट स्टेडियम में किया जा रहा है। जिसमें लोहरदगा के चार टीम में भाग ले रही है। पहले टीम लोहरदगा सुपर किंग्स दूसरा टीम लोहरदगा लायंस तीसरा टीम लोहरदगा राइडर्स चौथ टीम हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड इन चारों के बीच 14 तारीख से टी 20 मैच खेला जाएगा। दिन में दो मैच खेला जाएगा। सुबह का मैच 8:30 बजे से 1:00 बजे तक तथा दोपहर का मैच 1:30 बजे से 5:00 बजे तक खेला जाएगा। इस मैच में लोहरदगा के तमाम सीनियर क्रिकेटर खेलते हुए नजर आएंगे। रणजी क्रिकेटर आशीष कुमार, उप विकास आयुक्त दिलीप सिंह शेखावत जैसे क्रिकेटर भी खेलते हुए नजर आएंगे। इस टूर्नामेंट के कन्वीनर क्रिकेट कोच अमित कुमार है। इस टूर्नामेंट का फाइनल 18 जून 2024 को दोपहर 1:30 बजे से खेला जाएगा।

### झखरा गांव में जय श्रीराम समिति का पुनर्गठन, विकास बने अध्यक्ष

**लोहरदगा।** सेन्हा प्रखंड बूटी पंचायत के झखरा गांव में जय श्रीराम समिति की बैठक विकास जायसवाल की अध्यक्षता में की गई। बैठक में पुरानी कमेटी को भंग करते हुए नई कमेटी का विस्तार किया गया। जिसमे सर्वसम्मति से अध्यक्ष विवेक जायसवाल, महामंत्री विनोद ठाकुर, कार्यकारी अध्यक्ष तुलसी मुंडा, कोषाध्यक्ष रवि उरांव, उपाध्यक्ष सरवन जयसवाल, संदीप जयसवाल, संगठन मंत्री बालकिशुन यादव, ज्ञान महतो, राज मुंडा, नारायण जायसवाल, बसंत जायसवाल को बनाया गया। जिला संचालन समिति सदस्य ओम महतो ने कहा कि कार्यकर्ता ही संगठन की रीढ़ होती है। इसके बिना सब अधूरा है। जल्द ही जिला का चुनाव होने वाली है। इसी के तहत कमेटी गठन के साथ-साथ सदस्यता अभियान की भी शुरूआत की गई ’ ज्ञात हो कि पूरे जिले में जोर-जोर से सदस्यता अभियान चलाई जा रही है। पूर्व अध्यक्ष विकास जायसवाल ने कहा कि हम सब की प्राथमिकता है कि अपने क्षेत्र में अधिक से अधिक लोगों को जोड़ समिति का लाभ दिला सके। जय श्रीराम समिति ऐसी संगठन है जो जाने अनजाने लोगों की मदद के लिए हर वक्त तैयार रहते हैं। समिति की तत्परता से हजारों लोगों की जान बचाई जा सकी है।

# पहाड़ी इलाकों में संचालित जुआ के अड्डे पर पुलिस ने मारा छापा



**नवीन मेल संवाददाता**

**गिरिडीह।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बदडीहा इलाके में जुआ अड्डा का संचालन काफी बढ़ गया है। जुआड़ी बदडीहा के पहाड़ी इलाकों में टेंट लगाकर जुआ अड्डा का संचालन कर रहे हैं। वहीं जुआ अड्डा संचालन की भनक लगने पर पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शर्मा के निर्देश पर मुफस्सिल थाना पुलिस ने इलाके में सर्च अभियान चलाया और बदडीहा के पहाड़ी इलाकों में चलाए जा रहे जुए अड्डे में छापेमारी की। हालांकि इस दौरान पुलिस को देखकर जुआ खेल रहे लोग जंगल की ओर भाग गए। इस दौरान पुलिस ने मौके से ताश के पत्ते, वियर और पानी के बोतल को बरामद किया। साथ ही पहाड़ी पर लगाए गए टेंट को ध्वस्त कर दिया। इस बाबत मुफस्सिल थाना प्रभारी श्याम महतो ने बताया कि बदडीहा के पहाड़ी इलाकों में जुआ अड्डा का संचालन हो रहा था। जिसकी सूचना मिलते ही कार्रवाई की गई है। उन्होंने कहा कि जुआ अड्डा का संचालन करने वाले लोगों को बख्सा नहीं जाएगा।

## आतंकवादी हमले का विरोध, विश्व हिंदू परिषद ने दी श्रद्धांजलि

**गिरिडीह।** जम्मू कश्मीर के कटरा के पास आतंकवादी हमले में शहीद हुए 12 यात्रियों की आत्मा की शांति के लिए विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल ने टावर चौक पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। इस दौरान 2 मिनट का मौन रख कर सभी पुण्य आत्मा की शांति के लिए भगवान से प्रार्थना की गई। इस दौरान विश्व हिंदू परिषद के लोगों ने इस कायरतापूर्ण हमले को लेकर कड़ा विरोध जताया और आतंकवादियों का पुतला दहन किया। मौके पर जिला सह मंत्री शिव पूजन महतो ने कहा कि जम्मू कश्मीर के कटरा शिव खोड़ी मंदिर के पास यात्रियों से भरे बस पर पाकिस्तानी जिहादी मानसिकता के लोग लगातार हिंदुओं पर वार कर रहे हैं। केंद्र सरकार ऐसे मानसिकता वाले लोगों पर कठोरता पूर्वक कार्रवाई करें। इसके लिए भारत की जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ खड़ी है। वहीं प्रोफेसर विनीता कुमारी ने केंद्र सरकार से आतंकवादियों को चिन्हित कर कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।

### सीसीएल के महाप्रबंधक ने की बैठक

# सुरक्षा व्यवस्था को दुरूस्त करने की कही बात



**नवीन मेल संवाददाता**

**गिरिडीह।** सुरक्षा व्यवस्था समेत अन्य मुद्दों को लेकर गुरुवार को सीसीएल गिरिडीह एरिया के महाप्रबंधक बासब चौधरी ने सुरक्षा विभाग के पदाधिकारियों एवं प्रहरियों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान उन्होंने कोयला और जमीन माफियाओं के खिलाफ निरंतर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। बताया गया कि पिछले दिनों सुरक्षा गार्ड रिंकू सिंह पर अपराधियों ने जानलेवा हमला करने का काम किया। इस घटना के बाद सुरक्षा व्यवस्था को और दुरूस्त करने का निर्णय लिया गया है। बैठक के दौरान सीसीएल डीएवी मोड़ से लेकर रेस्ट हाउस तक स्ट्रीट लाइटस लगाने का निर्णय लिया गया है। साथ ही रात्रि में सुरक्षा विभाग के गनमैन को ड्यूटी में सुरक्षा विभाग के लाइसेंसी गन को लेकर चलने का निर्देश दिया। इस बाबत महाप्रबंधक बासब चौधरी ने कहा कि सभी सुरक्षा प्रहरियों का हौसला बढ़ाया गया है। जिला व पुलिस प्रशासन से सहयोग लेकर कोयला व जमीन माफियाओं के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जायेगी। बैठक में कार्मिक प्रबंधक राजवर्धन, मनोज सुंडी, जय प्रकाश आदि मौजूद थे।

## झारखण्ड स्टेट फौरेस्ट डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लि०
## Jharkhand State Forest Development Corporation Ltd.

(A Govt. of Jharkhand undertaking )E-mail ID dm.daltan_jsfdc@yahoo.co.in

**कार्यालय: प्रमण्डलीय प्रबंधक,लघु वन पदार्थ परियोजना प्रमण्डल डालटनगंज,पलामू**

**आवश्यक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वन निगम मुख्यालय रॉची के निदेशानुसार लघु वन पदार्थ परियोजन प्रमण्डल, डालटनगंज अन्तर्गत डालटनगंज स्थित चैनपुर वनागार, चैनपुर में भण्डारित विभिन्न प्रजाति के प्रकाष्ठ ए जलावन की बिक्री आम नीलामी द्वारा की जायेगी। नीलामी में रखे गये प्रकाष्ठ प्रचयों की सूची प्रमण्डलीय कार्याल डालटनगंज से प्राप्त कर अवलोकन किया जा सकता हैं। वनागार में आम नीलामी की तिथि निम्नवत् है:–

| वनागार का नाम | समय | जून– 2024 |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| चैनपुर वनागार चैनपुर | प्रारम्भ 11:00 बजे पूर्वाह्न से 1:00बजे अपराह्न तक | 24-06-2024 |

नीलामी में भाग लेने वाले व्यक्ति/व्यक्तियों/कम्पनियों को गेट मनी के रूप में 5000.00 रू0 (पॉच हजार रूपया नगद नीलामी में भाग लेने के पूर्व गेट पर जमा करना होगा । नीलामी में भाग लेने वाले व्यक्ति/ व्यक्तियों/ कम्पनियों को पैन कार्ड,जी0एस0टी0 एवं आधार कार्ड की छाया प्रति जमा करना होगा।

ह0/
प्रमण्डलीय प्रबन्धक
लघु वन पदार्थ परियोजना प्रमण्डल, डालटनगंज।

PR.NO.326277 Forest, Environment and Climate Changes(24-25):D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, डालटनगंज

**शुद्धि पत्र**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि PR No.:-325464 Building(24-25)D, Tender Reference No.-.-01BCD/DALTONGANJ,DIV/2024-25 DATE -07.06.2024 कार्य से संबंधित है, के कुछ तिथियों में तकनीकी एवं अपरिहार्य कारण वश संशोधन किया जा रहा हैं जिसका विवरणी निम्नवत है:–

| क्रमांक | मद | पूर्व की तिथि | संशोधित तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि | 12.06.2024 | 15.06.2024 |
| 2 | वेबसाईट में निविदा डालने की अंतिम तिथि एवं समय | 15.06.2024 03:00 PM | 22.06.2024 03:00 PM |
| 3 | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 18.06.2024 3:00 PM | 25.06.2024 3:00 PM |

Nodal Officer
e–Procurement Cell
Building division ,daltonganj.

PR 326361 Building(24-25)#D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, डालटनगंज।

**शुद्धि पत्र**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि **PR No.:-325465 District(24-25):D, Tender Reference No.-02BCD/DALTONGANJ,DIV/2024-25 DATE -07.06.2024** कार्य से संबंधित है, के कुछ तिथियों में तकनीकी एवं अपरिहार्य कारण वश संशोधन किया जा रहा हैं जिसका विवरणी निम्नवत है:–

| क्रमांक | मद | पूर्व की तिथि | संशोधित तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि | 14.06.2024 | 15.06.2024 |
| 2 | वेबसाईट में निविदा डालने की अंतिम तिथि एवं समय | 18.06.2024 03:00 PM | 22.06.2024 03:00 PM |
| 3 | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 20.06.2024 3:00 PM | 25.06.2024 3:00 PM |

Nodal Officer
e–Procurement Cell
Building division ,daltonganj.

PR 326359 (Building) 24-25 (D)

## असैनिक शल्य चिकित्सक - सह - मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी,गढ़वा

**(अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना)**

राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी (भी0बी0डी0) झारखण्ड, रॉंची का पत्रांक 335 दिनांक 27/05/2024 के आलोक में वित्तीय वर्ष 2024 – 25 अंतर्गत जिले के मलेरिया प्रभावित क्षेत्रों में मलेरिया रोकथाम व नियंत्रण हेतु कीटनाशी Cyfluthrin 10% WP का छिड़काव किया जाना है। उक्त परिप्रेक्ष्य में कीटनाशी Cyfluthrin 10% WP का Technical Specification के अनुरूप क्रय हेतु अधिकृत विक्रेताओं/एजेंसियों से द्वि – लिफाफा पद्वति (तकनीकी एवं वित्तीय निविदा) के माध्यम से शीलबंद निविदा सिविल सर्जन, सदर अस्पताल गढ़वा पिन कोड – 822114 के पते पर निबंधित या स्पीड पोस्ट के माध्यम से निम्न शर्तो के साथ आमंत्रित की जाती है।

| S.N | NAME OF WORK | RATE CONTRACT FOR CYFLUTHRIN 10% (WP) |
|---|---|---|
| 01 | Date & Time of Start of Submission of Bids | 14th June 2024, 10:00 AM |
| 02 | Last Date & Time for Receipt of Bids | 29th June 2024, 05:00 PM |
| 03 | Bid Opening Date | 1st July 2024, 03:00 PM |
| 04 | EMD in Favoring - District Health Society, Garhwa | Rs. 50,000.00 (Fifty Thousand) |
| 05 | Application Fee(Non Refundable ) favoring - District Health Society, Garhwa | 1,000.00 (One Thousand) |
| 06 | Venue for Getting & Submission of Tender Document | Civil Surgeon, Garhwa Sadar Hospital Campus, Garhwa 822114 |
| 07 | Contract No. of Procurement Officer | 8210653210, 9934725712 |
| 08 | Mode of Submission | Through Registered / Speed Post Only |

निविदा संबंधित कागजात गढ़वा जिले के बेबसाईट **http://garhwa.nic.in** से डाउनलोड किया जा सकता है। उक्त से संबंधित सम्पूर्ण जानकारी अद्योहस्ताक्षरी कार्यालय के सूचनापट्ट पर भी देखी जा सकती है। निर्धारित तिथि एवं समय के बाद प्राप्त निविदा को स्वीकार नही किया जायेगा।

ह0/
जिला भी0बी0डी0 पदाधिकारी,गढ़वा

ह0/
असैनिक शल्य चिकित्सक – सह – मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी,गढ़वा

PR 326319 Health Med Edu and Family Welfare(24-25).D

## कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड (कार्यालय, जिला कृषि पदाधिकारी, लोहरदगा)

**आवेदन आमंत्रण सूचना**

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन योजना (NFSM Pulses) अंतर्गत लोहरदगा जिला में धान, दलहन, मोटे अनाज, न्यूट्री सिरियल की उत्पादन एवं उत्पादकता बढ़ाने हेतु विभिन्न प्रकार की सुविधाएं जिले के किसानों को उपलब्ध करायी जा रही है। इस क्रम में वर्ष 2024–25 में लोहरदगा जिला अंतर्गत इच्छुक कृषकों को अनुदान पर विभिन्न कृषि उपकरण/उपादान उपलब्ध कराया जायेगा।

उक्त के आलोक में वर्णित कृषि उपकरण अनुदान पर उपलब्ध कराया जायेगा। इच्छुक कृषकों से अनुदान पर निम्नलिखित वर्णित कृषि यंत्र हेतु आवेदन आमंत्रित किया जाता है।

| क्र0 | यंत्र एव उपादान का नाम | अनुदान की राशि (रू0 प्रति यूनिट) | कृषि उपकरण/उपादान (प्रतियूनिट में) |
|---|---|---|---|
| 1 | पवर नेकसेक स्प्रेयर (for SC/ST, small & marginal, women farmers & NE states) (8-12Litres) | 3100रू प्रति यूनिट या 50 प्रतिशत जो दोनों में से कम होगा। | 60 |
| 2 | पवर नेकसेक स्प्रेयर (for other farmers)(8-12 Litres) | 2500रू प्रति यूनिट या 40 प्रतिशत जो दोनों में से कम होगा। | 29 |
| 3 | मैनुवल नेकसेक स्प्रेयर (for SC/ST, small & marginal, women farmers & NE states) | 750रू प्रति यूनिट या 50 प्रतिशत जो दोनों में से कम होगा। | 149 |
| 4 | मैनुवल नेपसेक स्प्रेयर (for other farmers) | 600रू प्रति यूनिट या 40 प्रतिशत जो दोनों में से कम होगा। | 67 |
| 5 | रोटावेटर (for SC/ST, small & marginal, women farmers & NE states)(टैक्टर डाइविंन 35BHP से अधिक)–5फीट | 42000रू प्रति यूनिट या 50 प्रतिशत जो दोनों में से कम होगा। | 15 |
| 6 | रोटावेटर (for other farmers)(टैक्टर डाइविंन 35 BHP से अधिक)–5फीट | 34000रू प्रति यूनिट या 40 प्रतिशत जो दोनों में से कम होगा। | 6 |
| 7 | मल्टीक्रॉप थ्रेशर (for SC/ST, small & marginal, women farmers) | 80000रू प्रति यूनिट या 40 प्रतिशत जो दोनों में से कम होगा। | 1 |
| 8 | थ्रेसिंग फ्लोर (30X30) | 57500रू प्रति यूनिट या 50 प्रतिशत जो दोनों में से कम होगा। | 7 |
| 9 | मिनी दाल मिल | 95000रू प्रति यूनिट या 50 प्रतिशत जो दोनों में से कम होगा। | 1 |
| 10 | मिनी राईस मिल | 40000 रू प्रति यूनिट या 50 प्रतिशत जो दोनों में से कम होगा। | 2 |
| 11 | पावर विडर (for SC/ST, small & marginal, women farmers) | 25000रू प्रति यूनिट या 50 प्रतिशत जो दोनों में से कम होगा। | 2 |
| 12 | पावर विडर (for other farmers) | 20000रू प्रति यूनिट या 40 प्रतिशत जो दोनों में से कम होगा। | 1 |
| 13 | Conovidor (for SC/ST, small & marginal, women farmers) | 1200 रू प्रति यूनिट या 50 प्रतिशत जो दोनों में से कम होगा। | 2 |
| 14 | Conovidor (for other farmers) | 1000 रू प्रति यूनिट या 40 प्रतिशत जो दोनों में से कम होगा। | 1 |
| 15 | Maize Saler (for SC/ST, small & marginal, women farmers) | 10000रू प्रति यूनिट या 50 प्रतिशत जो दोनों में से कम होगा। | 1 |
| 16 | Maize Saler (for other farmers) | 8000 रू प्रति यूनिट या 40 प्रतिशत जो दोनों में से कम होगा। | 1 |
| 17 | बीज उपचारक Drum (for SC/ST, small & marginal, women farmers) | 10000रू प्रति यूनिट या 50 प्रतिशत जो दोनों में से कम होगा। | 1 |
| 18 | स्प्रींकलर सेट | 21901रू प्रति हेक्टेयर या प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के मार्ग दर्शिका के अनुसार | 1 |
| 19 | पंपसेट | 10000रू प्रति यूनिट या 50 प्रतिशत जो दोनों में से कम होगा। | 60 |
| 20 | पाईप (पानी स्त्रोतों से खेत तक लेजाने हेतु) | कार्यालय द्वारा सूचना प्राप्त किया जा सकेगा | 1051 मीटरे |
| 21 | Manual Operated Cultivator (for SC/ST, small & marginal, women farmers) | 10000 रू प्रति यूनिट या 50 प्रतिशत जो दोनों में से कम होगा। | 1 |
| 22 | Manual Operated Cultivator (for other farmers) | 8000 रू प्रति यूनिट या 40 प्रतिशत जो दोनों में से कम होगा। | 1 |
| | खेत एवं मृदा प्रबंधन हेतु | | |
| 1 | माइक्रोन्यूट्रेन्ट | 500रू प्रतिहेक्टेयर या 50 प्रतिशत जो दोनों में से कम होगा। | 521 |
| 2 | जिप्सम/80%WG सल्फर | 750रू प्रतिहेक्टेयर या 50 प्रतिशत जो दोनों में से कम होगा। | 331 |
| 3 | बायो फर्टीलाईजर | 300रू प्रतिहेक्टेयर या 50 प्रतिशत जो दोनों में से कम होगा। | 250 |
| 4 | लाईम | 1000रू प्रतिहेक्टेयर या 50 प्रतिशत जो दोनों में से कम होगा। | 280 |
| 5 | PP Camicale | 500रू प्रतिहेक्टेयर या 50 प्रतिशत जो दोनों में से कम होगा। | 478 |
| 6 | Weedicides | 500रू प्रतिहेक्टेयर या 50 प्रतिशत जो दोनों में से कम होगा। | 234 |
| 7 | Lemining Acidic Soils | 1000रू प्रतिहेक्टेयर या 50 प्रतिशत जो दोनों में से कम होगा। | 72 |

**आवेदन पत्र के साथ निम्न कागजात संलग्न करना अनिवार्य होगा :–**

- आवेदक का आधार कार्ड का प्रति।
- जमीन का अद्यतन रसीद।
- आवेदक का दो पासपोर्ट साईज फोटो
- मुखिया से प्रमाणित वंशावली।
- पासबुक का फोटो कॉपी।
- विगत 5 वर्षो में किसी भी विभाग/ऐजेंसी/सरकारी सहायता प्राप्त संस्थान से कृषि यांत्रिकरण योजना का लाभ नहीं लेने संबंधी शपथ पत्र।

**नोट :–** 1. आवेदन पत्र दिनांक 15.06.2024 से 24.06.2024 तक आत्मा कार्यालय से निःशुल्क प्राप्त किया जा सकता है साथ ही आत्मा बेबसाइड ***www.atmalohardaga.co.in*** से आवेदन पत्र ***download*** किया जा सकता है तथा भरा हुआ पूर्ण आवेदन दिनांक 25.06.2024 से 05.07.2024 तक कार्य दिवस (पूर्वाहन 10.00 बजे से अपराहन 5.00 बजे तक) में NFSM, आत्मा कार्यालय, लोहरदगा में जमा किया जा सकता है। यह योजना में लाभ पाने हेतु "पहले आओ पहले पायो" की पद्धति लागू रहेगा।
2. किसी भी यंत्र का क्रय लाभुकों द्वारा 100 प्रतिशत राशि भुगतान कर के ही किया जाएगा तथा प्राप्ति रसीद एवं फोटो जमा करने एवं स्थल निरीक्षण के उपरांत अनुदान की राशि लाभुक के खाते में DBT/PFMS के माध्यम से हस्तान्तरित की जाएगी।
3. पूर्व के 5 वर्षो में किसी भी विभाग यथा–कृषि, उद्यान, भूमि संरक्षण, **ITDA, JSLPS** आदि के यांत्रिकरण योजना का लाभ न लिया हो इस आशय का शपथ पत्र समर्पित करना अनिवार्य होगा।
4. एक परिवार मे केवल एक ही सदस्य को यांत्रिकरण योजना का लाभ मिलेगा, यदि परिवार में बँटवारा हो गया हो तो उसका संबंधित ग्राम पंचायत के मुखिया द्वारा सत्यापन करा के प्रतिवेदन जमा करना अनिवार्य होगा।
5. आवेदक के हिस्से में कितना जमीन पड़ता है स्पष्ट रूप से मुखिया से सत्यापित वंशावली के साथ जमीन की रसीद के साथ आवेदन जमा करना अनिवार्य होगा।
6. आवेदक प्रखण्ड स्तर पर प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी, प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक एवं सहायक तकनीकी प्रबंधक से अनुशंसा प्राप्त कर आवेदन कार्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा।

PR.NO.326284 Lohardaga(24-25):D

–ह0– जिला कृषि पदाधिकारी, लोहरदगा।

## झारखण्ड सरकार
## कारा निरीक्षणालय

गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग।
टी0ए0 डिविजन बिल्डिंग, एच0ई0सी0, धुर्वा, राँची–4

**-:WALK IN INTERVIEW:-**

नियुक्ति विज्ञापन संख्या–02/जेल/2024

राज्य के काराओं में कक्षपाल/महिला कक्षपाल के रिक्त पदों पर भूतपूर्व सैनिकों (Ex-Serviceman) को संविदा पर नियुक्ति हेतु संलग्न प्रपत्र में आवेदन पत्र निम्न प्रकार निर्धारित तिथि एवं स्थान पर पूर्वाह्न 08:00 से संध्या 04:00 बजे तक आमंत्रित किया जाता है। निम्नांकित किसी एक ही कारा कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से सभी वांछित कागजातों/अभिलेखों के साथ काराधीक्षक के समक्ष उपस्थित हो सकते हैं। यदि एक कारा कार्यालय में नियुक्ति हेतु अयोग्य पाये जाते हैं तो दूसरे कारा कार्यालय में अन्य दिवस को संविदा पर नियुक्ति हेतु उनकी उपस्थिति मान्य नहीं होगी।

| क्र0 | कारा का नाम | रिक्त | | नियुक्ति का स्थान एवं तिथि |
|---|---|---|---|---|
| | | पुरूष | महिला | |
| 1 | केन्द्रीय कारा, दुमका | 34 | 0 | केन्द्रीय कारा, दुमका दिनांक– 21.06.2024 |
| 2 | केन्द्रीय कारा, देवघर | 10 | 1 | |
| 3 | मंडल कारा, जामताड़ | 25 | 1 | |
| 4 | मंडल कारा, गोड्डा | 17 | 2 | |
| 5 | मंडल कारा, पाकुड़ | 24 | 3 | |
| 6 | मंडल कारा, साहेबगंज | 13 | 3 | |
| 7 | उपकारा, राजमहल | 12 | 2 | |
| | योग– | 135 | 12 | |
| 8 | केन्द्रीय कारा, घाघीडीह, जमशेदपुर | 50 | 3 | केन्द्रीय कारा, घाघीडीह, जमशेदपुर दिनांक– 28.06.2024 |
| 9 | मंडल कारा, चाईबासा | 14 | 1 | |
| 10 | मंडल कारा, सरायकेला | 24 | 1 | |
| 11 | मंडल कारा, साकची, जमशेदपुर | 0 | 0 | |
| 12 | उपकारा, घाटशिला | 8 | 0 | |
| | योग– | 96 | 5 | |
| 13 | लोकनायक जयप्रकाश नारायण केन्द्रीय कारा, हजारीबाग | 92 | 1 | लोकनायक जयप्रकाश नारायण केन्द्रीय कारा, हजारीबाग दिनांक– 05.07.2024 |
| 14 | केन्द्रीय कारा, गिरिडीह | 15 | 0 | |
| 15 | मंडल कारा, चास, बोकारो | 23 | 2 | |
| 16 | मंडल कारा, धनबाद | 26 | 2 | |
| 17 | मंडल कारा, कोडरमा | 14 | 0 | |
| 18 | मंडल कारा, चतरा | 23 | 1 | |
| 19 | उपकारा, तेनुघाट | 11 | 0 | |
| 20 | उपकारा, रामगढ़ | 13 | 0 | |
| 21 | उपकारा, बरही | 19 | 1 | |
| 22 | आत्मसमर्पित नक्सली बंदी कारा, हजारीबाग | 5 | 0 | |
| | योग– | 241 | 7 | |
| क्र0 | कारा का नाम | रिक्त | | नियुक्ति का स्थान एवं तिथि |
| | | पुरूष | महिला | |
| 23 | बिरसा मुण्डा केन्द्रीय कारा, होटवार, राँची | 34 | 9 | बिरसा मुण्डा केन्द्रीय कारा, होटवार, राँची दिनांक– 12.07.2024 |
| 24 | मंडल कारा, लोहरदगा | 19 | 2 | |
| 25 | मंडल कारा, गुमला | 23 | 1 | |
| 26 | मंडल कारा, सिमडेगा | 21 | 1 | |
| 27 | उपकारा, खूँटी | 0 | 0 | |
| | योग– | 97 | 13 | |
| 28 | केन्द्रीय कारा, मेदिनीनगर, पलामू | 0 | 0 | केन्द्रीय कारा, मेदिनीनगर, पलामू दिनांक– 19.07.2024 |
| 29 | मंडल कारा, लातेहार | 19 | 1 | |
| 30 | मंडल कारा, गढ़वा | 20 | 1 | |
| | योग– | 39 | 2 | |
| | कुल योग– | 608 | 39 | |

1) भूतपूर्व सैनिकों को अनुबंध के आधार पर नियुक्ति हेतु कुल रिक्त पदों की सं0–647 (छः सौ सैंतालीस) है।
2) यह पद राज्य स्तरीय है।
3) ये नियुक्तियाँ एक प्रकरण में एक (01) वर्ष के लिये होंगी एवं आवश्यकतानुसार अनुबंध की अवधि को विस्तारित किया जायेगा एवं नियमित नियुक्ति होने पर अनुबंध पर रखे गये भूतपूर्व सैनिकों की सेवा समाप्त कर दी जाएगी।
4) अनुबंध पर नियुक्त किये गये भूतपूर्व सैनिकों को एकमुश्त मानदेय रू० 20,000.00 (रू० बीस हजार) मात्र प्रति माह की दर से भुगतान किया जायेगा एवं प्रत्येक वर्ष की सेवा अवधि के उपरांत निर्धारित मानदेय में 8% (आठ प्रतिशत) की बढ़ोतरी की जायेगी। इसके अलावे कोई राशि देय नहीं होगी।
5) भूतपूर्व सैनिकों की नियुक्ति हेतु अनुबंध में निम्नलिखित शर्ते होंगी :–
   i. सेवानिवृत्त सैनिकों को अनुबंध पर पुनर्नियुक्ति एक मुश्त मानदेय के आधार पर किया जायेगा।
   ii. अनुबंध पर रखे गये इन कर्मियों को एक वर्ष में केवल 20 (बीस) दिनों का क्षतिपूर्ति अवकाश देय होगा।
   iii. इन्हें यात्रा भत्ता एवं दैनिक भत्ता सरकारी ड्यूटी के दौरान नियमानुसार देय होगा।
   iv. कर्त्तव्यपालन के क्रम में मृत्यु की परिस्थिति में राज्य के पुलिस कर्मियों को जो अनुग्रह अनुदान देय है, वह उन्हें भी देय होगा। परन्तु आश्रित को सरकारी नौकरी देने का कोई प्रावधान नहीं होगा।
   v. इन्हें पूर्ण अनुशासन एवं निष्ठा कायम रखना होगा। अनुशासनहीनता, कर्त्तव्यहीनता एवं कदाचार चारित्रिक दोष की स्थिति में बिना किसी सूचना के अनुबंध समाप्त किया जा सकता है।
   vi. इन्हें चिकित्सा जाँच में पूरी तरह योग्य पाये जाने पर ही अनुबंध पर लिया जायेगा। इसके लिए प्रत्येक भूतपूर्व सैनिकों को व्यक्तिगत रूप से अनुबंध पर हस्ताक्षर करना होगा।
   vii. ये नियुक्तियाँ अनुबंध पर है तथा नियमित नियुक्ति नहीं है, साथ ही सैन्य सेवा में आरक्षण का प्रावधान नहीं रहने से आरक्षित कर्मियों की संख्या में कमी रहने की संभावना है। अतएव इस स्थिति में इन पदों के नियुक्ति में प्रभावी आदर्श आरक्षण रोस्टर को इस शर्त के साथ शिथिल किया गया है कि संविदा नियुक्ति में झारखण्ड वासियों को प्राथमिकता दी जायेगी।
6) अनुबंध पर नियुक्ति हेतु आवेदक का उम्र दिनांक 01.01.2024 को 55 वर्ष से अधिक नहीं होगी। नियुक्ति में कम उम्र वाले भूतपूर्व सैनिकों को प्राथमिकता दी जाएगी।
7) इन भूतपूर्व सैनिकों को अनुबंध के आधार पर नियुक्ति के पश्चात् प्रथम एक माह तक कक्षपालों के कार्य संबंधी प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। इसके पश्चात् उन्हें आवश्यकतानुसार केन्द्रीय कारा या मंडल काराओं/ उपकाराओं में पदस्थापित किया जा सकता है। नियुक्ति होने पर इन्हें तत्काल योगदान करना अनिवार्य होगा ।
8) संदर्भित अनुबन्ध पर नियुक्ति के पश्चात बिना सूचना के कार्य से अनुपस्थित होने पर यह माना जायेगा कि वे अपने कर्त्तव्य से भाग गए हैं, इसे अनुशासनहीनता के रूप में देखा जायेगा एवं नियम संगत कार्रवाई की जायेगी।
9) अनुबंध पर नियुक्त भूतपूर्व सैनिकों पर कारा हस्तक के तहत् कक्षपाल के लिए निर्धारित सेवा शर्ते लागू होंगी।
10) **जो भूतपूर्व सैनिक पूर्व में सैनिक अस्पताल में स्वास्थ्य संबंधी कार्य कर चुके हैं उन्हें उनके इच्छानुसार कारा अस्पताल में सेवा ली जा सकती है साथ ही ड्राईवर, कम्प्यूटर ऑपरेटर एवं अन्य तकनीकी कौशल अथवा योग्यता की जानकारी रखने वाले भूतपूर्व सैनिक को नियुक्ति में प्राथमिकता दी जायेगी।**
11) आवेदन पत्र के साथ निम्नांकित स्वअभिप्रमाणित छाया प्रति संलग्न करेंगे :–
   i. डिस्चार्ज कार्ड
   ii. पहचान पत्र
   iii. शैक्षणिक योग्यता
   iv. जाति प्रमाण पत्र
   v. स्वपता लिखित लिफाफा (24c.m.x11c.m.) जिसपर 45 रूपये का डाक टिकट लगा हो।
   vi. एक स्वअभिप्रमाणित फोटो कारा में उपलब्ध कराये गये थ्वतउ में चिपकायेंगे
   vii. दो स्वअभिप्रमाणित पासपोर्ट साईज फोटो
12) पूर्ण रूप से भरे गए आवेदन पत्र को व्यक्तिगत रूप से Walk in Interview की निर्धारित स्थान एवं तिथि पर हाथो–हाथ प्राप्त किया जायेगा तथा स्वास्थ्य एवं शारीरिक जाँच परीक्षण केन्द्रीय काराधीक्षक एवं कारा निरीक्षणालय द्वारा प्रतिनियुक्त सदस्यों के समक्ष की जायेगी ।
13) संबंधित काराधीक्षक एवं कारा निरीक्षणालय द्वारा प्रतिनियुक्त सदस्यों के द्वारा संदर्भित भूतपूर्व सैनिक को उपयुक्त पाये जाने पर तत्काल एकरारनामा पर हस्ताक्षर कराकर औपबंधिक रूप से स्वीकृत करते हुए अनुमोदन हेतु तत्काल कारा महानिरीक्षक, झारखण्ड को समर्पित किया जायेगा।
**उक्त जाँच में सम्मिलित होते समय वे अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों के साथ उपस्थित होंगे। मूल प्रमाण पत्र प्रस्तुत नहीं करने पर उनके आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा । अभ्यर्थियों को किसी तरह का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।**
14) यह विज्ञापन, आवेदन प्रपत्र एवं घोषणा पत्र www.jharkhand.gov.in वेब साईट पर Home Department के लिंक से डाउनलोड किया जा सकता है एवं कारा महानिरीक्षक, झारखण्ड, राँची के कार्यालय के सूचना पट पर भी देखा जा सकता है।

अधीक्षक
केन्द्रीय कारा, मेदिनीनगर पलामू।

PR 326236 (District) 24-25 (D)

# संसद में दागी नेताओं की उपस्थिति

**हमारा** नेता कैसा हो? के नारों के बीच जातीय,धार्मिक या आपराधिक वर्चस्व वाले नेताओं की उपस्थिति शुरू से रही है और चुनाव आयोग के निर्देश कि आपराधिक मामलों की जानकारी मतदाताओं को भी दें की कुछ सख्ती के बाद भी अनेक कथित आपराधिक छवि वाले नेताओं की उपस्थिति बनी हुई है। लोकतंत्र के सबसे बड़े मंदिर में पहुंचने वाले 543 सांसदों में 46 फीसदी आपराधिक रिकॉर्ड रखते हैं जो पिछली बार से तीन प्रतिशत अधिक है। भारतीय राजनीति में आपराधिक छवि वाले या किसी अपराध के आरोपों का सामना कर रहे लोगों को जनप्रतिनिधि बनाए जाने एवं उन्हें राष्ट्र-निर्माण की जिम्मेदारी दिया जाना-हर नागरिक के माथे पर चिंता की लकीर लाने वाली है। क्या इस स्थिति में देश की लोकतांत्रिक शुचिता एवं पवित्रता की रक्षा हो पाएगी? क्या हम आदर्श एवं मूल्यपरक समाज बना पाएंगे? क्या ये दागदार नेता एवं जन-प्रतिनिधि कालांतर हमारी व्यवस्था को प्रभावित नहीं करेंगे? चुनाव प्रक्रिया से जुड़े मसलों का विश्लेषण करने वाली सचेतक संस्था एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की ताजा रिपोर्ट बताती है कि वर्ष 2019 में चुने गये सांसदों में जहां 233 यानी 43 फीसदी ने अपने विरुद्ध आपराधिक मामले दर्ज होने की बात स्वीकार की थी, वहीं अठाहरवीं लोकसभा के लिये चुने गए 251 सांसदों ने आपराधिक मामले दर्ज होने की बात मानी है। जो कुल संख्या का 46 फीसदी बैठती है। आखिर राजनीति में तब कौन आदर्श उपस्थित करेगा? क्या हो गया उन लोगों को जिन्होंने सदैव ही हर कुर्बानी करके आदर्श उपस्थित किया। लाखों के लिए अनुकरणीय बने, आदर्श बने। चाहे आजादी की लड़ाई हो, देश की सुरक्षा हो, धर्म की सुरक्षा हो, अपने वचन की रक्षा हो अथवा अपनी संस्कृति और अस्मिता की सुरक्षा का प्रश्न हो, उन्होंने फर्ज और वचन निभाने के लिए अपना सब कुछ होम दिया था। महाराणा प्रताप, भगत सिंह, दुर्गादास, छत्रसाल, शिवाजी जैसे वीरों ने अपनी तथा अपने परिवार की सुख-सुविधा को गौण कर बड़ी कुर्बानी दी थी। गुरु गोविन्दसिंह ने अपने दोनों पुत्रों को दीवार में चिनवा दिया और पन्नाधाय ने अपनी स्वामी भक्ति के लिए अपने पुत्र को कुर्बान कर दिया। ऐसे लोगों का तो मन्दिर बनना चाहिए। इनके मन्दिर नहीं बने, पर लोगों के सिर श्रद्धा से झुकते हैं, इनका नाम आते ही। लेकिन आज जिस तरह से हमारा राष्ट्रीय जीवन और सोच विकृत हुए हैं, हमारी राजनीति स्वार्थी एवं संकीर्ण बनी है, हमारा व्यवहार झूठा हुआ है, चेहरों से ज्यादा नकाबें ओढ़ रखी हैं, उसने हमारे सभी मूल्यों को धराशायी कर दिया। राष्ट्र के करोड़ों निवासी देश के भविष्य को लेकर चिन्ता और ऊहापोह में हैं। वक्त आ गया है जब देश की संस्कृति, गौरवशाली विरासत को सुरक्षित रखने के लिए कुछ शिखर के व्यक्तियों को भागीरथी प्रयास करना होगा। दिशाशून्य हुए नेतृत्व वर्ग के सामने नया मापदण्ड रखना होगा। अगर किसी हत्या, अपहरण या अन्य संगीन अपराधों में कोई व्यक्ति आरोपी है तो उसे राजनीतिक बता कर संरक्षण देने की कोशिश या राजनीतिक लाभ उठाने की कुचेष्ठा पर विराम लगाना ही होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भ्रष्टाचार एवं अपराध मुक्त राजनीति को सदैव प्राथमिकता दी लेकिन चुनाव जीतने के रण में वे भी अपराधी राजनेताओं को प्रश्रय देते हुए दिखे हैं। सभी राजनीतिक दलों ने ही दागी उम्मीदवारों को टिकट दिए हैं। जो राजनीतिक दलों की कथनी और करनी के भारी अंतर को ही उजागर करता है। सवाल है कि देश के लिये नीति निर्धारण करने वाले ऐसे दागी लोग हमारे भाग्यविधाता बने रहेंगे तो हमारा भविष्य कैसा होगा? क्या आपराधिक पृष्ठभूमि वाले लोग जनप्रतिनिधि चुने जाने के बाद हमारी कानून-व्यवस्था को प्रभावित नहीं करेंगे? क्या होगा हमारे समाज व व्यवस्था का भविष्य? क्यों तमाम आदर्शों की बात करने वाले और दूसरे दलों के नेताओं की कारगुजारियों पर सवाल उठाने वाले नेता राजनीति को अपराधियों के वर्चस्व से मुक्त कराने की ईमानदार पहल नहीं करते? क्यों सभी राजनीतिक दल भारतीय लोकतंत्र में शुचिता एवं पवित्रता के लिये सहमति नहीं बनाते? निश्चित रूप से यदि समय रहते इस दिशा में कोई गंभीर पहल नहीं होती तो आने वाले वर्षों में दागियों का यह प्रतिशत लगातार बढ़ता ही जाएगा। इसके साथ ही बड़ा संकट यह भी है कि देश के निचले सदन में येन-केन-प्रकारेण करोड़पति बने नेताओं का वर्चस्व बढ़ता ही जा रहा है। इस बार संसद में चुनकर आए सांसदों में 504 करोड़पति हैं।

इन दिनों

# वर्षा जल को सहेजने की होनी चाहिए ईमानदार कोशिश



अमित राव पवार



**जीवन** में प्रकृति-पर्यावरण ने हमें बहुत कुछ दिया है तथा बदले में प्रकृति हमसे थोड़ी-सी कुछ अपेक्षा रखती है। उसमें भी हम मनुष्य शायद खरा नहीं उतर पा रहे हैं। हम इतना तो कर ही सकते हैं कि वर्षा जल को ही सहेज लें। हमारे पूर्वजों ने प्रकृति के साथ तालमेल रखते हुए समय समय पर इसका ध्यान रखा। इसके लिए हम सदैव उनके ऋणी रहेंगे। अब कुछ आधुनिकता के चलते हम अपनी संस्कृति, परंपराओं तथा प्रकृति को अनदेखा करते जा रहे हैं, जिसका परिणाम हम सबको समय-समय पर दिखाई पड़ता है। ग्लोबल वार्मिंग, जल का स्त्रोत निम्न स्तर पर जाना, गर्मी में अधिक तापमान इत्यादि कारण जो हमें सामने दिखाई दे रहे हैं। इन्हीं में सबसे अधिक ध्यान देने योग्य बात आज जल बचाने की है। देखा जाए तो जन्म से ही मनुष्य अपने आप को बहुत चालाक, चतुर और समझदार समझता था, हर जगह मानो उसकी हुकूमत हो, किंतु प्रकृति इस मनुष्य से भी कई अधिक चतुर, चालाक और समझदार निकली, जिसने दो महत्वपूर्ण काम वायु-जल अपने हाथों में ही रखे। और यह दोनों ही चीज मनुष्य कभी निर्माण (काल्पनिक हो सकती हैं) नहीं कर सकता, इन दोनों के लिए मनुष्य को प्रकृति के साथ रहकर ही कार्य करना पड़ेगा! अधिक पेड़ लगाने होंगे तथा वर्षा का पानी सहेजना होगा जिससे जल के स्तर को बढ़ाया जा सके अन्यथा हालात अभी आरंभ ही हुए हैं, नहीं तो दुष्परिणामों और संकट की हम कल्पना भी नहीं कर सकते। अभी हाल ही में गर्मी ने अपना रुद्र तापमान रूप दिखाया जिससे हाहाकार मच गया, विचार करें कि पानी का पर्याप्त मात्रा में न मिले तो क्या होगा? दुनिया के हर जीव को जीने के लिए जल की आवश्यकता होती है। एक अध्ययन के मुताबिक मनुष्य पांच दिन बिना कुछ खाए रह सकता है किंतु बिना पानी के एक दिन भी नहीं। आज भी अनेक देश और राज्य ऐसे हैं जो पानी के संकट से जूझ रहे हैं। जल की खपत लगातार जनसंख्या वृद्धि के कारण बढ़ती जा रही है, वहीं इसकी उपलब्धता में कमी दिखाई पड़ती है। पानी की कमी को पूरा करने के लिए शासन-प्रशासन सरकारें सब अपना काम कर रहे है, लेकिन इतने भर से काम चलनेवाला नहीं है। वास्तव में यह प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है कि वह जल का अपव्यय न करे, इसे सहेज कर रहे। कोई भी सरकार आ जाए, कितने ही कानून बन जाएं पर हम जल को उत्पन्न नहीं कर सकते हैं, इसलिए यह ध्यान में रखकर ही हम जल का अपने जीवन में सही उपयोग करेंगे दैनन्दिन जीवन में व्यवहार करें और भूजल स्तर को बढ़ाने में अपना योगदान दे सकते हैं। इसके लिए जो कार्य आज से ही शुरू करने हैं, वह हैं जल को बचाएं , पेड़ लगाएं, हमारी छतों से हर वर्ष लाखों-करोड़ों लीटर पानी बह जाता है, इस बहते पानी को हम सहज सकते हैं दो या तीन तरह से। छत पर आने वाले वर्षा जल को एक फिल्टर के माध्यम से सीधे नलकूप में उतारकर, रूफ हार्वेस्टिंग सिस्टम, सोकपिट बनाकर, अन्य किसी विधि द्वारा। आसानी पूर्वक जैसा हम कर सकते हैं जिससे जल बहकर न जाते हुए भूमि के अंदर जाए जिससे जल के स्तर को बढ़ाया जा सके। इस तरह से हम सभी जल को सहेज सकते हैं। सच यही है कि वर्षा और पेड़ों से ही भूजल स्तर को बढ़ाया जा सकता है। आज देश के कितने ही नगरों में जल को लेकर हाहाकार मचा हुआ है, विकास के नाम पर सीमेंट का जाल बिछाया जा रहा है। दूर-दूर तक पेड़-पौधों का नाम तक नही, जल होगा तो सप्लाय होगा या जल की व्यवस्था होगी तभी शासन-प्रशासन सरकारें कुछ कर पाएंदी अन्यथा हम कितने ही आंदोलन करें, कितने ही ज्ञापन दें कोई फर्क नहीं पड़ने वाला। हम भूमि से जल निकाल ही रहे हैं उसे दे कुछ नहीं रहे। नदिया सिकुड़ रही हैं, तालाब सूख रहे हैं, बावड़ियां अब पोस्टरों पर दिखाई देती हैं। इसलिए अभी समय रहते हम सबको संभलना होना अन्यथा आने वाले समय में जल के लिए भीषण लड़ाइयां और युद्ध तय है। वस्तुतः हम सभी को यह ध्यान रखना होगा कि जल को हम बना या निर्माण नहीं कर सकते, इसलिए वषार्काल में हम सभी मिलकर यह प्रयास करें कि जल को सहेजेंगे, इसे सहेजने की भूमि के जल स्तर बढ़ाने की, और अधिक से अधिक पेड़ लगाने तथा उसे सुरक्षित रखते हुए पौधे से पेड़ बनने तक रखरखाव की जिम्मेदारी लेंगे। तभी हम आने वाली पीढ़ी को कुछ देकर जा पाएंगे। अन्यथा आज जो हम वायु-जल उपयोग कर रहे हैं, यह तो हमें हमारे पूर्वजों के कारण मिला है। हमारा इस प्रकृति में फिर क्या योगदान है? इस पर भी हम सभी गहनता से विचार करेंगे ही ।

**अभी हाल ही में गर्मी ने अपना रुद्र तापमान रूप दिखाया जिससे हाहाकार मच गया, विचार करें कि पानी का पर्याप्त मात्रा में न मिले तो क्या होगा? दुनिया के हर जीव को जीने के लिए जल की आवश्यकता होती है। एक अध्ययन के मुताबिक मनुष्य पांच दिन बिना कुछ खाए रह सकता है किंतु बिना पानी के एक दिन भी नहीं। आज भी अनेक देश और राज्य ऐसे हैं जो पानी के संकट से जूझ रहे हैं।**

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

## आपकी बात

### सड़क के व्हाइट पट्टी के बाहर भी लोग कर रहे हैं, वाहनों की पार्किंग

रांची सिटीजन फोरम के अध्यक्ष दीपेश कुमार निराला और सचिव सुशील कुमार सिन्हा ने पत्र लिखकर रांची नगर निगम के प्रशासक सह नगर आयुक्त, उपायुक्त, रांची, ट्रैफिक एसपी, रांची, वरीय आरक्षी अधीक्षक, रांची को मेन रोड़, हरमू बाईपास रोड़, हिनू-डोरंडा रोड़, सहित रांची नगर निगम की सभी प्रमुख सड़कों और मोरहाबादी मैदान, इत्यादि प्रमुख जगहों पर लोगों द्वारा सड़क के किनारे अपने वाहनों की अवैध पार्किंग कर रोड़ जाम करने के तरफ ध्यान आकर्षित कराया है, जिससे उन सड़कों पर राहगीरों और वाहनों चालकों को आवागमन में काफी असुविधा होती है तथा दुर्घटनाएं घटित होते रहती हैं। कई बार तो यह भी देखा जाता है कि कई लोग सड़क के व्हाइट पट्टी के बाहर भी अपने वाहनों को पार्क करके छोड़ देते हैं, और करीब आधा सड़क की चौड़ाई इन्हीं अवैध पार्किंग के कारण अतिक्रमित हो जाती है, जिससे आम राहगीरों और वाहन चालकों को काफी परेशानी होती है।

**रांची मेन रोड़, हरमू बाईपास रोड़, हिनू-डोरंडा रोड़ सहित रांची नगर निगम की सभी प्रमुख सड़कों तथा मोरहाबादी मैदान रजिस्ट्री आफिस के सामने की सड़क पर प्रतिदिन वाहनों के जमावड़े (अवैध पार्किंग) से सड़क जाम की स्थिति से होनेवाली परेशानियों और दुर्घटनाओं के समाधान हो - रांची सिटीजन फोरम**

मोरहाबादी स्थित रजिस्ट्री ऑफिस के सामने वाला सड़क जैसा जगह रांची में आम लोगों के लिये आकर्षण और मनोरंजन के लिए एक पसंदीदा स्थल बन चुका है। जहाँ न सिर्फ रांची बल्कि दूरदराज से लोग घूमने-फिरने आते हैं। यहाँ पर 5 सुंदर पार्क,आकर्षक विद्युत सज्जा के साथ ही खाने-पीने के विभिन्न स्टॉल लोगो को लुभाते हैं, जिसके कारण यहां वाहनों का जमावड़ा शाम ढलते ही सड़कों पर कब्जा कर लेता है। सड़क पर ही भारी वाहनों को पार्क कर दिए जाने के कारण पैदल और दूसरे वाहन चालकों के लिए भी यह खतरे का कारण बनता जा रहा है। साथ ही शाम को वहां असामाजिक लोगों का भी जमावड़ा लग जाता है। अक्सर वहां वाहन चालक आपस में या फूड स्टॉल संचालक वाहन चालकों के साथ लड़ाई-झगड़ा भी करते रहते हैं, और अक्सर अपराध की खबरें भी इन जगहों से प्रकाशित होते रहती हैं। सभ्य शहरी नागरिक जिनके लिए यह मैदान संजीवनी का काम करता है, खासकर वरिष्ठ नागरिक ,महिला और युवा वर्ग शाम को ही इस मैदान में स्वास्थ्य लाभ के लिए आते हैं। यहां पर दो मोटर वर्कशॉप भी हैं। वहां मरमत के लिए आनेवाली गाड़ियां भी सड़को पर ही पार्क की जाती हैं। यहां पर इन वाहनों के कारण दुर्घटनाएं भी हो चुकी हैं, जिनमे एक व्यक्ति की मृत्यु भी हो चुकी है। यहीं पर एक जूस बेचनेवाले की भी हत्या हुई थी। इन स्थितियों के मद्देनजर फोरम के अध्यक्ष दीपेश कुमार निराला, उपाध्यक्ष रेणुका तिवारी और उमाशंकर सिंह, सचिव सुशील कुमार सिन्हा, कोषाध्यक्ष विनोद जैन बागवानी और सहसचिव विवेक कुमार और सुशील कुमार शर्मा ने जनहित में मांग किया है कि उपरोक्त वर्णित स्थलों का भौतिक सत्यापन कराते हुए इस अवैध पार्किंग से सड़कों को अतिक्रमण मुक्त करवाने की कार्रवाई की जाय, ताकि आम नागरिक बेखौफ होकर यहां पर घूम सकें और सड़कों में वाहनों का परिचालन सामान्य हो सके। - **दीपेश कुमार निराला**

रक्तदान दिवस पर विशेष

# रक्तदान कर जीवन रक्षा का पुण्य कमाएं




मुकेश कुमार शर्मा

**जीवन** में हर किसी को कभी न कभी परिजनों, रिश्तेदारों, दोस्तों या पड़ोसियों के लिए विशेष परिस्थितियों में रक्त (ब्लड) की आवश्यकता पड़ती ही है। कई बार हमें जरूरत के मुताबिक समय से सुरक्षित रक्त मिल जाता है तो कई बार समय से रक्त मिलने में मुश्किल का सामना करना पड़ता है। ऐसे में मरीज की जान तक बचाना मुश्किल हो जाता है। इसी मुश्किल को आसान बनाने के लिए हर वर्ष 14 जून को विश्व रक्तदाता दिवस मनाया जाता है। विश्व रक्तदाता दिवस को मनाने का मूल मकसद लोगों को रक्तदान के प्रति जागरूक करना है ताकि किसी भी मुसीबत में फंसे अपने ही नहीं पराये को भी समय से सुरक्षित रक्त मिल सके और उनके प्राणों की रक्षा की जा सके। रक्तदान को महादान भी कहा जाता है क्योंकि यही एक ऐसी चीज है जिसे किसी भी लैब में या किसी अन्य तरीके से तैयार नहीं किया जा सकता है। इसलिए आज इस दिवस पर प्रण लेने की जरूरत है कि हम समय-समय पर रक्तदान कर महादानी बनने का गौरव हासिल करेंगे। इसके साथ ही आज उन महादानियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करने और सम्मान करने का भी दिन है जिनके दान की बदौलत हर साल न जाने कितने लोगों के प्राणों की रक्षा की जाती है। इसी को ध्यान में रखते हुए इस साल विश्व रक्तदाता दिवस की थीम है- ''दान का उत्सव मनाने के 20 साल : रक्तदाताओं को धन्यवाद।'' 18 से 65 साल का कोई भी पूर्ण रूप से स्वस्थ व्यक्ति रक्तदाता बन सकता है। रक्तदाता की कुछ जरूरी जांच भी की जाती है ताकि ब्लड बैंक तक किसी तरह से संक्रमित रक्त न पहुंचने पाए, इसीलिए हाल ही में टैटू बनवाने वालों व बीमार व्यक्तियों के रक्त लेने से भी परहेज किया जाता है ताकि रक्त की शुद्धता बरकरार रखी जा सके। वयस्क स्वस्थ व्यक्ति के शरीर में 4.5 लीटर से पाँच लीटर रक्त होता है। कोई भी स्वस्थ व्यक्ति एक बार में 300 से 450 मिली लीटर रक्तदान कर सकता है, जिसकी भरपाई शरीर 24 से 48 घंटे में खुद कर लेती है। तीन माह के अन्तराल पर दोबारा रक्तदान किया जा सकता है। रक्त के अलग-अलग समूह होते हैं, जिनमें कुछ अति दुर्लभ किस्म के होते हैं, जिनके रक्तदाताओं की पहचान कर उनसे बराबर सम्पर्क में रहने की जरूरत होती है ताकि किसी विषम परिस्थिति में उनसे सम्पर्क कर रक्तदान की अपील की जा सके। **(ये लेखक के निजी विचार है।)**

**कई बार हमें जरूरत के मुताबिक समय से सुरक्षित रक्त मिल जाता है तो कई बार समय से रक्त मिलने में मुश्किल का सामना करना पड़ता है। ऐसे में मरीज की जान तक बचाना मुश्किल हो जाता है।**

## फेसबुक वॉल से

संगीता सहाय अनुभूति
11 m ·
1.... See more




1

## X - से

Annapurna Devi @Annapurna4... · 1d
सेवा यात्रा का एक निर्णायक मोड़, एक नई शुरुआत!

आदरणीय प्रधानमंत्री श्री @narendramodi जी के नेतृत्व में भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्री के रूप में कार्यभार संभालते हुए उत्साह और गौरव की अनुभूति कर रही हूं।

विगत 10 वर्षों में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के... Show more



Narendra Modi and 9 others
567 1.3K 17K 409K

अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com

# याद रखे देश, पूर्वी दिल्ली में शिशुओं के जलने के हादसे को



आर.के. सिन्हा

**अभी** एक महीना भी नहीं हुआ और देश की राजधानी में हुए एक दर्दनाक अग्निकांड को भुला दिया गया है। पिछली 25 मई को जिस दिन दिल्ली में लोकसभा चुनाव के लिए वोटिंग हुई थी उसी दिन पूर्वी दिल्ली के विवेक विहार के एक निजी अस्पताल में आग लगने के कारण सात नवजात शिशुओं की मौत हो गई थी। जैसा कि हमारे यहां होता आ रहा है- घटना के बाद नेताओं की तरफ से अफसोस जता दिया गया, स्थानीय प्रशासन ने दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का वादा कर दिया और कुछ गिरफ्तारियां भी हो गईं। यह सब कुछ दिनों तक चला और फिर दुनिया अपनी रफ्तार से चलने लगी और फिर एक तरह से अगले हादसे तक के लिए सब कुछ सामान्य हो गया। हमारी नींद तो किसी हादसे के बाद ही खुलती है और पुनः हम कुंभकर्णी निद्रा में चले जाते हैं। क्या हम इतने भयावह हादसे को लेकर पूरी तरह से संवेदनहीन हो चुके हैं? लगता तो यही है। अगर इस तरह की स्थिति न होती तो इतनी जल्दी विवेक विहार में हुई त्रासदी पर अफसोस जताना बंद न हो जाता। यह तो मानना ही होगा कि भारत में स्वास्थ्य सेवाएं तेजी से निजी हाथों में चली जा रही हैं। मतलब प्राइवेट अस्पताल खुलते ही चले जा रहे हैं। तंग गलियों में चलने वाले गंदे क्लीनिकों से लेकर पॉश कोरपोरेट इलाकों में अस्पतालें चल रहे हैं। ये ही देश में 70 फीसद तक जनता को स्वास्थ्य सुविधाएं दे रहे हैं। दूसरे शब्दों में कहें तो सरकार अब 25-30 करोड़ लोगों को ही स्वास्थ्य सेवाएं दे रही है। जब इतने बड़े स्तर पर प्राइवेट क्षेत्र हेल्थ सेक्टर को देखने लगा है, तो क्या इस पर किसी का नियंत्रण है? विवेक विहार की घटना साबित करती है कि इन प्राइवेट अस्पतालों पर किसी को कोई खास नियंत्रण नहीं हो रहा है। जिस दो मंजिला बेबी डे केयर सेंटर में आग लगी वहां नवजात शिशुओं का इलाज और देखरेख एक आयुर्वेदिक डॉक्टर करता था। अब आप समझ सकते हैं कि हमारे यहां स्वास्थ्य सेवाओं की हालत कितनी पतली हो चुकी है। आग लगने के कारण सेंटर में भर्ती 12 नवजात में से सात ने दम तोड़ा। इसमें से कुछ झुलस गए थे तो कुछ नवजात ऑक्सीजन सपोर्ट हटने से जीवित नहीं रह पाए। मुझे पूर्वी दिल्ली के सोशल वर्कर जितेन्द्र सिंह शंटी बता रहे थे कि सेंटर में ऑक्सीजन सिलेंडर फटने से आग ने फौरन विकराल रूप ले लिया। सिलेंडर केयर सेंटर से दूर-दूर जाकर गिरे। स्थानीय लोगों को लगा कि भूकंप आ गया है। शंटी और उनके साथियों ने आग बुझाने और घायलों को अस्पताल पहुंचाने में दिन-रात एक कर दी थी। हमारे यहां अस्पतालों में आग लगने के कारण लगातार बड़े हादसे होते रहे हैं। 2011 में कोलकाता के एएमआरआई अस्पताल में आग लगने से 90 लोगों की मौत हो गई थी। अप्रैल 2021 में, कोविड-19 महामारी के चरम पर, मुंबई के पास विजय वल्लभ अस्पताल में आग लगने से 13 मरीजों की मौत हो गई थी। उसी वर्ष, मुंबई में फिर से सनराइज अस्पताल में आग लगने से 11 मरीजों की मौत हो गई। 2022 में, जबलपुर के न्यू लाइफ मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल में आग लगने से आठ मरीजों की मौत हो गई और 2016 में पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद मेडिकल कॉलेज में आग लगने से 50 मरीजों की मौत हो गई। **(ये लेखक के निजी विचार है।)**

## बोधि वृक्ष

# अद्भुत है पटना का महावीर मंदिर



**पाच** हजार या उससे अधिक दान देने वालों के माता-पिता का नाम मदिर में लगवाया जाएगा। इसके बाद मदिर के प्रवेश द्वारा पर दान पेटी लगाई गई। दर्शन करने आने वाले भक्त इसमें श्रद्धा से पैसे जमा करते थे हालाकि ये चढ़ावा महंत जी ही ले लेते थे। 30 नवबर 1983 को बतौर पटना एसएसपी मैंने इस मदिर का शिलान्यास किया। इसके बाद जोर-शोर से मंदिर का निर्माण कार्य शुरू हुआ।

**तिरुपति बालाजी के कारीगर तैयार करते हैं नैवेद्यम**

साल 1992 में महावीर मदिर में भगवान हनुमान को भोग लगाने के लिए नैवेद्यम का प्रसाद मिलना शुरू हुआ। उस समय तिरुपति बालाजी मदिर के कुछ कारीगर इस करार पर आए थे कि यहा के लोगों को नैवेद्यम बनाने का प्रशिक्षण देने के बाद वे लौट जाएंगे मगर यहा की व्यवस्था देखकर आज भी बालाजी मदिर के 40 कारीगर हमारे साथ काम कर रहे हैं। शुरूआत में इन्हें रहने-खाने के साथ पाच हजार रुपए मासिक वेतन मिलता था मगर अब नैवेद्यम की बिक्री से होने वाली आय का दस प्रतिशत इन्हें दिया जाता है। इससे उनके अंदर अधिक नैवेद्यम तैयार करने का उत्साह रहता है।

**मंदिर की आय से अस्पतालों का होता है सचालन**

महावीर मदिर कमाई के मामले में उत्तर भारत में दूसरे स्थान पर है। (क्रमशः)

## टेक वर्ल्ड

# क्या आप जानते हैं रात को सोते समय एसी का तापमान कितना होना चाहिए?



**बुजुर्गों के लिए हो इतना तापमान :** बता दें, बुजुर्गों के लिए एसी का तापमान 24 डिग्री सेल्सियस सही रहता है। वयस्कों की तुलना में बुजुर्गों को ज्यादा ठंड लगती है। अगर 24 डिग्री से कम तापमान पर उनकी सेहत खराब हो सकती है। एसी से सुबह तक कमरे का तापमान काफी ज्यादा ठंडा हो जाता है।

**एसी में सोने के फायदे और नुकसान :** गर्मी के दौरान अगर आप एसी में सोते है, तो इसमे डिहाइड्रेशन, हीट स्ट्रोक, थकान जैसी बीमारियों से बचा जा सकता है। हालांकि, एसी में सोने के जितने फायदे है उतने नुकसान भी है। वहीं, आपका एसी गंदा है तो उसमें डस्ट, बैक्टीरिया, जर्म, फंगस आदि होने के खतरे काफी बढ़ जाते हैं। एसी के चलने के दौरान ये हमारी सांस के जरिए शरीर में चले जाते हैं। जिस वजह से कई बार एलर्जी हो जाती है। इसलिए समय-समय पर एसी का फिल्टर साफ करते रहना चाहिए। (समाप्त)

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)



# राहत प्रचंड गर्मी में मिला सुकून

बढ़ते तापमान के कारण लोग भीषण गर्मी की मार झेल रहे हैं। लोगों का झुलसाने वाली गर्मी के कारण हाल बेहाल है। गर्मी की दोपहर में टूटी हुई पानी की पाइपलाइन के पास नहाते लोग।







## दिल्ली सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में दिया हलफनामा, कहा

# टैंकर माफिया के खिलाफ कार्रवाई नहीं कर सकते

एजेंसी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में पानी की किल्लत को लेकर जारी राजनीतिक संग्राम के बीच गुरुवार को केजरीवाल सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दाखिल किया। अपने हलफनामा में बताया कि हम मजबूर हैं। हम टैंकर माफिया के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं कर सकते। वजह यह है कि टैंकर माफिया दिल्ली से नहीं, बल्कि हरियाणा से संचालित होते हैं, जिसकी वजह से हमारे हाथ बंधे हुए हैं। दिल्ली सरकार ने अपने हलफनामा में बताया, ह्लटैंकर माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई करना हमारे क्षेत्राधिकार में नहीं आता है। अगर आता तो हम अब तक उनके विरुद्ध कार्रवाई कर चुके होते। हरियाणा सरकार को बताना चाहिए कि वो दिल्ली को पानी मुहैया कराने की दिशा में क्या कुछ कदम उठा रही है? क्योंकि, यहां लोग पानी की एक-एक बूंद के लिए तरस रहे हैं।

दिल्ली जल बोर्ड ने राष्ट्रीय राजधानी में पानी की आपूर्ति के लिए पूरी रूपरेखा तैयार की है, जिसे जल्द ही धरातल पर उतारा जाएगा। यह ब्लूप्रिंट दिल्ली में पानी की किल्लत को देखते हुए तैयार किया गया है। वहीं सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि राज्यों के बीच यमुना जल का बंटवारा एक जटिल मुद्दा है। जिस पर सभी पक्षों के साथ विस्तृत बातचीत के बाद ही किसी नतीजे पर पहुंचा जा सकेगा। कोर्ट ने कहा कि पानी का बंटवारा अपर यमुना रिवर फ्रंट पर छोड़ देना चाहिए। अपर यमुना फ्रंट ने दिल्ली सरकार से मानवीय आधार पर पहले ही 152 क्यूसेक पानी दिए जाने का अनुरोध किया है। बता दें कि बीते दिनों सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली में पानी की किल्लत पर सुनवाई की थी। जिसमें दिल्ली सरकार से इस संबंध में कई तीखे सवाल किए गए थे।

दिल्ली सरकार से पूछा गया था कि आखिर आपने अभी तक वाटर टैंकर माफिया के खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं की? दिल्ली में पानी का संकट अपने चरम पर है, लेकिन आप हाथ पर हाथ धरे बैठे हुए हैं? जब आपको पता था कि हर साल गर्मी का मौसम आते ही दिल्लीवासियों को पानी की एक-एक बूंद के लिए तरसना पड़ जाता है, तब भी आप खामोश रहे, आखिर क्यों?

### टैंकर माफिया मजबूरी का उठा रहे फायदा

सुप्रीम कोर्ट से फटकार खाने के बाद दिल्ली सरकार ने गुरुवार को पानी की किल्लत के संबंध में हलफनामा दाखिल किया, जिसमें उन्होंने विस्तार से अपनी मजबूरियों के बारे में बताकर अपना बचाव किया। टैंकर माफियाओं के वर्चस्व का अंदाजा आप महज इसी से लगा सकते हैं कि वो दिल्ली के लोगों को पानी देने के एवज में अपने मनमुताबिक उनसे पैसे ऐंठ रहे हैं। कई लोगों ने खुद सामने आकर इस संबंध में शिकायत दर्ज करवाई है, लेकिन आलाधिकारी इस पर मौन साधे हुए हैं। वहीं दिल्ली में जारी पानी की किल्लत को लेकर राजनीतिक गलियारों में सियासत अपने चरम पर है।

# ओडिशा के नए सीएम मांझी ने पूरा किया वादा जगन्नाथ मंदिर के खोले गए सभी चारों द्वार

एजेंसी

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण मांझी ने भाजपा सरकार का एक चुनावी वादा पूरा कर दिया है। गुरुवार को पुरी के जगन्नाथ मंदिर के सभी चार प्रवेश द्वार श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए। मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी अपने मंत्रिपरिषद और पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेताओं के साथ सुबह मंदिर पहुंचे और भक्तों के लिए मंदिर के सभी प्रवेश द्वार खोलना सुनिश्चित किया।

मीडियाकर्मियों से बात करते हुए सीएम माझी ने कहा कि इस मुद्दे को लेकर भक्तों में भारी नाराजगी थी। सीएम मांझी ने कहा, "बुधवार को हुई कैबिनेट की बैठक में अपने पहले फैसले में गुरुवार सुबह मंगल आरती के बाद मंदिर के दरवाजे खोलने का फैसला लिया गया था। भगवान जगन्नाथ की कृपा से आज यह काम पूरा हो गया।"

उन्होंने आश्वासन देते हुए कहा कि सरकार मंदिर के प्रबंधन से जुड़े अन्य मुद्दों पर भी काम करेंगी।



सीएम मांझी ने अन्य मंत्रियों के साथ त्रय (जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा) के 'दर्शन' किए और मंदिर के चारों ओर 'परिक्रमा' भी की।

12वीं शताब्दी के इस मंदिर में कोविड के कारण श्रद्धालुओं को केवल मुख्य द्वार (सिंह द्वार) से ही प्रवेश की अनुमति दी गई थी। श्रद्धालुओं और सेवायतों ने पूर्व में कई बार पिछली बीजू जनता दल सरकार के समक्ष यह बात उठाई थी, मगर इसका कोई फायदा नहीं हुआ। बता दें कि भाजपा ने अपने चुनावी घोषणापत्र में राज्य में सरकार बनने के बाद जगन्नाथ मंदिर के सभी द्वार खोलने का वादा किया था।

## टीएमसी विधायक सोहम चक्रवर्ती को मिली अग्रिम जमानत

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में बारासात की एक जिला अदालत ने गुरुवार को चांदीपुर से टीएमसी के विधायक सोहम चक्रवर्ती को अग्रिम जमानत दे दी। सोहम चक्रवर्ती पर सात जून की रात कोलकाता में एक रेस्तरां के मालिक अनीसुल आलम पर हमला करने का आरोप है। सोहम चक्रवर्ती ने गुरुवार को जिला अदालत में आत्मसमर्पण किया। इसके बाद उनके वकील ने अग्रिम जमानत याचिका दायर की, जिसे जज ने दो हजार रुपये के निजी मुचलके पर मंजूर कर लिया। चक्रवर्ती ने अदालत के बाहर मीडियाकर्मियों से कहा, मामला कोर्ट में विचाराधीन है, इसलिए मुझे कोई टिप्पणी नहीं करनी है। चक्रवर्ती को अग्रिम जमानत तब दी गई जब एक दिन पहले रेस्तरां के मालिक अनीसुल आलम ने बुधवार को कलकत्ता हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था।

# किन्नरों ने ट्रेन में यात्रियों की जेब की खाली, खाने तक को न छोड़े पैसे

एजेंसी

**झांसी।** वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी स्टेशन पर मुंबई-लखनऊ पुष्पक एक्सप्रेस में बुधवार देर रात को पैसे मांगने के बहाने चढ़े किन्नरों ने यात्रियों को लूट लिया। यात्रियों ने शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि तीन से चार की संख्या में आए किन्नरों ने उनसे पहले 10-20 रुपये मांगे थे। जब उन्होंने किन्नरों को देने के लिए जेब से पैसे निकाले तो किन्नर उनके हाथ से पांच सौ रुपये के नोट लूट कर भाग गए। इस पूरे वाकया का वीडियो ट्रेन की साइड अपर बर्थ पर बैठे एक यात्री ने बना लिया। इसके बाद यात्रियों ने रेल प्रशासन से इसकी शिकायत की। जब तक रेलवे सुरक्षा बल कुछ कर पाता किन्नर लूटपाट कर फरार हो गए। यात्रियों ने बताया कि जो पैसे थे वह किन्नर लूट कर ले गए, अब उनके पास ट्रेन से उतरने के बाद घर जाने तक का किराया नहीं बचा है। यहां तक खाना खाने के लिए अब मोहताज हो गए हैं। घटना की शिकायत मिलने पर अप और डाउन दोनों पुष्पक एक्सप्रेस के सीसीटीवी फुटेज देखे गए, जिसमें किन्नर या कोई संदिग्ध व्यक्ति ट्रेन में चढ़ते या उतरते दिखाई नहीं दिया। वीडियो के आधार पर किन्नरों की तलाश की जा रही है। जल्दी ही उन्हें ढूंढ लिया जाएगा। -मोहम्मद असलम, सहायक सुरक्षा आयुक्त, आरपीएफ।



# आज का राशिफल

**मेष** — आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शनैः-शनैः स्थिती पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। प्रेमभाव बढ़ेगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी।

**वृषभ** — स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रहें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है।

**मिथुन** — कार्यारम्भ से पहले उचित मूल्यांकन कर लें। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। यात्रा का योग बनेगा।

**कर्क** — आध्यात्मिक रुचि बनेगी। प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। हर्ष उल्लास के बीच अप्रत्याशित विघ्न पैदा होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी।

**सिंह** — स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे।

**कन्या** — आवेश में आना आपके हित में नही होगा इसलिए व्यवहार व वाणी पर नियंत्रण रखें। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। हाथ-पैरों में पीड़ा हो सकती है। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें।

**तुला** — धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। मातृपक्ष के लोगों का सहयोग मिलेगा।

**वृश्चिक** — मनोविनोद बढ़ेंगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ होगा और पुराने मित्रों से समागम भी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा।

**धनु** — धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। रुका हुआ लाभ प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों में प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे।

**मकर** — किसी से कहा सुनी न हो यही ध्यान रहे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे।

**कुम्भ** — कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। इच्छित कार्य सफल होंगें।

**मीन** — ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें। मायूस न हो समय चक्र है। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा।

# टोल शुल्क मांगने पर आगबबूला हुआ दारोगा, कर्मचारियों से की मारपीट



एजेंसी

**ग्रेटर नोएडा।** कोतवाली दादरी क्षेत्र के जीटी रोड स्थित लुहारली टोल प्लाजा पर उत्तर प्रदेश पुलिस का एक दरोगा टोल प्लाजा का बूम जबरन हटाकर गाड़ी निकलवाना तथा मारपीट करने का वीडियो सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस मामले की शिकायत पुलिस से की गई है। पुलिस मामले की जांच में लगी है। पुलिस ने बताया कि गुरुवार को सुबह के समय कार में सवार दरोगा दादरी की तरफ से सिकंदराबाद की ओर जा रहे थे। जब वह कोतवाली दादरी क्षेत्र के जीटी रोड स्थित लुहारली टोल प्लाजा पर पहुंचे तो बूथ कर्मचारियों ने टोल शुल्क की मांग की। जिस पर दरोगा आग बबूला होकर गाड़ी से उतरा और जबरन टोल बूम को हटा दिया। टोल पर तैनात कर्मचारियों ने जब जबरन बूम हटाने का विरोध किया तो उसके साथ मारपीट कर दी। और गाड़ी निकाल कर अन्य गाड़ियों को भी टोल फ्री कर दिया। जिसका टोल कर्मचारियों व मैनेजर में विरोध किया।

उत्तर प्रदेश पुलिस के दरोगा द्वारा टोल मैनेजर व कर्मचारियों के साथ धक्का मुक्की कर अभद्रता की गई। और जमकर गाली गलौज की। यह घटना टोल प्लाजा पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। तथा दरोगा सबक सिखाने की धमकी देकर कार में सवार होकर निकल गया। इस घटना की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस मामले की जांच में लगी है। एसीपी अमित प्रताप सिंह का कहना है कि टोल प्लाजा पर अभद्रता करने वाले दरोगा का नाम प्रवीण कुमार बताया गया जा रहा है। दरोगा कहां पर तैनात है। टोल प्लाजा पर अभद्रता करने के मामले को लेकर जांच कार्रवाई की जाएगी।

# खौफनाक : बेटे को फावड़े से काटा, गैस के चूल्हे पर जलाया, न मरा तो लकड़ियां रखकर जिंदा जला दिया

एजेंसी

**बिजनौर।** चार साल के इकलौते बेटे को मां ने फावड़े से काटा, नहीं मरा तो उसे गैस के चूल्हे पर जलाया, नहीं जला तो फिर लकड़ियों में आग लगाकर जिंदा जलाने लगी..... ये कोई कहानी आपको नहीं बता रहे हैं, बल्कि बिजनौर में हुई एक ऐसी घटना के बारे में आपको बता रहे हैं, जिसे जानकर हर किसी की रूह कांप गई। एक ऐसी वारदात जिसकी आप कल्पना भी नहीं कर सकते। कहते हैं कि मां की दुआ के आगे बड़ी से बड़ी मुसीबत टल जाती है। संतान की बात आती है तो मां मौत से भी लड़ जाती है, लेकिन जब एक मां अपने ही बच्चे की जान लेने पर आ जाए तो आप क्या कहेंगे। बिजनौर में भी ऐसा ही कुछ हुआ, जिसने हर किसी को झकझोर कर रख दिया।

यह वारदात है बिजनौर के हीमपुर दीपा थाना क्षेत्र की है। गांव जलालपुर हसना में एक महिला ने अपने चार वर्षीय मासूम बेटे की हत्या कर दी। उसने बेटे को पहले फावड़े से काटने की कोशिश की, नहीं कटा तो उसको गैस के चूल्हे पर रख कर जलाने की कोशिश की। बच्चे की जान फिर भी नहीं निकली तो लकड़ियों का ढेर बनाया उसमें आग लगाई और मासूम को उस आग के हवाले कर दिया। उसी वक्त बच्चे का बाप कपिल घर पर आ गया। उसने आंखों के सामने जो मंजर देखा उसके होश उड़ गए। कपिल ने देखा कि सुलगती हुई लकड़ियों के बीच उसका बेटा पड़ा हुआ जल रहा है। किसी तरह उसने बच्चे को आग से बाहर निकाला, देखा तो उसकी सांसे चल रही थीं। वह जैसे तैसे बच्चे कोझुलसी हुई हालत में लेकर पास के अस्पताल लेकर भागा लेकिन तब तक देर हो चुकी थी।

सांस चलती देख वह उसे एक निजी चिकित्सक के पास ले गया। रास्ते में बालक ने दो हिचकियां ली। इसके बाद चिकित्सक ने बालक को मृत घोषित कर दिया। हालांकि महिला से भी पूछताछ कुछ भी बोल नहीं बोली।



महिला ने उस वक्त घटना को अंजाम दिया, जब घर में वह और उसका चार वर्षीय बेटा हर्ष उर्फ कल्लू घर में थे। बालक के पिता खेत पर गए थे। घटना से पहले बालक को उसके दादा ने पॉपकॉर्न दिलाया था। जिसे लेकर वह घर गया था। इस दौरान ही मां आदेश ने बेटे हर्ष उर्फ कल्लू के गले पर फावड़ा चलाया। हालांकि गर्दन पूरी तरह से नहीं कटी थी। लेकिन गहरा घाव बन गया था। मृतक के पिता कपिल ने बताया कि सुबह वह ठीक थी। घर में दाल बनी रखी थी और आटा गुंथा हुआ था, लेकिन समझ में नहीं आ आया कि आखिरकार उसने यह खौफनाक कदम क्यों उठाया।

## कर्नाटक के बीएस येदियुरप्पा के खिलाफ गैर-जमानती वारंट

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु की एक स्पेशल कोर्ट ने गुरुवार को भाजपा नेता और कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा के खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किया। नाबालिग लड़की के कथित यौन उत्पीड़न से संबंधित पॉक्सो मामले में ये वारंट जारी किया गया है। पॉक्सो मामलों के लिए फर्स्ट फास्ट ट्रैक कोर्ट ने अभियोजन पक्ष की इस दलील पर विचार करते हुए वारंट जारी किया कि येदियुरप्पा पावरफुल व्यक्ति हैं। ऐसी जानकारी है कि इस समय वह दूसरे राज्य में हैं। येदियुरप्पा ने मामले को दबाने की कोशिश की थी। शिकायतकर्ता को शिकायत वापस लेने के लिए दो लाख रुपये का लालच भी दिया था। अभियोजन पक्ष ने अदालत को यह भी बताया कि नोटिस जारी किए जाने के बाद भी येदियुरप्पा जांच के लिए उपस्थित नहीं हुए। आदेश के बाद, कर्नाटक पुलिस पॉक्सो मामले के सिलसिले में येदियुरप्पा को गिरफ्तार करने की तैयारी कर रही है। इस बीच, येदियुरप्पा ने गुरुवार को मामले में अग्रिम जमानत के लिए कर्नाटक हाईकोर्ट का रुख किया।

# आइसक्रीम से निकली इंसान की उंगली मुंबई के डॉक्टर अखरोट समझ कर चबा रहे थे

एजेंसी

**मुंबई।** खाने की चीजों से कॉकरोच, छिपकली निकलने की घटना तो आपने बहुत बार सुनी और देखी होगी। लेकिन मुंबई से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां एक आइसक्रीम से इंसान की उंगली के मांस का टुकड़ा मिला है। घटना मुंबई के मलाड इलाके की है।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, मलाड के रहने वाले डॉक्टर ओरलम ब्रैंडन सेराओ ने ऑनलाइन आइसक्रीम मंगवाई थी। उन्होंने बड़े चाव से आइक्रीम खोली लेकिन बाद में वे सन्न रह गए। उन्होंने फोटो को ऑनलाइन शेयर किया, जिसमें मांस का टुकड़ा बाहर दिखाई दे रहा है। डॉक्टर ने अपना अनुभव साझा किया। उन्होंने कहा कि मुझे तो पहले लगा कि यह कोई अखरोट होगा लेकिन बाद में जब ध्यान से देखा तो पता चला कि वह उंगली है।

सोशल मीडिया पर शेयर किए गए एक वीडियो में उन्होंने बताया कि मैंने तीन आइसक्रीम ऑनलाइन मंगवाई थी। मैंने बटरस्कोच आइसक्रीम ली थी। मैं आइसक्रीम खा रहा था, तभी मुंह के अंदर कुछ ठोस चीज महसूस हुई। मुझे लगा कि यह अखरोट या चॉकलेट का टुकड़ा हो सकता है लेकिन मुझे मुंह में कुछ ज्यादा ही कड़ा महसूस हुआ। यह क्या यह जानने के लिए मैंने थूका तो मैं दंग रह गया क्योंकि यह अखरोट नहीं बल्कि इंसान की उंगली की मांस का टुकड़ा था। मैं पेशे से एक डॉक्टर हूं तो मुझे समझ आ गया कि यह अंगूठा का हिस्सा है, इसमें नाखून दिख रहा था। मैंने तुरंत टुकड़े को आइसपैक में डाल दिया, जिससे पुलिस को दिखाया जा सके। डॉक्टर ने दोपहर में खाना खाने के बाद आइसक्रीम खा रहे थे तो कोन में से आधे इंच का एक मांस का टुकड़ा निकला, जिसमें नाखून भी था। वह फिलहाल स्नातकोत्तर की पढ़ाई कर रहे हैं। उन्होंने आइसक्रीम कंपनी के इंस्टाग्राम पेज पर इसकी शिकायत दर्ज कराई।



### घटना की जांच कर रही है पुलिस

डॉक्टर ने आगे बताया कि मैंने मलाड पुलिस में घटना की जानकारी दी। मैंने आइसक्रीम ब्रांड के खिलाफ मिलावट और लोगों के जीवन को खतरे में डालने का मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने आइसक्रीम को जांच के लिए और टुकड़े को फोरेंसिक जांच के लिए भेज दिया है। पुलिस ने कहा कि हम मामले की जांच कर रहे हैं और यह भी तलाश रहे हैं कि आखिर आइसक्रीम में यह टुकड़ा आया कहां से।

# बिहार में कानून व्यवस्था को लेकर तेजस्वी यादव ने नीतीश सरकार पर कसा तंज

एजेंसी

**पटना।** बिहार की मुख्य विपक्षी पार्टी राजद ने गुरुवार को प्रदेश की कानून व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े करते हुए नीतीश कुमार की सरकार पर तंज कसा है। विपक्ष के नेता और पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने कई आपराधिक घटनाओं का जिक्र करते हुए सरकार पर जोरदार निशाना साधा है। पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने गुरुवार को सरकार पर कटाक्ष करते हुए अपने एक्स अकाउंट पर लिखा, बिहार में डबल इंजन सरकार के चंद घंटों के 'मंगलराज' का अद्भुत आपराधिक नजारा देखिए। मुख्यमंत्री से लेकर दो-दो उपमुख्यमंत्री सहित समूचा अमला आपराधिक घटनाओं को लेकर आपराधिक चुप्पी ओढ़े हुए है।



इसके बाद इन्होंने छपरा में दो वकीलों की हत्या, नवादा में सरेराह महिला को चाकू से वार करने, पटना में दो बहनों पर चाकू से हमला, भागलपुर में बदमाशों ने निर्वस्त्र कर महिला की पीट-पीटकर की निर्मम हत्या करने जैसी कई घटनाओं का भी जिक्र किया। इधर, राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव की पुत्री और सारण से राजद प्रत्याशी रही रोहिणी आचार्य ने भी छपरा में दो वकीलों की हत्या को लेकर बिहार सरकार पर निशाना साधा है।

## आज के मैच

Vs
समय : 12:30 बजे
स्थान : एंटीगा

Vs
समय : 03:00 बजे
स्थान : तरौबा

Vs
समय : 08:00 बजे
स्थान : फ्लोरिडा

# अमेरिका और आयरलैंड के मुकाबले पर पाकिस्तान की रहेगी नजर

**एजेंसी। फ्लोरिडा**

घरेलू मैदान पर शानदार प्रदर्शन से प्रभावित करने वाली अमेरिका की टीम शुक्रवार को आईसीसी टी20 विश्व कप के ग्रुप ए के अहम मुकाबले में आयरलैंड का सामना करेगी तब इस मैच के परिणाम पर पाकिस्तान की भी नजर होगी। अमेरिका के तीन मैचों में चार अंक है और इस मुकाबले के जीतकर उसके पास सुपर आठ में पहुंचने का सुनहरा मौका है। इससे 2009 की चैम्पियन पाकिस्तान की टीम टूनामेंट से बाहर हो जाएगी। पाकिस्तान को हराने के बाद भारत को कड़ी टक्कर देने वाले अमेरिका के लिए हालांकि यह आसान नहीं होगा क्योंकि



आयरलैंड की टीम में कई अनुभवी खिलाड़ी हैं। यह टीम शुरूआती दो मैचों में मिली हार को पीछे छोड़कर जीत की राह पर लौटने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगाएगी।

आयरलैंड के बल्लेबाजों ने भारत और फिर कनाडा के खिलाफ न्यूयॉर्क में काफी खराब बल्लेबाजी की है। फ्लोरिडा की पिच हालांकि बल्लेबाजी के लिए आसान है और ऐसे में मैच में बड़ा स्कोर देखने को मिल सकता है। अमेरिका के लिए हालांकि नियमित कप्तान मोनाक पटेल की वापसी राहत की बात होगी जो चोट के कारण भारत के खिलाफ नहीं खेल सके थे। इस मैच पर बारिश का खतरा मंडरा रहा है और मैच रद्द होने पर पाकिस्तान की टीम सुपर आठ की दौड़ से बाहर हो जाएगी।

**अमेरिका :** मोनाक पटेल (कप्तान), आरोन जोन्स, एंड्रीज गौस, कोरी एंडरसन, अली खान, हरमीत सिंह, जेसी सिंह, मिलिंद कुमार, निसर्ग पटेल, नीतीश कुमार, नोशतुश केंजीगे, सौरभ नेत्रवलकर, शैडली वान शल्कविक, स्टीवन टेलर, शायन जहांगीर।

**आयरलैंड :** पॉल स्टर्लिंग (कप्तान), मार्क अडायर, रॉस अडायर, एंड्रयू बालबर्नी, कर्टिस कैंपर, गैरेथ डेलानी, जॉर्ज डॉकरेल, ग्राहम ह्यूम, जोश लिटिल, बैरी मैकार्थी, नील रॉक, हैरी टेक्टर, लोरकन टकर, बेन व्हाइट, क्रेग यंग

**ग्रुप ए**

| टीमें | मैच | जीते | हारे | टाई | अंक |
|---|---|---|---|---|---|
| भारत | 3 | 3 | 0 | 0 | 6 |
| अमेरिका | 3 | 2 | 1 | 0 | 4 |
| पाकिस्तान | 3 | 1 | 2 | 0 | 2 |
| कनाडा | 3 | 1 | 2 | 0 | 2 |
| आयरलैंड | 2 | 0 | 2 | 0 | 0 |

**ग्रुप बी**

| टीमें | मैच | जीते | हारे | टाई | अंक |
|---|---|---|---|---|---|
| ऑस्ट्रेलिया | 3 | 3 | 0 | 0 | 6 |
| स्कॉटलैंड | 3 | 2 | 0 | 0 | 5 |
| नामीबिया | 3 | 1 | 2 | 0 | 2 |
| इंग्लैड | 2 | 0 | 1 | 0 | 1 |
| ओमान | 3 | 0 | 3 | 0 | 0 |

**ग्रुप सी**

| टीमें | मैच | जीते | हारे | टाई | अंक |
|---|---|---|---|---|---|
| वेस्टइंडीज | 3 | 3 | 0 | 0 | 6 |
| अफगानिस्तान | 2 | 2 | 0 | 0 | 4 |
| यूगांडा | 3 | 1 | 2 | 0 | 2 |
| पापुआ न्य | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| न्यूजीलैंड | 2 | 0 | 2 | 0 | 0 |

**ग्रुप डी**

| टीमें | मैच | जीते | हारे | टाई | अंक |
|---|---|---|---|---|---|
| सा.अफ्रीका | 3 | 3 | 0 | 0 | 6 |
| बांगलादेश | 2 | 1 | 1 | 0 | 2 |
| नीदरलैंड्स | 2 | 1 | 1 | 0 | 2 |
| नेपाल | 2 | 0 | 1 | 0 | 1 |
| श्रीलंका | 3 | 0 | 2 | 0 | 1 |

# नए खेल मंत्री मनसुख मंडाविया ने आईओए अध्यक्ष पीटी उषा से की मुलाकात

**एजेंसी। नई दिल्ली**

बहुप्रतीक्षित पेरिस ओलंपिक 2024 से पहले, नवनियुक्त केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री मनसुख मंडाविया ने गुरुवार को नई दिल्ली में ओलंपिक 2024 के लिए भारत की तैयारियों पर एक समीक्षा बैठक की। यह पहली बार था जब खेल मंत्री ने भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा से मुलाकात की। इस बैठक में मनसुख



मंडाविया और पीटी उषा के अलावा खेल सचिव सुजाता चतुर्वेदी, साई के महानिदेशक संदीप प्रधान और खेल राज्य मंत्री रक्षा खांडसे भी मौजूद थे। आईओए अध्यक्ष पीटी उषा ने मनसुख मंडाविया से बातचीत के बाद अपने अनुभव साझा किए। उषा ने मीडिया से कहा, केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री ने आईओए का दौरा किया। मुझे बहुत खुशी है कि वे आईओए और पेरिस की तैयारियों के बारे में जानना चाहते थे। हम एक-दूसरे के संपर्क में रहेंगे और हर हफ्ते बैठक करने की कोशिश करेंगे।

## एक नजर

### नासाउ काउंटी स्टेडियम को 6 हफ्ते में ध्वस्त कर दिया जाएगा

**न्यूयॉर्क।** टी20 विश्व कप 2024 में न्यूयॉर्क की पिच बल्लेबाजों के लिए 'जी का जंजाल' बनी हुई है। यह पिच बल्लेबाजी के लिए इतनी मुश्किल है कि टी20 फॉर्मेट में भी टेस्ट क्रिकेट खेलने के लिए बल्लेबाजों को मजबूर होना पड़ा। टूर्नामेंट में भारत ने अब तक तीनों मैच यहीं खेले हैं।

### भारतीय हॉकी टीम को रिप्रेजेंट करना बेहद खास : मनीषा

**नई दिल्ली।** उत्तराखंड की मनीषा चौहान ने 25 साल की उम्र में सीनियर महिला हॉकी टीम के लिए अंतर्राष्ट्रीय डेब्यू करने का अपना सपना पूरा किया। इस स्टार मिडफील्डर ने एफआईएच प्रो लीग 2023/24 के यूरोप चरण के दौरान अर्जेंटीना के खिलाफ अपना पहला मैच खेला था।

### न्यूजीलैंड की लगातार हार से निराश कप्तान केन विलियमसन

**त्रिनिदाद।** न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन ने मौजूदा टी20 विश्व कप में वेस्टइंडीज और अफगानिस्तान के खिलाफ लगातार हार के बाद निराशा व्यक्त की। टूर्नामेंट के शुरूआती मुकाबले में अफगानिस्तान से मिली हार के बाद, न्यूजीलैंड को वेस्टइंडीज के खिलाफ 13 रन से दूसरी हार का सामना करना पड़ा। दो मैचों में दो हार के साथ कीवी टीम का अब सुपर आठ में जगह बनाना काफी मुश्किल है, क्योंकि टीम ग्रुप सी की तालिका में -2.425 के नेट रन रेट के साथ सबसे निचले स्थान पर है।

# मुझे लगता है, इंटर मियामी मेरा आखिरी क्लब होगा: लियोनेल मेसी

**नई दिल्ली।** अर्जेंटीना के दिग्गज फॉरवर्ड लियोनेल मेसी ने कहा कि मेजर लीग सॉकर (एमएलएस) क्लब इंटर मियामी संभवतः उनके शानदार करियर का आखिरी क्लब बन सकता है। रिकॉर्ड आठ बार बैलन डी'ओर जीतने वाले मेसी अपने शानदार करियर के अंत के करीब हैं। लेकिन इससे पहले कि वह संन्यास लें, उनके पास अर्जेंटीना के साथ एक और कोपा अमेरिका खिताब जीतने का मौका होगा। अंतरराष्ट्रीय और क्लब स्तर पर आगे बढ़ते रहने के साथ ही मेसी ने अपने भविष्य के बारे में बात की और स्वीकार किया कि वह फुटबॉल छोड़ने के लिए तैयार नहीं हैं। ईएसपीएन अर्जेंटीना से बातचीत में मेसी ने कहा, मैं फुटबॉल छोड़ने के लिए तैयार नहीं हूं, मैंने अपनी पूरी जिंदगी यही किया है, मैं प्रशिक्षण और खेलों का आनंद लेता हूं। यह डर हमेशा बना रहता है कि सब कुछ खत्म हो जाएगा। मुझे लगता है कि इंटर मियामी मेरा आखिरी क्लब होगा। मेसी ने अर्जेंटीना के लिए 180 मैच खेले हैं और अंतरराष्ट्रीय सर्किट में 106 गोल किए हैं। वह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तीसरे सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी हैं, स्कोरिंग चार्ट में उनसे आगे सिर्फ अली डेई और क्रिस्टियानो रोनाल्डो हैं। इंटर मियामी के लिए उन्होंने एमएलएस में 18 मैचों में 13 गोल और 11 असिस्ट किए हैं। इस साल की शुरूआत में, उन्होंने अपने शानदार करियर में तीसरी बार एर्लिंग हलांड और काइलियन एमबाप्पे को पछाड़कर सर्वश्रेष्ठ फीफा पुरुष 2023 खिलाड़ी का खिताब जीता था।



# भारतीय हरफनमौला खिलाड़ी शार्दुल ठाकुर के पैर की हुई सर्जरी



**नई दिल्ली।** भारतीय हरफनमौला खिलाड़ी शार्दुल ठाकुर के पैर की सर्जरी हुई है। शार्दुल ने बुधवार को अपने सोशल मीडिया हैंडल पर अपने दाहिने पैर में प्लास्टर के साथ एक तस्वीर पोस्ट की। ऐसा माना जा रहा है कि आईपीएल में खेलने के बाद लंदन में उनकी सर्जरी हुई थी, जिसमें उनके टखने में दर्द था। ठाकुर की सर्जरी उसी चिकित्सक ने की थी, जिसने पहले मोहम्मद शमी का ऑपरेशन किया था। ठाकुर बीसीसीआई के केंद्रीय अनुबंधित खिलाड़ी हैं, जिसका मतलब है कि इस सर्जरी पर होने वाले सभी खर्च बोर्ड उठाएगा।

# टी20 विश्व कप : अर्शदीप सिंह ने तोड़ा अश्विन का 10 साल पुराना रिकॉर्ड



**न्यूयॉर्क।** भारतीय तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने टी 20 विश्व कप में एक खास उपलब्धि हासिल करते हुए ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन के 10 साल पुराने रिकॉर्ड को तोड़ दिया। अर्शदीप ने चल रहे टी-20 विश्व कप 2024 में बुधवार को यूएसए के खिलाफ अपने 4 ओवरों में 9 रन देकर 4 विकेट लिए और अश्विन के दस साल पुराने रिकॉर्ड को तोड़ दिया। अश्विन ने 2014 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मीरपुर में 11 रन देकर 4 विकेट हासिल थे, जो भारत के लिए विश्व कप में उनका सर्वश्रेष्ठ आंकड़ा था।

# यदि हम 130 रन बनाते तो यह मुश्किल स्कोर होता : एरोन जोन्स



**न्यूयॉर्क।** आईसीसी टी 20 विश्व कप में भारत के खिलाफ बुधवार को मिली 7 विकेट से हार के बाद, यूएसए के कार्यवाहक कप्तान एरोन जोन्स ने कहा कि यदि उनकी टीम ने कुल 130 रन बनाए होते तो 'मेन इन ब्लू' के लिए यह एक कठिन लक्ष्य होता।

# सुपर 8 चरण के लिए क्वालिफाई करना बड़ी राहत : रोहित शर्मा

**एजेंसी। न्यूयॉर्क**

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने स्वीकार किया कि चल रहे टी-20 विश्व कप के सुपर 8 चरण के लिए क्वलाफाई करना उनके लिए बड़ी राहत है। भारत ने बुधवार को नासाउ काउंटी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम, न्यूयॉर्क में ग्रुप ए के मुकाबले में सह-मेजबान यूएसए पर 7 विकेट से जीत के बाद टी 20 विश्व कप के सुपर 8 चरण के लिए क्वालीफाई किया। विराट कोहली और रोहित शर्मा की अनुभवी जोड़ी के पहले तीन ओवर में सस्ते में आउट होने के बाद शिवम दुबे और सूर्यकुमार यादव ने संयम बनाए रखा और भारत को 7 विकेट से जीत दिलाई। दोनों ने 72 रनों की मैच विजयी साझेदारी की।

111 रनों का लक्ष्य भारत जैसी टीम के लिए बहुत छोटा लग रहा था, जो दुनिया के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी लाइन-अप के खिलाफ विशाल स्कोर का पीछा करने की क्षमता रखती है। अर्शदीप ने 4-9 के अविश्वसनीय आंकड़े हासिल किए, जबकि हार्दिक पांड्या ने 14 रन देकर दो विकेट लिए। लेकिन यूएसए के तेज गेंदबाजों ने अपनी अनुशासित लाइन और लेंथ से भारत की गहराई को परखा। दुबे और सूर्यकुमार ने अपने स्वाभाविक खेल के विपरीत जाकर भारत को न्यूयॉर्क में एक कठिन स्कोर का सफलतापूर्वक पीछा करने में मदद की।

रोहित ने कहा, हमें पता था कि यह मुश्किल लक्ष्य होगा। जिस तरह से हमने धैर्य बनाए रखा और साझेदारी की, उसका श्रेय हमें जाता है। सूर्या और दुबे को परिपक्वता दिखाने और हमें जीत दिलाने का श्रेय जाता है।उन्होंने कहा, सूर्या ने दिखाया कि उनका खेल अलग है, अनुभवी खिलाड़ियों से यही उम्मीद की जाती है। जिस तरह से उन्होंने खेल को आगे बढ़ाया और हमें जीत दिलाई, उसका श्रेय उन्हें जाता है। यूएसए कैंप में कई जाने-पहचाने चेहरे थे, जिसमें नीतीश कुमार, सौरभ नेत्रवलकर, हरमीत सिंह और जसदीप सिंह जैसे खिलाड़ी शामिल थे। नेत्रवलकर ने अंडर-15 सेट-अप में सूर्यकुमार के साथ खेला था, जबकि उन्होंने 2010 में मयंक अग्रवाल, केएल राहुल और कई अन्य सितारों के साथ अंडर-19 विश्व कप में भी खेला था। रोहित ने




भारतीय-अमेरिकी क्रिकेटरों के बारे में बात करते हुए कहा, इनमें से कई लोगों ने एक साथ क्रिकेट खेला है, उनकी प्रगति देखकर बहुत खुशी हुई। पिछले

# पीसीबी ने रखा 19 फरवरी से शुरुआत का प्रस्ताव

**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए 19 फरवरी से शुरूआत करने का प्रस्ताव रखा है, जो पाकिस्तान में आयोजित की जाएगी। साथ ही उसने एशिया कप 2023 की तरह भारत के मैचों के लिए 'हाइब्रिड मॉडल' पर विचार करने से इनकार कर दिया है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के प्रस्ताव के मुताबिक, आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 19 फरवरी से 9 मार्च 2025 तक आयोजित की जाएगी। सभी मैच तीन प्रमुख शहरों कराची, रावलपिंडी और लाहौर में खेले जाएंगे।पीसीबी के सूत्रों के मुताबिक, इस आयोजन की व्यवस्थाओं का निरीक्षण करने के लिए पाकिस्तान आए अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अधिकारियों ने व्यवस्थाओं पर संतोष जताया है। पीसीबी ने भारत के मैचों के लिए 'हाइब्रिड मॉडल' को स्वीकार करने से इनकार कर दिया है। पीसीबी का कहना है कि सभी मैच पाकिस्तान में खेले जाने चाहिए।

## व्यापार/लाइफ व साइंस

# लुकअप फीचर रोलआउट गूगल



**1** लुकअप फीचर फोन में अनजान नंबर से आने वाली कॉल को लेकर काम करेगा

**2** पिक्सल फोल्ड यूजर्स भी इस अपडेट को पाने वालों की लिस्ट में शामिल हैं

**एजेंसी। नई दिल्ली**

गूगल अपने यूजर्स के लिए सर्च इंजन से बढ़कर काम करता है। स्मार्टफोन यूजर गूगल की कई दूसरी सर्विस जैसे जीमेल, फोटो, ड्राइव और फोन का इस्तेमाल करते हैं। अगर आप भी फोन में गूगल फोन ऐप है तो ये आपके काम की खबर है। दरअसल, गूगल अपने यूजर्स के लिए लुकअप फीचर रोलआउट कर रहा है। ये फीचर कंपनी के फोन ऐप के लिए लाया जा रहा है।

**अब सबसे पहले जान लीजिए कि लुकअप फीचर होता क्या है? और ये कैसे काम करेगा।**

तो लुकअप फीचर फोन में अनजान नंबर से आने वाली कॉल को लेकर काम करेगा। इस फीचर के मदद से अनजान कॉलर की पहचान की जा सकेगी।

बता दें कि, वर्तमान में गूगल की ओर से फोन ऐप पर अनजान नंबर की पहचान करने जैसी कोई सुविधा नहीं मिलती है। कई स्थितियों में यूजर अनजान नंबर को बिना पहचान के उठाना नहीं चाहता। जिस कारण फोन में ट्रूकॉलर जैसे ऐप की जरूरत पड़ती है। इसीलिए गूगल के लुकअप फीचर से लेकर ऐलान किया है। इस फीचर के बाद पिक्सल फोन में ट्रूकॉलर जैसे ऐप की जरूरत खत्म हो जाएगी।

बता देंकि, गूगल की ओर से लुकअप फीचर एक सर्वर-साइड अपडेट है। इसका मतलब हुआ कि यूजर्स को फोन ऐप का नया वर्जन डाउनलोड करने की जरूरत नहीं होगी। ये फिलहाल पिक्सल 6 और इसके बाद के पिक्सल डिवाइस के लिए रोलआउट हो रहा है। पिक्सल फोल्ड यूजर्स भी इस अपडेट को पाने वालों की लिस्ट में शामिल हैं।

### जीएसटी परिषद की बैठक 22 जून को

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में जीएसटी परिषद की बैठक 22 जून को होगी। इस बैठक में उत्पादों और सेवाओं पर लगने वाले गुड्स एंव सर्विसेज टैक्स (जीएसटी) की समीक्षा की जाती है। नई सरकार बनने के बाद जुलाई में पूर्ण बजट पेश किया जाएगा। इस कारण से जीएसटी परिषद की बैठक को अहम माना जा रहा है। जीएसटी परिषद सचिवालय की ओर से एक्स पर किए गए एक पोस्ट में लिखा गया कि जीएसटी परिषद की 53वीं बैठक 22 जून को नई दिल्ली में होनी है। सूत्रों के हवाले से बताया गया कि जीएसटी परिषद (जिसमें राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के वित्त मंत्री शामिल होते हैं।) कुछ उत्पादों पर इनवर्टेड टैक्स स्ट्रक्चर पर विचार कर सकती है, जहां इनपुट पर फाइनल प्रोडक्ट के मुकाबले अधिक जीएसटी लगता है। महंगाई को ध्यान में रखते हुए परिषद कुछ टैक्स में बदलाव पर विचार कर सकती है। इससे पहले जीएसटी परिषद की बैठक अक्टूबर में हुई थी।

# एआई में इनोवेशन और स्टार्टअप के लिए भारत एक अच्छा हब : गूगल क्लाउड सेल्स हेड

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत स्टार्टअप शुरू करने और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में इनोवेशन के लिए एक अच्छा हब है। ये दावा गूगल क्लाउड के शीर्ष अधिकारी की ओर से किया गया है। गूगल क्लाउड में प्रेसिडेंट और ग्लोबल सेल्स हेड मैट रेनर ने कहा कि भारत में ग्रोथ की अपार संभावनाओं के कारण यह उन कुछ देशों में शामिल है, जिन्हें इस वित्त वर्ष स्टार्टअप में निवेश मिला है। साथ ही उन्होंने कहा कि भारत गूगल क्लाउड के लिए एक महत्वपूर्ण बाजार है।

उन्होंने आगे कहा कि गूगल क्लाउड पर हेल्थकेयर, फाइनेंशियल सर्विसेज और अन्य क्षेत्रों में एआई स्टार्टअप तेजी से बढ़ रहे हैं।

रेनर ने कहा कि भारत एआई में इनोवेशन के लिए काफी अच्छी जगह है। हम देख रहे हैं कि



ग्राहक एआई इनोवेशन को आगे बढ़ा रहे हैं। हम एआई में विशेषज्ञता और टूल्स के जरिए अपने ग्राहकों को आगे बढ़ने में मदद कर रहे हैं।

शीर्ष अधिकारी ने अपने नोट में कहा कि भारत अन्य देश के मुकाबले काफी तेजी से आगे बढ़ रहा है। इसकी वजह टेक्नोलॉजी और एआई के महत्व को समझना है। अमेजन और माइक्रोसॉफ्ट की तरह ही गूगल भी क्लाउड मार्केट में एक बड़ी कंपनी है। कंपनी की इस क्लाउड इकाई का मुनाफा और आय सालाना आधार पर बढ़ रही है।

2023 की शुरूआत में गूगल क्लाउड मुनाफे में आ गई थी। 2024 की पहली तिमाही में कंपनी की ऑपरेटिंग आय बढ़कर 900 मिलियन डॉलर पहुंच गई। इस दौरान कंपनी की आय में सालाना आधार पर चार गुना का उछाल देखने को मिला था।

### गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे का निर्माण जून तक होगा पूरा

**गोरखपुर।** गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे पर आवागमन की पूर्ण सुविधा जून के अंत तक शुरू करने की तैयारी है। जून के पहले सप्ताह तक एक्सप्रेसवे का 97 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। इस एक्सप्रेसवे के शुरू होने से गोरखपुर क्षेत्र, पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के माध्यम से लखनऊ, आगरा एवं दिल्ली तक त्वरित एवं सुगम यातायात कॉरिडोर से जुड़ जाएगा। यूपी एक्सप्रेसवे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी की ऑफिशियल वेबसाइट पर 10 जून तक अद्यतन जानकारी के अनुसार गोरखपुर लिंक एक?सप्रेसवे का 97 फीसद निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। मेन कैरिजवे में क्लियरिंग एंड ग्रबिंग का काम 100 फीसद, मिट्टी का काम 100 फीसद पूरा कराया गया है। एक?सप्रेसवे पर कुल प्रस्तावित 341 संरचनाओं में से 337 बन चुके हैं।

# देश के टॉप 7 शहरों में 13 प्रतिशत की सीएजीआर से बढ़ी प्रॉपर्टी की कीमत

**एजेंसी। नई दिल्ली**

देश में प्रॉपर्टी की कीमतें तेजी से बढ़ रही हैं। पिछले दो साल में भारत के शीर्ष 7 शहरों में प्रॉपर्टी की कीमत में 13 प्रतिशत की सीएजीआर (कंपाउंडेड एनुअल ग्रोथ रेट) से इजाफा हुआ है। एक रिपोर्ट में गुरुवार को ये दावा किया गया। रियल एस्टेट कंसल्टेंट फर्म एनारॉक की रिपोर्ट में बताया गया कि पिछले दो वर्षों में 8.25 लाख नए घर लॉन्च हुए हैं। वहीं, इस दौरान 8.72 लाख घरों की बिक्री हुई है।



कंसल्टेंट फर्म का कहना है कि महंगाई के दौर में अपनी वेल्थ को बनाने और बढ़ाने के लिए रियल एस्टेट एक अच्छे हेज के रूप में उभरा है। जनसंख्या बढ़ने के साथ शहरीकरण भी तेजी से बढ़ रहा है। इस कारण आने वाले समय में भी प्रॉपर्टी की कीमतों में बढ़त जारी रह सकती है। एनारॉक कैपिटल के प्रबंधक निदेशक और सीईओ शोभित अग्रवाल ने कहा कि 2019 के आम चुनावों के बाद देश के टॉप 7 शहरों में घरों के दाम 6 प्रतिशत के सीएजीआर से बढ़े हैं। जून 2019 में औसत एक स्क्वायर फीट का दाम 5,600 रुपये था, जो वित्त वर्ष 2024 के अंत में बढ़कर 7,550 रुपये प्रति स्क्वायर फीट हो गया है। अग्रवाल ने आगे कहा कि रियल एस्टेट को कोई निवेशक अपने पोर्टफोलियो में रखकर अपनी रिस्क को कम कर सकता है। रियल एस्टेट पर स्टॉक और बॉन्ड की तरह महंगाई का नकारात्मक प्रभाव नहीं पड़ता है। इसकी अपनी एक वैल्यू होती है, जो कि हमेशा बनी रहती है। रिपोर्ट में आगे बताया गया है कि 2013 के बाद से ही प्रॉपर्टी के दाम बढ़ रहे हैं।

# पीएलआई स्कीम से आ सकता है 4 लाख करोड़ रुपये तक का निवेश

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रोडक्शन-लिंक्ड इनिशिएटिव (पीएलआई) स्कीम के जरिए आने वाले कुछ वर्षों में भारत में 3 से 4 लाख करोड़ रुपये तक का निवेश आ सकता है।

बता दें, भारत में मैन्युफैक्चरिंग और निर्यात बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 14 सेक्टरों के लिए 1.97 लाख करोड़ रुपये की पीएलआई स्कीम चलाई जा रही है।

इस निवेश से सेमीकंडक्टर, सोलर मॉड्यूल और फार्मा सेक्टर में करीब 2 लाख नए रोजगार पैदा हो सकते हैं। रेटिंग एजेंसी आईसीआरए का कहना है कि अर्थव्यवस्था में तेजी के साथ मध्यम अवधि में निजी सेक्टर के



पूंजीगत खर्च में बढ़ोतरी होगी। इसकी वजह पीएलआई जैसी स्कीम का आना है।

आईसीआरए का कहना है कि मजबूत मांग और कंपनियों द्वारा आपूर्ति को बढ़ाने के लिए किए जा रहे प्रयासों के कारण मेटल, स्पेशलिटी केमिकल और ऑटोमोटिव सेक्टर में तेजी देखने को मिल सकती है।

सरकार द्वारा अब तक 14 सेक्टरों के लिए पीएलआई स्कीम शुरू की जा चुकी है। इसमें मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग और विशेष इलेक्ट्रॉनिक पार्ट्स, एपीआई और ऑटोमोबाइल और ऑटो पार्ट्स, टेलीकॉम और नेटवर्किंग प्रोडक्ट्स, इलेक्ट्रॉनिक/आईटी प्रोडक्ट्स, उच्च दक्षता वाले सोलर पीवी मॉड्यूल और अन्य सेक्टर शामिल है।

सरकार की ओर से कहा गया कि पीएलआई का उद्देश्य मुख्य सेक्टर में निवेश और नई टेक्नोलॉजी को आकर्षित करना है। साथ ही घरेलू स्तर पर मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देना है। केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री, पीयूष गोयल भी अपने मंत्रालय के अधिकारियों से कह चुके हैं कि पीएलआई और मुक्त व्यापार समझौते जैसे इनिशिएटिव लाने होंगे, जिससे घरेलू स्तर पर मैन्युफैक्चरिंग और निर्यात को बढ़ावा दिया जा सके।

पीएलआई स्कीम से भारत में मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग को बड़ा सहारा मिला है। एप्पल इसका चमकता हुआ उदाहरण है।

एप्पल की ओर से वित्त वर्ष 2024 में कुल 14 अरब डॉलर के आईफोन का प्रोडक्शन किया गया है। इंडस्ट्री डेटा के मुताबिक, चालू वित्त वर्ष के शुरूआती दो महीनों में करीब 2 अरब डॉलर के आईफोन का निर्यात किया गया है।

# सितंबर माह तक सिरमटोली-मेकॉन फ्लाईओवर निर्माण कार्य पूरा करें :

## राज्य में 52 किलोमीटर इंटरनल रिंग रोड का होगा निर्माण

**ब्यूरो रिपोर्ट**

**रांची।** झारखंड मंत्रालय में मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने गुरूवार को तीसरे दिन भी उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। इस बैठक में मुख्यमंत्री ने राजधानी रांची में निमार्धीन फ्लाई ओवर ब्रिज तथा अन्य शहरों के ट्रैफिक व्यवस्था की सम्बंधित विस्तृत जानकारी ली। पथ निर्माण विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार ने विभाग के कार्यों के प्रगति की जानकारी दी। मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने सिरमटोली से मेकॉन तक बनने वाले फ्लाईओवर निर्माण कार्य सितंबर माह 2024 के अंत तक पूरा कर लेने का निर्देश पदाधिकारियों दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सिरमटोली फ्लाईओवर रांची शहर की ट्रैफिक समस्या को नियंत्रित करने का एक बेहतर विकल्प है। इस फ्लाईओवर निर्माण कार्य में किसी प्रकार से विलंब नहीं होना चाहिए।

**राजधानी के लोगों को ट्रैफिक समस्या से दिलाएं निजात:** मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार चाहती है कि रांची शहर वासियों को जल्द से जल्द ट्रैफिक जाम की समस्या से निजात दिलायी जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूरे राज्य में यातायात नियंत्रण हमारी सरकार की प्राथमिकता है।

रांची के करमटोली से रिम्स होते हुए बूटी मोड़ तक तथा हिनू से बिरसा चौक होते हुए डीपीएस स्कूल तक फ्लाईओवर निर्माण किए जाने का डीपीआर बनाया गया है। विभाग द्वारा इस योजना का पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन भी मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

### मंजूरी के बाद दो केबुल स्टे पुल निर्माण कार्य शुरू होगा

पथ निर्माण विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार ने पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन को जानकारी देते कहा कि सिरमटोली से मेकॉन तक बनने वाले फ्लाईओवर का कार्य प्रगति पर है। विभाग के प्रधान सचिव ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि सिरमटोली से मेकॉन तक बन रहे फ्लाईओवर निर्माण कार्य में दो स्थान पर केबुल स्टे पुल बनना है, इस निमित्त रेलवे से सहयोग मांगा गया है। केबुल स्टे पुल बनने वाले दो स्थानों को छोड़कर लगभग सभी कार्य पूर्ण किए जा चुके हैं। केबुल स्टे पुल निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ हो सके इसके लिए रांची रेल मंडल के डीआरएम ने पूर्ण रूप से सहयोग देने की बात कही है। रेलवे विभाग से निर्देश प्राप्त होते ही अतिरिक्त मानवबल लगाकर केबुल स्टे पुल निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा। मौके पर रांची रेल मंडल के डीआरएम जसमीत सिंह बिंद्रा ने मुख्यमंत्री के समक्ष कहा कि राज्य सरकार एवं रांची रेल मंडल द्वारा आपसी समन्वय स्थापित कर जिन दो जगहों पर केबुल स्टे पुल बनाया जाना है, वहां निर्माण कार्य सितंबर माह तक पूर्ण हो सके इस निमित्त नियमसंगत प्रावधानों के अनुसार सभी प्रक्रियाएं की जा रही है, जल्द ही निर्माण कार्य प्रारंभ हो सकेगा।

### मुख्य डाकघर की जमीन के बदले सरकार देगी जमीन

प्रधान सचिव पथ निर्माण विभाग ने मुख्यमंत्री को जानकारी दी कि मुख्य डाकघर डोरंडा के अधीन लगभग 4 डिसमिल जमीन की उपयोगिता फ्लाईओवर निर्माण में होगी, इस हेतु पोस्ट मास्टर जनरल के साथ वार्ता हुई है, उन्होंने विभाग को हर संभव सहयोग करने का भरोसा दिया है। डाक विभाग द्वारा चार डिसमिल जमीन देने के बदले राज्य सरकार द्वारा उन्हें दूसरी जगह पर जमीन उपलब्ध कराया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने पोस्ट मास्टर जनरल एवं राज्य सरकार के अधिकारियों से कहा कि डाक विभाग और पथ निर्माण विभाग आपसी समन्वय बनाकर इस समस्या का जल्द समाधान कर लें।

### इंटरनल रिंग रोड बनाने के प्रस्ताव पर कार्य प्रारंभ

पथ निर्माण विभाग के प्रधान सचिव ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि विभाग द्वारा रांची में इंटरनल रिंग रोड बनाने के प्रस्ताव पर कार्य प्रारंभ कर चुकी है। रांची में बनने वाले इंटरनल रिंग रोड की कुल लंबाई 52 किलोमीटर होगी। यह कार्य 11 खंडों में की जानी है, जिसमें तीन विभागों की प्रशासनिक स्वीकृति भी मिल चुकी है। इंटरनल रिंग रोड के तीन खंड पहले से निर्मित है, बाकी निर्माण कार्य के लिए डीपीआर बनाने की प्रक्रिया प्रगति पर है।



### राजधानी में 12 फ्लाईओवर बनाने की हो रही तैयारी

मुख्यमंत्री को विभागीय अधिकारियों ने अवगत कराया कि पूरे राज्य में यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए 12 फ्लाईओवर का निर्माण किए जाने का प्रस्ताव तैयार किया गया है। सरायकेला में 2 और दुमका में एक फ्लाईओवर बनाया जाएगा, वहीं बाकी सभी फ्लाईओवर रांची में बनाए जाने का प्रस्ताव है। मुख्यमंत्री के समक्ष पथ निर्माण विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार ने जानकारी दी कि राज्य के दुमका, डाल्टनगंज, चाईबासा, गिरिडीह एवं जमशेदपुर में पथ निर्माण विभाग द्वारा बाईपास सड़क निर्माण का डीपीआर तैयार किया जा रहा है। बैठक में राज्य के मुख्य सचिव एल० खियांग्ते, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, पथ निर्माण विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव अरवा राजकमल, डीआरएम रांची रेल मंडल जसमीत सिंह बिंद्रा, सहायक डाक महा अध्यक्ष रूपक कुमार सिन्हा, सीई, सीडीओ, आरसीडी के०के० लाल, मुख्य अभियंता यातायात मनोहर कुमार सहित पथ निर्माण विभाग के अन्य पदाधिकारीगण तथा एलएंडटी के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## मंत्री बनने के बाद आज रांची आएंगे सेठ

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

पीएम नरेंद्र मोदी की तीसरे कार्यकाल रक्षा राज्य मंत्री का पदभार ग्रहण करने के बाद भाजपा सांसद संजय सेठ पहली बार चार दिवसीय दौरे पर रांची आ रहे हैं। रक्षा राज्य मंत्री सेठ शुक्रवार 14 जून को दोपहर में रांची पहुंच जाएंगे। यहां भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगे। इस दौरान विभिन्न स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होंगे। परमवीर अल्बर्ट एक्का की प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगे। उसके बाद दीपाटोली स्थित सैनिक छावनी परिषद के कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। 15 जून शनिवार को रक्षा राज्यमंत्री ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर रहेंगे। वहां विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। 16 जून रविवार को केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री रांची शहर में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में भाग लेंगे। इसके साथ ही विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के द्वारा आयोजित अभिनंदन व संवाद कार्यक्रम में भी केंद्रीय मंत्री भाग लेंगे। 17 जून सोमवार को सिल्ली के विभिन्न स्थानीय कार्यक्रमों में भाग लेंगे और फिर दोपहर को नई दिल्ली के लिए रवाना हो जाएंगे।




**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**SOIL INVESTIGATION DIVISION, ADVANCE PLANNING,**
**ROAD CONSTRUCTION DEPARTMENT,RANCHI**
**NirupanBhawan,3rd Floor,Room No. 401,56-Set,Doranda,Ranchi-834002**

**e-Procurement (Very Short Tender Notice)**
**Letter of Invitation (LOI) No.-01/2024-25 1st Call**
**e-Tender Ref No%&RCD/SID/AP/RAN/01/2024-25 Date:-12.06.2024**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name Of Work | Consultancy Services for Preparation of Detailed Project Report (DPR) for Reconstruction/ Widening & Strengthening of Road from (1)Moktama to Kari Road (Tentative Length 03k.m.) (2) Jori to Pratappur Headquarter via Sardam, Raksi, Yogiyara, Mairag (Tentative length 18k.m.) (3) Kedli Bridge to Dumaria Pundri Road (Tentative length 12k.m.) including Replacement of Culverts and Bridges, Proposal for Construction of new Culverts, Bridges, ROB's, RUB's, Complete Land Acquisition Proposal including Ownership details all complete as per latest guidelines, Resettlement and Rehabilitation Proposal, Forest Diversion Proposal and Proposal of Utility Shifting in details etc. as required by the Department (If any) under Road Division Chatra in the Stateof Jharkhand. *Empanelled consultant with RCD under category-I vide letter No. 3063(S) WE Dated 22.08.2022are allowed to Bid. |
| 2 | Tentative Length | 33.00 km |
| 3 | Period of Completion of Work | 60 Days |
| 4 | Cost of Tender documents | Rs 5,000/- (Five Thousand) only. Non refundable Fee.Tender fee will be recived through online mode only. The quotationers have to deposit a fixed amount of Rs 42,000 as Earnest Money. As per the Departmental Letter no.-4652(S) dated 06.10.2023, cost of tender document and Earnest Perothen Deposit be received in online mode only through e-procurement (http://jharkhandtenders.gov.in) by internet banking/NEFT/RTGS facility as per Standard Operating sistim Procedure (SOP) issued by Information Technology & e-Governance Department, Government of Jharkhand vide letter no- 120 dated 03.10.2023. |
| 5 | Mode of Bid Submission | e-tendering(http://jharkhandtenders.gov.in) |
| 6 | Date/Time of Publication of Tender on Website | 14.06.2024,10:30 AM |
| 7 | Last Date/Time of Bid Submission | 23.06.2024 12:00PM |
| 8 | Last Date/Time of Submission of Tender Fee & EMD | 23.06.2024 12:00PM |
| 9 | Date and Time of Bid opening | 24.06.2024 12:30 PM |
| 10 | Bid validity | 120 days |
| 11 | Bid Submission Address | Chief Engineer(Communication),Road Construction Department,1st Floor, Engineer Hostel No.-2, Dhurwa, Ranchi-834004 |
| 12 | Designation and Contact no. of Tender inviting Officer | Executive Engineer, Soil Investigation Division,Advance Planning,RCD, Ranchi Mob-9905660677. |

Note:-Only e-Tender shall be accepted.

Sd./-
(Ravi Shankar Pravakar)
Executive Engineer,
Soil Investigation Division, Advance Planning,
Road Construction Department,Ranchi.

PR 326267 Road(24-25).D


## जमीन कारोबारी शेखर कुशवाहा को ईडी ने किया कोर्ट में पेश,




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गिरफ्तार जमीन कारोबारी शेखर कुशवाहा को गुरुवार को कड़ी सुरक्षा के बीच पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत में पेश किया। पेशी के दौरान ईडी के अधिवक्ता ने कोर्ट से शेखर कुशवाहा को रिमांड पर लेकर पूछताछ की अनुमति मांगी। इसका बचाव पक्ष के अधिवक्ता ने विरोध किया। कोर्ट ने शेखर कुशवाहा को न्यायिक हिरासत में होटवार स्थित बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार जेल भेज दिया। अदालत रिमांड पर शुक्रवार को फैसला सुनाएगी।

ज्ञात हो कि ईडी ने जमीन घोटाला मामले में शेखर कुशवाहा को बुधवार को गिरफ्तार किया था। ईडी की जांच में यह बात सामने आई थी कि शेखर कुशवाहा ने अपने सहयोगी प्रियरंजन सहाय, विपिन सिंह, इरशाद अंसारी, अफसर अली सहित अन्य के साथ मिलकर सरकारी कर्मी भानु प्रताप प्रसाद की मिलीभगत से 1971 की फर्जी डीड बनाई थी। बड़गाईं अंचल के तत्कालीन अंचल राजस्व उपनिरीक्षक भानु प्रताप के साथ मिलकर उसने बरियातू की 4.83 एकड़ की जमीन के रैयत जितुआ भोक्ता का नाम बदल कर समरेंद्र चंद्र घोषाल के नाम की इंट्री कर गैरमजरूआ जमीन को सामान्य खाते की जमीन में बदल दिया था। इसके बाद 22.61 करोड़ की जमीन को 100 करोड़ से अधिक कीमत में बेचने की तैयारी थी।

ईडी गिरोह के सभी सदस्यों को पूर्व में ही जेल भेज चुका है। ईडी बीते कुछ दिनों से लगातार शेखर को पूछताछ के लिए बुला रहा था, लेकिन वह पूछताछ में ईडी को सहयोग नहीं कर रहा था। ईडी ने पहली बार 22 अप्रैल 2023 को और दूसरी बार 16 अप्रैल 2024 को शेखर कुशवाहा के ठिकानों पर छापेमारी की थी।

### अंतू तिर्की सहित दस के खिलाफ चार्जशीट पर कोर्ट ने लिया संज्ञान

**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जुड़े जमीन घोटाला और मनी लांड्रिंग मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की दस आरोपितों के खिलाफ चार्जशीट का पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की कोर्ट ने गुरुवार को संज्ञान ले लिया है। यह चार्जशीट ईडी ने 7 जून को कोर्ट में दाखिल की थी। कोर्ट 27 जून को सुनवाई करेगी। हेमंत से जुड़े जमीन घोटाला और मनी लांड्रिंग मामले में ईडी ने जिन आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की है, उनमें झामुमो नेता अंतु तिर्की, राजस्व विभाग के कर्मचारी मनोज कुमार यादव, कोलकाता के रजिस्ट्रार ऑफ एश्योरेंस के दो कर्मचारी तापस घोष व संजीत कुमार, हजारीबाग कोर्ट में डीड राइटर मो इरशाद के अलावा प्रिय रंजन सहाय, नाम शामिल हैं। ईडी ने अपनी चार्जशीट में इस बात का भी उल्लेख किया है कि बड़गाईं में हेमंत सोरेन के कब्जे वाली 8.86 एकड़ जमीन के दो प्लॉट के फर्जी दस्तावेज बनाए गए थे। फॉरेंसिक रिपोर्ट में भी इसकी पुष्टि हुई है। इसके अलावा अफसर खान, प्रियरंजन सहाय, विपिन सिंह सहित अन्य आरोपियों ने कोलकाता के रजिस्ट्रार ऑफ इंश्योरेंस के कर्मचारी तापस घोष एवं संजीत कुमार के साथ मिलकर दस्तावेज जुटाए।

## हेमंत के जमानत पर हाई कोर्ट में सुनवाई पूरी, आदेश सुरक्षित

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति रंगन मुखोपाध्याय की कोर्ट में गुरुवार को बरियातू के बड़गाई में 8.86 एकड़ जमीन घोटाला मामले में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। मामले में दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया ईडी के वकील एसवी राजू ने कोर्ट को बताया कि हेमंत सोरेन ने अनधिकृत रूप से बड़गाईं अंचल के 8.86 एकड़ जमीन पर कब्जा कर रखा है, जो पीएमएलए 2002 में निहित प्रावधानों के तहत मनी लांड्रिंग है। ईडी ने सोरेन की जमानत का विरोध करते हुए कहा कि हेमंत सोरेन काफी प्रभावशाली शख्स हैं और स्टेट मिशनरी का यूज करते हुए



उन्होंने खुद को बचाने के तमाम प्रयास किए थे। जमानत मिलने पर सोरेन की ओर से राज्य मशीनरी का दुरुपयोग करके जांच को बाधित करने का प्रयास कर सकते हैं। बताया कि बड़गाईं स्थित जमीन पर बैंक्वेट हॉल बनाने की योजना थी। आर्किटेक विनोद सिंह ने नक्शा बना कर हेमंत सोरेन के मोबाइल पर भेजा था। साथ ही विनोद ने सर्वे के दौरान बड़गाईं स्थित जमीन की पहचान की थी। राजस्व कर्मचारी भानु प्रताप प्रसाद ने भी हेमंत सोरेन की मदद की थी। भानु प्रताप प्रसाद ने अपने बयान में भी यह स्वीकार किया है कि मुख्यमंत्री कार्यालय से मिले निर्देश पर उसने बड़गाईं स्थित जमीन का विस्तृत ब्योरा तैयार कर उपलब्ध कराया था।

### अवैध अभ्रक खान में धंसी चाल, एक महिला की मौत

**कोडरमा।** कोडरमा थाना अंतर्गत छतरबर वनक्षेत्र में गुरुवार को अवैध रूप से संचालित अभ्रक खान में चाल धंसने से एक महिला की मौत हो गई। मृत महिला की पहचान नूरजहां (पति-मतला, छतरबर निवासी) के रूप की गई है। घटना की जानकारी मिलने के बाद वन विभाग की टीम घटनास्थल पर पहुंची। हालांकि, तब तक वहां कोई नहीं मिला। बताया जा रहा है कि घटना के बाद शव को वहां से आनन-फानन में गायब कर दिया गया। अगल-बगल की महिलाओं से घटना की जानकारी के बाद यह मामला सामने आया।

उसके बाद वन पाल छत्रपति शिवाजी द्वारा कोडरमा थाने में एक मामला दर्ज कराया गया है। इसमें तिलैया थाना क्षेत्र के महुंडरा निवासी महेंद्र यादव (पिता मुंशी यादव) के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। दर्ज मामले में कहा गया है कि महेंद्र यादव द्वारा ही वहां अवैध खनन कराया जा रहा था, जिससे यह घटना हुई। इधर, कोडरमा पुलिस मामला दर्ज कर पूरे मामले की जांच में जुट गई है।

## पृष्ठ एक के शेष

**सुप्रीम कोर्ट ने नीट...**

मार्क्स को हटा रहे हैं। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हर उम्मीदवार दोबारा परीक्षा के लिए आवेदन नहीं कर सकेगा। दोबारा परीक्षा सिर्फ वही अभ्यर्थी दे सकेंगे, जिनका समय कम कर दिया गया था। सुनवाई के दौरान जस्टिस विक्रम नाथ की अध्यक्षता वाली वेकेशन बेंच को बताया गया कि 1,563 उम्मीदवारों के स्कोरकार्ड वापस ले लिए गए हैं और रद्द कर दिए गए हैं।

**भागवत का गोरखपुर में पांच...**

विकास वर्ग में करीब 300 कार्यकर्ता भाग ले रहे हैं। ऐसे में इस कार्यक्रम में प्रतिभाग करने चारों प्रांत से कार्यकर्ता आ रहे हैं। संघ के आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि इस दौरान ये सभी प्रतिभागी स्कूल में ही प्रवास करेंगे। बाहरी संपर्क से पूरी तरह खुद को किनारे रखेंगे। इनके भोजन, नाश्ते का भी पूरा इंतजाम विद्यालय परिसर में ही किया गया है। प्रवास के दौरान संघ प्रमुख, संघ के पदाधिकारियों को संगठन की आगामी कार्ययोजना के बारे में जानकारी देने के साथ उसके संचालन की रणनीति के गुण भी बताएंगे। भागवत पांच दिनों के प्रवास पर हैं और इस दौरान बाहर किसी कार्यक्रम में वे भाग नहीं लेंगे। सरस्वती विद्या मंदिर, चिउटहा में ही वह 16 जून तक प्रवास करेंगे और 17 जून की सुबह को वह गोरखपुर से रवाना हो जाएंगे।


**कार्यालयः-असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, लातेहार**
**Sadar Hospital Campus, Latehar.**
**E Mail ID: cslatehar@gmail.com.**

**अल्पकालीन ई-निविदा सूचना**

जिला लातेहार अंतर्गत विभिन्न स्वास्थ्य संस्थान यथा-सदर अस्पताल, लातेहार, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों के लिए वित्तीय वर्ष 2024-25 अंतर्गत Group A-चिकित्सीय आपूर्ति (दवा एवं उपचार सामग्री) तथा Group B- सामग्री आपूर्ति हेतु निबंधित निर्माता/प्रतिष्ठानों/ प्राधिकृत एजेंसियों से निम्नरूपेण ई-निविदा आमंत्रित किया जाता है।

(E-Tender Notice No. 01/2024 (Estb.)

| | Name of Work | Description |
|---|---|---|
| 1 | Group-A | Rate Contract for Medicine/ Upchar Samgri, |
| | Group-B | Rate Contract for Samgri Purtiya &Machine Equipment. |
| 2 | Date of Publication of Tender on Website | 13.06.2024 From 11:00 A.M |
| 3 | Last Date/time for Submission of bids (Online) | 28.06.2024 till 05.00 P.M |
| 4 | Bid Opening Date (Technical) | 29.06.2024 at 12.30 P.M (C.S. Office Latehar) |
| 5 | Bid Opening Date (Financial) | To be notified Later |
| 6 | Name & Address of office inviting tender (Procurement Officer) | Civil Surgeon Cum Chief Medical Officer, Sadar Hospital Campus, Latehar |
| 7 | Contact no. of procurement officer | 7903651269 |
| 8 | Helpline number. | 8541821680 |

उक्त निहित तिथि एवं समय पर जिला क्रय समिति (स्वास्थ्य) लातेहार द्वारा ई-निविदा, के तकनीकी भाग खोलते समय निविदादाता अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते हैं। ई-निविदाओं के तकनीकी मूल्यांकन के पश्चात् ही सफल निविदादाताओं का मूल्य भाग खोला जाएगा।

**Note: Further details can be seen, downloaded and applied through website http://jharkhandtenders.gov.in.**

PR 326243 Health Med Edu and Family Welfare(24-25)#D

Civil Surgeon Cum Chief Medical Officer, Latehar.



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल लातेहार**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0- : 01/2024-25**

1. विभाग का नाम :- भवन निर्माण विभाग
2. विज्ञापनदाता का नाम :- कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंड़ल, लातेहार
3. परिमाण विपत्र प्राप्ति हेतु आवेदन की अंतिम तिथि एवं समय :- 20.06.2024 के 1.00 बजे अपराह्ण तक ।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :- 21.06.2024 के 3.00 बजे अपराह्ण तक ।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :- 21.06.2024 के 3.30 बजे अपराह्ण तक ।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :- 1.अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं0-02 रॉची के द्वारा प्राधिकृत स्थान एवं प्रतिनिधि के द्वारा। 2. पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार। 3. सहायक अभियंता भवन अवर प्रमंड़ल, लातेहार के द्वारा प्राधिकृत स्थान पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार एवं प्रतिनिधि के द्वारा।
7. .निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :- 1. पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार। कार्य का नाम एवं अन्य सूचना :-

| क्र. सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि रु0 | अग्रधन राशि रु0 | परिमाण विपत्र का मूल्य रु0 | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. |
| 1 | लातेहार जिलान्तर्गत छिपादोहर थाना में (18x60) बैरक का निर्माण-01अदद -I | 24,13,800/ - | 48,500/ - | 5000/ - | 03 (T hree ) Months |
| 2 | लातेहार जिलान्तर्गत छिपादोहर थाना में (18x60) बैरक का निर्माण-01अदद-II | 24,13,800/ - | 48,5 00/ - | 5000/ - | 03 (Three ) Months |
| 3 | लातेहार जिलान्तर्गत छिपादोहर थाना में किचेन शेड का निर्माण- 01 अदद | 12,63,800/ - | 25,500/ - | 2500/ - | 03 (Three ) Months |
| 4 | लातेहार जिलान्तर्गत बरवाडीह थाना में (18x32) महिला बैरक का निर्माण- 01 अदद | 16,20,000/ - | 32,500/ - | 5000/ - | 03 (Three ) Months |
| 5 | लातेहार जिलान्तर्गत बरवाडीह थाना में (दस ब्लॉक) शौचालय का निर्माण- 01 अदद | 17,31,100/ - | 35,000/ - | 5000/ - | 03 (Three ) Months |
| 6 | लातेहार जिलान्तर्गत बरवाडीह थाना में (18x60) बैरक का निर्माण- 01 अदद | 24,13,800/ - | 48,5 00/ - | 5000/ - | 03 (Three ) Months |
| 7 | लातेहार जिलान्तर्गत मनिका थाना में (18x32) बैरक का निर्माण- 01 अदद | 16,20,000/ - | 32,500/ - | 5000/ - | 03 (Three ) Months |
| 8 | लातेहार जिलान्तर्गत मनिका थाना में किचेन शेड का निर्माण- 01 अदद | 12,63,800/ - | 25,500/ - | 2500/ - | 03 (Three ) Months |
| 9 | लातेहार जिलान्तर्गत बारेसाढ़ थाना में किचेन शेड का निर्माण- 01 अदद | 12,63,800/ - | 25,500/ - | 2500/ - | 03 (Three ) Months |
| 10 | लातेहार जिलान्तर्गत बारेसाढ़ थाना में (पाँच ब्लॉक) शौचालय+बाथरूम का निर्माण- 01 अदद | 11,47,900/ - | 24,000/ - | 2500/ - | 03 (Three ) Months |
| 11 | लातेहार जिलान्तर्गत गारू थाना में (18x32) महिला बैरक का निर्माण- 01 अदद | 16,20,000/ - | 32,500/ - | 5000/ - | 03 (Three ) Months |
| 12 | लातेहार जिलान्तर्गत गारू थाना में बाथरूम (पाँच ब्लॉक) का निर्माण- 01 अदद | 11,82,700/ - | 24,000/ - | 2500/ - | 03 (Three ) Months |
| 13 | लातेहार जिलान्तर्गत गारू थाना में (18x32) बैरक का निर्माण- 01 अदद | 16,20,000/ - | 32,500/ - | 5000/ - | 03 (Three ) Months |
| 14 | लातेहार जिलान्तर्गत अमझरिया पिकेट चंदवा थाना में शौचालय (पाँच ब्लॉक) का निर्माण- 01 अदद | 11,47,900/ - | 24,000/ - | 2500/ - | 03 (Three ) Months |
| 15 | लातेहार जिलान्तर्गत चंदवा थाना में किचेन शेड का निर्माण- 01 अदद | 12,63,800/ - | 25,500/ - | 2500/ - | 03 (Three ) Months |
| 16 | लातेहार जिलान्तर्गत सिकनी पिकेट चंदवा थाना में (18x32) बैरक का निर्माण- 01 अदद | 16,20,000/ - | 32,500/ - | 5000/ - | 03 (Three ) Months |
| 17 | लातेहार जिलान्तर्गत चंदवा थाना में मेन गेट का निर्माण। | 1,94,500/ - | 4,000/ - | 500/ - | 01 (One ) Months |
| 18 | लातेहार जिलान्तर्गत बालुमाथ थाना में (18x32) बैरक का निर्माण- 01 अदद | 16,20,000/ - | 32,500/ - | 5000/ - | 03 (Three ) Months |
| 19 | लातेहार जिलान्तर्गत नेतरहाट थाना में (18x60) बैरक का निर्माण- 01 अदद | 24,13,800/ - | 48,5 00/ - | 5000/ - | 03 (Three ) Months |
| 20 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड बारियातु के पंचायत गोनिया में उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय, गडगोमा में चाहरदिवारी निर्माण। | 4,85,700/ - | 10,000/ - | 750/ - | 03 (Three ) Months |

नियम एवं शर्त कार्यालय के सूचना पट्ट या **www.jharkhand.gov.in** पर देखें ।

कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंड़ल, लातेहार

PR 326261 Building(24-25).D




### मदद के लिए पहुंचे विदेश राज्यमंत्री कीर्तिवर्धन सिंह

# कुवैत अग्निकांड में भारत के 42 नागरिकों की मौत

एजेंसी

**कुवैत सिटी।** भारत के विदेश राज्यमंत्री कीर्तिवर्धन सिंह गुरुवार को कुवैत पहुंचे। यहां पर वह सबसे पहले अस्पताल गए। वहां उन्होंने अग्निकांड में झुलसे भारतीय नागरिकों से मुलाकात कर हालचाल जाना। उन्होंने कुवैत के विदेशमंत्री अब्दुल्ला अली अल याहया से मुलाकात की। याहया ने भरोसा दिलाया कि वे शवों को जल्द से जल्द भारत पहुंचाने में मदद करेंगे। कुवैत के अमीर शेख मेशाल अल-अहमद अल-जबर अल-सबा ने भारतीय नागरिकों के शवों को मातृभूमि पहुंचाने के लिए विमानों की तैयारी का आदेश दिया है। उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवारों को आर्थिक मदद भी दी जाएगी। अमीर की घोषणा की पुष्टि आंतरिक मंत्री शेख फहद अल-यूसेफ ने की है। उल्लेखनीय है कि कुवैत के मंगाफ शहर में एक बहुमंजिला इमारत में बुधवार को आग लगने से 49 लोगों की मौत हो गई। इनमें 42 भारतीय नागरिक हैं। इनमें केरल के 14 लोग शामिल हैं। छह मंजिला इमारत में लगी आग की लपटों में बड़ी संख्या में लोग झुलसे हैं। बताया गया है कि भारतीय राज्य केरल की स्वास्थ्यमंत्री वीना जॉर्ज भी कुवैत पहुंचने वाली हैं। वह आज ही भारत से कुवैत के लिए रवाना हुई हैं। भारत के विदेश मंत्रालय ने बताया कि झुलसे लोगों का इलाज कुवैत के पांच अस्पतालों- अदान, जाबेर, फरवानिया, मुबारक अल कबीर और जाहरा में चल रहा है। सभी की हालत पहले से बेहतर है। कुवैत में भारतीय दूतावास ने हेल्पलाइन नंबर 965-65505246 जारी किया है। अरब टाइम्स के अनुसार मरने वालों में 20 से 50 साल की आयु के बीच लोग है। इनमें ज्यादातर केरल और तमिलनाडु के हैं। सभी एनबीटीसी कंपनी में काम करते थे। भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निर्देश पर विदेश राज्यमंत्री कीर्ति वर्धन सिंह कुवैत पहुंचे हैं। अधिकारियों ने घोषणा की है कि हताहत कुछ लोगों की पहचान के लिए डीएनए परीक्षण कराया जाएगा। केरल के जो लोग हताहत हुए हैं, उनमें से कुछ की पहचान हो गई है। इनमें पंडालम के आकाश एस नायर (23), कोल्लम पूयाप्पल्ली के उमरुद्दीन शमीर (33), कोट्टायम पंपडी के स्टेफिन अब्राहम साबू (29), कुंडदुकम (कासरगोड के केआर रंजीत (34), कासरगोड के केलू पोनमलेरी (55), वजहमुट्टम (पथानामथिट्टा) के पीवी मुरलीधरन, पुनालुर (कोल्लम) के साजन जॉर्ज, वेलिचिकला (कोल्लम) के लुकोस (48), कोन्नी के साजू वर्गीस (56), तिरुवल्ला के थॉमस ओम्मन, धर्मडोम (कन्नूर) के विश्वास कृष्णन, कूटयी (तिरुर) मलप्पुरम के नूह, मलप्पुरम के एमपी बहुलायन और चंगनास्सेरी (कोट्टायम) के श्रीहरि प्रदीप हैं। हताहत अन्य भारतीयों की पहचान थॉमस जोसेफ, प्रवीण माधव, भूनाथ रिचर्ड रॉय आनंद, अनिल गिरि, मोहम्मद शरीफ, द्वारिकेश पटनायक, विश्वास कृष्णन, अरुण बाबू, रेमंड, जीसस लोपेज और डेनी बेबी करुणाकरन के रूप में हुई है।



अमीर ने पीड़ित परिवारों को आर्थिक सहायता देने की घोषणा की



भारतीय दूतावास ने हेल्प लाइन नंबर 965-65505246 जारी किया

### नागपुर की पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट 6 की मौत, 4 गंभीर

**मुंबई।** नागपुर जिले के धामना गांव की एक पटाखा फैक्ट्री में गुरुवार दोपहर जोरदार धमाके में चार महिलाओं समेत 6 की मौके पर ही मौत हो गयी। घटना में गंभीर रूप से घायल 4 अन्य लोगों को नागपुर के अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। नागपुर के पुलिस आयुक्त रवींद्र कुमार सिंघल के मुताबिक घटना की जांच की जा रही है। जानकारी के अनुसार नागपुर-अमरावती हाइवे पर नागपुर से 25 किमी दूर धामना गांव स्थित पटाखा फैक्ट्री चामुंडा एक्सप्लोसिव में दोपहर करीब बारह बजे अचानक भीषण विस्फोट हुआ। घटना में मौके पर ही छह लोगों की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए जिन्हें नागपुर के अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। मृतकों की पहचान प्रांजलि मोद्रे (22), प्राची फाल्के (20), वैशाली क्षीरसागर (20), मोनाली अलोन (27), पन्नालाल बंदेवार (50) और एक अन्य के रूप में की गई है। इस घटना में घायल शीतल चपत (30), दंसा मारास्कोल्हे (26), श्रद्धा पाटिल (22) और प्रमोद चावरे (25) का इलाज जारी है। चारों की हालत गंभीर बनी हुई है।

## राजनाथ सिंह ने दूसरी बार संभाला रक्षा मंत्री का कार्यभार

एजेंसी

**नई दिल्ली।** लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह ने गुरुवार को लगातार दूसरी बार रक्षा मंत्रालय का कार्यभार संभाल लिया है। 2019 से 2024 तक के सफल कार्यकाल के बाद उन्हें लगातार दूसरी बार रक्षा मंत्रालय सौंपा गया है। पिछली सरकार में राजनाथ सिंह ने 01 जून, 2019 को पहली बार रक्षा मंत्रालय का कार्यभार संभाला था। उत्तर प्रदेश के कद्दावर नेता राजनाथ सिंह का जन्म 10 जुलाई, 1951 को उत्तर प्रदेश के चंदौली जिले में हुआ था। उन्होंने गोरखपुर विश्वविद्यालय से भौतिकी में स्नातकोत्तर किया। वे पेशे से शिक्षक रहे हैं। वे 1977-1980 और 2001-2003 तक उत्तर प्रदेश विधान सभा के सदस्य रहे। वे 1991-1992 में उत्तर प्रदेश सरकार में शिक्षा मंत्री रहे। 1999 से 2000 तक वे केंद्रीय मंत्रिमंडल में भूतल परिवहन मंत्री रहे। बाद में 2000-2002 तक वे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे।

2003 में उन्होंने केंद्रीय मंत्रिमंडल में कृषि मंत्री के रूप में अपनी सेवा दी। वे 1994-1999 और 2003-2008 तक दो बार राज्यसभा के लिए चुने गए। 2009 में वे 15वीं लोकसभा के लिए चुने गए। उन्होंने 07 अक्टूबर, 2009 को आचार समिति के सदस्य के रूप में भी कार्य किया।



**रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनना हमारी प्राथमिकता और उद्देश्य**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को कार्यभार संभालने के बाद कहा कि रक्षा उत्पादन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनना, यह भारत के रक्षा क्षेत्र की महत्वपूर्ण प्राथमिकता और उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने के साथ-साथ भारत से रक्षा उत्पादों के निर्यात को भी बढ़ावा दिया जाएगा।

## उत्तर प्रदेश में 15 से 21 जून तक 'योग सप्ताह' का होगा आयोजन

*प्रदेश में 15 से 21 जून तक प्रत्येक जनपद में योग सप्ताह का आयोजन किया जाएगा।*

एजेंसी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने 21 जून को होने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को भव्य रूप से मनाए जाने के निर्देश दिए हैं। इस दौरान कार्यक्रम स्थलों के चयन को लेकर भी महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। स्थल चयन में प्राचीन सांस्कृतिक पर्यटन स्थल, ऐतिहासिक स्थान, नदियों, झीलों, तालाबों, अमृत सरोवरों को प्रमुखता दी जाएगी। इसके साथ ही पुलिस थानों, विद्यालयों और चिकित्सालयों में भी योगाभ्यास किया जाएगा।

प्रदेश में 15 से 21 जून तक प्रत्येक जनपद में योग सप्ताह का आयोजन किया जाएगा। योग सप्ताह का आयोजन समस्त जनपद मुख्यालय के अतिरिक्त तहसीलों, ब्लाकों एवं ग्राम पंचायतों में भी किया जाएगा। योग सप्ताह को लेकर हाल ही में मुख्य सचिव की अध्यक्षता में हुई समीक्षा बैठक में स्थलों के चयन में विशेष महत्व वाले स्थलों को प्राथमिकता दिए जाने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अनुसार सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम एवं अन्य गतिविधियों के लिए प्राचीन सांस्कृतिक पर्यटन स्थल, ऐतिहासिक महत्व के स्थान, प्रमुख नदियों, झीलों, तालाबों के किनारे, सभी अमृत सरोवरों एवं प्रमुख नैसर्गिक सौंदर्य से परिपूर्ण स्थलों को चयन में प्रमुखता दी जाएगी। समस्त प्राथमिक, माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में भी योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

यही नहीं, आरडब्ल्यूए (रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन), प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर, आयुष चिकित्सालय, 50 शैय्या वाले एकीकृत आयुष चिकित्सालय एवं आयुष हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में भी योगाभ्यास आयोजन किया जाएगा। एक अधिकारी ने बताया कि योग सप्ताह के लिए लोगों को जागरूक करने हेतु व्यापक पैमाने पर प्रचार-प्रसार पर भी जोर दिया गया है। सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि इस पूरे कार्यक्रम पर प्रदेश सरकार 4 करोड़ रुपए खर्च करेगी। मुख्यालय स्तर पर आयोजनों पर 1.12 करोड़ रुपए, कॉलेज स्तर पर आयोजन पर 9.5 लाख रुपए, जनपद स्तर पर आयोजन के लिए 2.63 करोड़ रुपए और उद्घाटन एवं समापन कार्यक्रम पर 15 लाख रुपए खर्च किए जाने का बजट प्राविधान किया गया है।



### सुप्रीम कोर्ट ने अन्नू कपूर की फिल्म 'हमारे बारह' की रिलीज पर लगाई रोक

**नई दिल्ली।** अन्नू कपूर स्टारर फिल्म 'हमारे बारह' विवादों में घिरी है। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को फिल्म 'हमारे बारह' की स्क्रीनिंग पर रोक लगा दी है। यह रोक तब तक रहेगी, जब तक कि बॉम्बे हाईकोर्ट की ओर से इसकी रिलीज को चुनौती देने वाली याचिका पर फैसला नहीं हो जाता। जस्टिस विक्रम नाथ की अध्यक्षता वाली सुप्रीम कोर्ट की वेकेशन बेंच ने हाईकोर्ट से केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) से दिए गए सर्टिफिकेशन को चुनौती देने वाली याचिका पर जल्द फैसला लेने का अनुरोध किया।

## इजरायल ने लेबनान में वरिष्ठ हिजबुल्लाह कमांडर की हत्या की पुष्टि की

*दक्षिणी लेबनान में हिजबुल्लाह के सबसे वरिष्ठ कमांडरों में से एक था।*

एजेंसी

**यरूशलेम।** इजरायली सेना ने पुष्टि की है कि उसने दो दिन पहले दक्षिणी लेबनान में हवाई हमले में वरिष्ठ हिजबुल्लाह कमांडर सामी तालेब अब्दुल्ला को मार गिराया। सेना ने बुधवार को एक बयान में कहा, हमले में हिज्बुल्लाह के नस्त्र यूनिट के कमांडर सामी तालेब अब्दुल्ला को मार गिराया गया। उसने कहा कि वह दक्षिणी लेबनान में हिजबुल्लाह के सबसे वरिष्ठ कमांडरों में से एक था। सिन्हुआ न्यूज एजेंसी ने बताया कि सेना ने हमले का वीडियो फुटेज जारी किया है, जिसमें एक इमारत पर बमबारी दिखाई गई है, जो सेना के अनुसार टायर जिले के जौइया शहर में हिजबुल्लाह का कमांड सेंटर थी। इस केंद्र का इस्तेमाल दक्षिण-पूर्वी लेबनान से इजरायल के खिलाफ हमला करने के लिए किया जाता था। 55 वर्षीय सामी तालेब अब्दुल्ला को हिजबुल्लाह में हज अबू तालेब के रूप में जाना जाता था। इजरायली सेना के अनुसार वो इसका कमांडर था। लेबनानी टीवी चैनल अल-जदीद ने अब्दुल्ला की मौत की पुष्टि की।



### पीएम ने जम्मू-कश्मीर के हालात पर एनएसए व अधिकारियों संग की बैठक

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को जम्मू-कश्मीर की सुरक्षा स्थिति का जायजा लेने के लिए बैठक की। बैठक में अजीत डोभाल और अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे । हाल ही में राज्य में आतंकी हमले हुए थे। रियासी जिले में हुए हमले में 9 तीर्थयात्रियों की मौत हुई थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को बैठक में आतंक विरोधी कार्रवाइयों की जानकारी दी गई। उन्होंने निर्देश दिए की आतंक विरोधी क्षमताओं को पूर्ण एवं व्यापक रूप से तैनात किया जाना चाहिए।

## 'प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना भारत का चेहरा बदलने में सहायक रही है'

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज गुरूवार (13 जून) को ग्रामीण विकास मंत्रालय की विभिन्न योजनाओं को लेकर समीक्षा बैठक की। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) की समीक्षा करते हुए मंत्री ने कहा कि यह योजना ग्रामीण भारत का चेहरा बदलने में सहायक रही है और विकसित भारत की प्राप्ति को सुविधाजनक बनाने के लिए इसे आगे बढ़ाने की जरूरत है। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अधिकारियों से कहा कि उनका प्रयास शत-प्रतिशत ग्रामीण बस्तियों को बारहमासी सड़कों से जोड़ने की दिशा में केंद्रित होने चाहिए। उन्होंने कार्यक्रम में जन प्रतिनिधियों की भागीदारी को मजबूत करने के लिए और कदम उठाने के निर्देश दिये।

## मनोज जारांगे ने सरकार को 13 जुलाई तक का वक्त देते हुए भूख हड़ताल वापस ली

एजेंसी

**मुंबई।** मराठा नेता मनोज जारांगे ने मराठा समाज को आरक्षण देने के लिए 13 जुलाई तक का वक्त देकर गुरुवार को अपनी 7 दिन पुरानी हड़ताल वापस ले ली है। जारांगे ने सरकार को चेतावनी दी कि अगर तय समय में मराठा समाज को आरक्षण नहीं दिया गया तो वे विधानसभा की सभी सीटों पर चुनाव लड़ेंगे। राज्य सरकार की ओर से मंत्री शंभूराजे देसाई के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल गुरुवार को जालना जिले के अंतरवाली सराटी गांव में जाकर मनोज जारांगे से मिला। मंत्री देसाई ने मनोज जारांगे से कहा कि सरकार मराठा समाज को आरक्षण देने के लिए सकारात्मक है, लेकिन दो महीने से चुनाव की वजह से कोई काम नहीं हो सका। इसलिए मनोज जारांगे सरकार को दो महीने का समय दें। मंत्री देसाई ने कहा कि शुक्रवार को ही वे संबंधित अधिकारियों की बैठक बुलाएंगे और कहां तक काम हुआ, इसकी जानकारी लेंगे।



**शपथ ग्रहण** — समारोह में अमित शाह सहित कई केंद्रीय मंत्री व मुख्यमंत्री हुए शामिल

# पेमा खांडू तीसरी बार बने अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री

एजेंसी

**इटानगर।** अरुणाचल प्रदेश के 11वें मुख्यमंत्री के रूप में भाजपा नेता पेमा खांडू को राज्यपाल केटी परनाइक ने पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। इसके साथ ही राज्यपाल परनायक ने 11 विधायकों को भी मंत्री पद की शपथ दिलाई। पेमा खांडू तीसरी बार राज्य के मुख्यमंत्री और चोना मीन को फिर से उपमुख्यमंत्री बनाया गया है। गुरुवार को डीके कन्वेंशन सेंटर में राज्यपाल केटी परनाइक ने सबसे पहले पेमा खांडू को अरुणाचल प्रदेश के 11वें मुख्यमंत्री के रूप में पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। इसके बाद 11 विधायकों को भी राज्यपाल ने मंत्री पद की शपथ दिलाई। पेमा खांडू के मंत्रिमंडल के कैबिनेट मंत्रियों में ब्यूराम वागे, न्यातो दुकम, गेब्रियल डी वांगशु, वांग्की लोवांग, पीडी सोना, मामा नातुंग, दासंगलू पुल, बालो राजा, केन्टो जिनी और ओजिंग टैसिंग को शामिल किया गया है।



**11 विधायक भी बने मंत्री, गण्यमान्यों ने दी बधाई**

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अरुणाचल के सीएम पेमा खांडू को बधाई दी, कहा- इससे देश आगे होगा**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज पेमा खांडू को अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने पर बधाई दी। प्रधानमंत्री ने शपथ लेने वाले अन्य मंत्रियों को भी बधाई देते हुए लोगों की सेवा करने के उनके भावी प्रयासों के लिए शुभकामनाएं दीं और कहा कि इससे भी तेज गति से विकास सुनिश्चित होगा। प्रधानमंत्री ने एक्स पर पोस्ट किया, अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने पर पेमा खांडू जी को बधाई। मैं उन सभी को भी बधाई देना चाहता हूं, जिन्होंने मंत्री के रूप में शपथ ली है। लोगों की सेवा करने के उनके भविष्य के प्रयासों के लिए मेरी शुभकामनाएं। यह टीम यह सुनिश्चित करेगी कि राज्य और भी तेज गति से विकास करे। उल्लेखनीय है कि आज पेमा खांडू ने तीसरी बार अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। उनके साथ ही 11 विधायकों ने भी मंत्री पद की शपथ ली।



**पेमा खांडू के लगातार तीसरी बार सीएम बनने पर जेपी नड्डा ने दी बधाई, बताया ऐतिहासिक क्षण**

पेमा खांडू ने गुरुवार को अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पद की शपथ ग्रहण कर ली। शपथ ग्रहण समारोह में चौना मीन ने अरुणाचल प्रदेश के उपमुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। बुधवार को भारतीय जनता पार्टी के विधायकों ने पेमा खांडू को विधायक दल का नेता चुना था। इस बैठक में केंद्रीय पर्यवेक्षकों- रविशंकर प्रसाद और तरुण चुग भी मौजूद थे। पेमा खांडू के शपथ ग्रहण समारोह में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और कई अन्य नेता मौजूद थे। भाजपा ने 60 सदस्यीय विधानसभा में 46 सीट पर जीत हासिल कर लगातार तीसरी बार अरुणाचल प्रदेश की सत्ता में वापसी की है। इस मौके पर भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने पेमा खांडू को बधाई देते हुए इसे ऐतिहासिक क्षण बताया। उन्होंने ट्वीट करके कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी मार्गदर्शन में पेमा खांडू के समर्पित और अभिनव नेतृत्व विकास की गति को तेज करेगा।



**कठुआ आतंकी हमला**

## जवान का पैतृक गांव में हुआ सैन्य सम्मान के साथ अंतिम संस्कार

एजेंसी

**छिंदवाड़ा।** जम्मू-कश्मीर के कठुआ में आतंकी हमले में बलिदान हुए जवान कबीर दास उईके का गुरुवार को उनके पैतृक गांव छिंदवाड़ा जिले पुलपुलडोह में राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। हजारों लोगों ने उन्हें नम आंखों से अंतिम विदाई दी। अंतिम यात्रा के दर्शन के लिए लोग घरों की छतों पर चढ़ गए। अंतिम संस्कार के समय सीआरपीएफ के आईजी सुखबीर सिंह सोढ़ी और डीआईजी नीतू सिंह भी मौजूद रहीं। वही, कलेक्टर शिलेंद्र सिंह, एसपी मनीष खत्री भी मौजूद थे।

बीते मंगलवार रात जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले के हीरानगर स्थित सैदा सुखल गांव में हुए आतंकी हमले में सीआरपीएफ जवान कबीर दास (35 वर्ष) गोली लगने से घायल हो गए थे, बुधवार सुबह इलाज के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली थी। कबीर दास मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा जिले की बिछुआ तहसील के ग्राम पुलपुलडोह के रहने वाले थे। वे 2011 में बतौर कॉन्स्टेबल सीआरपीएफ में शामिल हुए थे। उनकी चार साल पहले शादी हुई थी। परिवार में उनकी मां इंदरवति उईके, पत्नी ममता उईके, छोटा भाई हैं। उनकी दो बहनों की शादी हो चुकी है। पिता का निधन हो चुका है। शहीद कबीर दास उइके का पार्थिव शरीर पहले हवाई मार्ग से गुरुवार सुबह नागपुर पहुंचा और यहां से सेना के वाहन द्वारा सड़क मार्ग से पुलपुलडोह (मरजातपुर) लाया गया।